CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 22 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 251 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वाहनों में जातीय महिमामंडन के चिह्न हटें, स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठः हाईकोर्ट पेज 2



मिथुन मन्हास बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की दौड़ में आगे खेल टाइम्स



क्या अभी भी सच नहीं दिखाई दे रहा! सम्पादकीय



ब्रिटेन-कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को दी देश की मान्यता पेज 12

## हेयर ऑयल, साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल व टेबलवेयर पर जीएसटी घटकर 5 % हुआ

# बदला GST का गणित, 8 साल बाद बड़ा फेरबदल

## नवरात्रि से देश में जीएसटी सुधार का नया दौर होगा शुरू: प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 22 सितम्बर को सूर्योदय के साथ ही

**प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन**

जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। साथ ही पीएम ने जनता से अपील भी की।

उन्होंने कहा कि वही सामान खरीदें, जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो। पीएम ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा। नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। 22 सितम्बर को सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू हो जाएंगे। एक तरह से सोमवार से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजें खरीद पाएंगे। वन नेशन वन टैक्स पर 2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया। तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया, तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया। हमने स्टेकहोल्डर, राज्यों से बात की। हर समस्या का समाधान खोजा। वन नेशन-वन टैक्स का सपना साकार हुआ। गरीब, मिडिल क्लास पर पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आए ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख रुपये की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया, तो सोचिए मिडिल क्लास के जीवन में कितना बदलाव आया है। अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना-फिरना भी सस्ता होगा। सूक्ष्म और लघु उद्योग पर विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा।



**करोड़ों लोगों की बचत बढ़ेगी, जिससे वे पसंद की वस्तुएं खरीद सकेंगे, 99 प्रतिशत चीजें सस्ती: मोदी**

### आज से भाजपा का जीएसटी बचत महोत्सव

**नई दिल्ली।** देश में जीएसटी सुधारों के समर्थन में भाजपा ने अभियान चलाने की तैयारी की है। भाजपा 22 सितम्बर (आज) से जीएसटी बचत महोत्सव शुरू करने जा रही है। 29 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर भाजपा सांसद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाजारों में पैदल मार्च करेंगे।

## जीएसटी की नई दरें आज से होंगी लागू, सामान सस्ते होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पनीर से लेकर कार तक, टूथपेस्ट से लेकर दवाइयों तक आम लोगों के इस्तेमाल की लगभग सभी चीजें सोमवार (आज) से सस्ती हो जाएंगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में ऐतिहासिक सुधार करते हुए जीएसटी परिषद ने अधिकतर वस्तुओं पर करों की दर पांच प्रतिशत या शून्य कर दिया है। इसके परिणाम स्वरूप लोगों के पास खर्च करने के लिए ज्यादा बचत होगी और वे या तो इस पैसे को बैंकों को जमा करेंगे, निवेश करेंगे या अन्य वस्तुओं पर खर्च करेंगे। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

जीएसटी परिषद ने 3 सितम्बर के अपने फैसले में मुख्य स्लैबों की संख्या चार से घटाकर दो कर दी है। इसमें 28 प्रतिशत और 12 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त करने के बाद अब सिर्फ पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रह गए हैं। इसके अलावा खाने पीने की ज्यादातर चीजों पर

**पनीर, घी, शैंपू के साथ कार व एसी की कीमतें घटीं**

शून्य कर लगेगा, जबकि कुछ लग्जरी और हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। अब अल्ट्रा हाई टेंपरेचर (टेट्रा पैक) दूध, छेना, पनीर पर कोई कर नहीं लगेगा। सभी देशी रोटियों (चपाती, परांठा, रोटी आदि) पर जीएसटी दर शून्य होगी। तैंतीस जीवन रक्षक दवाओं को भी कर मुक्त रखा गया है। अन्य दवाओं पर पांच प्रतिशत कर हो गया है। व्यक्तिगत जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा को भी कर मुक्त कर दिया गया है। हेयर ऑयल, साबुन, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबलवेयर, किचनवेयर और अन्य घरेलू सामानों, पैकेज्ड नमकीन, भुजिया, सॉस, पास्ता, इंस्टेंट नूडल्स, चॉकलेट, कॉफी, संरक्षित मांस, कॉर्नफ्लेक्स, मक्खन, घी आदि जैसे लगभग सभी खाद्य पदार्थों पर जीएसटी घटकर पांच प्रतिशत हो गया है।

## आठ साल तक वसूली करने वाली सरकार जनता से माफी मांगे: खड़गे

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी सुधारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिक सेवा बताने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जीएसटी से आठ साल तक लूट मचाने के बाद अब सुधार लागू किए जा रहे हैं और इसके लिए मोदी सरकार को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद कहा कि नरेंद्र मोदी जी आपकी सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग नौ स्लैब से वसूली कर 'गब्बर सिंह टैक्स' लगाया और आठ साल में 55 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कर वसूले। अब आप 2.5 लाख करोड़ रुपये के बचत उत्सव की बात कर के जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंड ऐड लगाने की बात कर रहे हैं ! श्री खड़गे ने आठ साल

**कहा: मोदी सरकार ने गब्बर सिंह टैक्स लगाकर 55 लाख करोड़ से अधिक वसूले**

तक जीएसटी से वसूली के बाद नए सुधारों के सरकार के कदम को 'नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली' बताया और कहा कि जनता कभी नहीं भूलेगी कि आपने उनके दाल-चावल- अनाज, पेंसिल, किताबें, इलाज, किसानों के ट्रैक्टर - सबसे जीएसटी वसूला था। आपकी सरकार को तो जनता से माफ़ी मांगनी चाहिए।

### पितृ विसर्जन अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरिद्वार (ब्यूरो)।** पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर रविवार को हरकी पैड़ी सहित गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही हजारों की संख्या में लोगों ने गंगा स्नान कर अपने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और तर्पण अर्पित किया। मान्यता है कि पितृ विसर्जन अमावस्या वर्ष की सबसे बड़ी अमावस्या होती है। इसी दिन श्राद्ध पक्ष की पूर्णाहुति होती है और पितरों को विदाई देकर पितृलोक के लिए प्रेषित किया जाता है। हरिद्वार के सतीघाट, राजघाट, शीतला माता घाट, दक्षेश्वर महादेव मंदिर घाट, कुशा घाट, गणेश घाट और विशेष महत्व रखने वाली नारायणी शिला पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कर मोक्ष की कामना की।

### महाराष्ट्र डिप्टी सीएम शिंदे का एक्स अकाउंट हुआ हैक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट रविवार सुबह हैक कर लिया गया। हैकर्स ने उनके सोशल मीडिया हैंडल से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों की तस्वीरें पोस्ट कीं। शिंदे के कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को सूचना दी। उनकी टीम ने कहा कि शिकायत के बाद 30 से 45 मिनट के अंदर अकाउंट का कंट्रोल हमें वापस मिल गया। महाराष्ट्र साइबर सेल इस मामले की जांच कर रहा है और हैकिंग के पीछे के लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहा है।

### भारतीय नौसेना की पनडुब्बी का दिखा दम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में चल रहे बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास में भारतीय नौसेना ने अपना दम दिखाया। जहां भारतीय नौसेना अपने 17 साथी देशों के साथ मिलकर बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास एक्सरसाइज पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर25) की तैयारी कर रही है। इस अभ्यास का समुद्री चरण सिंगापुर में हो रहा है, जिसमें भारत की स्वदेशी बनी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार भी हिस्सा ले रही है।

## महाराष्ट्र के गरबा में गैर हिंदुओं की एंट्री पर रोक

नागपुर, वार्ता

**महाराष्ट्र में** विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि राज्य में गरबा कार्यक्रमों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की इजाजत होगी।

आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने की सिफारिश की गई है। विहिप ने कहा गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी। विहिप

**आयोजनों में एंट्री से पहले तिलक लगाकर हिंदू देवता की पूजा करनी होगी: विहिप**



ने गरबा आयोजकों से कहा कि नवरात्रि सिर्फ मौज-मस्ती का त्योहार नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है जहां भक्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए, गैर-हिंदू गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने चाहिए। बता दें कि इस साल नवरात्रि 22 सितम्बर से शुरू होकर एक अक्टूबर तक चलेगा। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति है। इसलिए केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं। नायर ने कहा कि यह सब इसलिए जरूरी है, ताकि इन आयोजनों में सिर्फ हिंदू ही शामिल हों और लव जिहाद का कोई मामला न हो। कुछ दक्षिणपंथी संगठन इसका इस्तेमाल मुस्लिम पुरुषों के जरिये हिंदू लड़कियों और महिलाओं के धर्मांतरण के प्रयास का आरोप लगाने के लिए करते हैं। महाराष्ट्र के मंत्री ने कहा कि आयोजकों को फैसला करने का अधिकार महाराष्ट्र में एक तरफ जहां विपक्ष ने विहिप और संघ पर ऐसे फरमान जारी करके समाज में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, वहीं महाराष्ट्र के मंत्री और सीनियर भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि आयोजक तय कर सकते हैं कि ऐसे आयोजनों में कौन शामिल होगा। बावनकुले ने कहा कि हर आयोजन समिति कुछ नियम तय करती है और उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। जब तक उनके पास आयोजन के लिए पुलिस की अनुमति है, तब तक कोई समस्या नहीं है।

### मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिलेगा

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादासाहेब फाल्के अवार्ड का ऐलान हो गया है। साल 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार और कम्प्लीट एक्टर कहे जाने वाले मोहनलाल को दिया जाएगा। भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने यह घोषणा की। मोहनलाल पिछले चार दशक से फिल्मों में सक्रिय हैं। मोहनलाल ने केवल मलयालम ही नहीं, तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। 1980 के दशक में मंजिल विरिंजा पूक्कल से करियर की शुरुआत करने वाले मोहनलाल ने लगभग 350 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है।

## भीड़ पर कंट्रोल: सोशल मीडिया से सड़क तक तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने भीड़ पर नियंत्रण के नए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। इनका फोकस विरोध प्रदर्शनों और बड़े आयोजनों पर है। इसमें कुम्भ जैसे मेले, खेल स्टेडियम, धार्मिक प्रोग्राम और बाबाओं के प्रवचन आदि शामिल हैं।

सांप्रदायिक दंगे, छात्र आंदोलनों और सोशल मीडिया से संचालित जनाक्रोश भी इसके दायरे में हैं। गृह मंत्रालय ने यह गाइडलाइन नई परिस्थितियों को देखकर बनाई है। सोशल मीडिया के दौर में अफवाहें बहुत तेजी से

**गृह मंत्रालय ने बनाई गाइडलाइन, भीड़ को रोकने, बांटने और घेरने के तरीके बताए**

फैलती हैं। भीड़ की नई मानसिकता पर रिसर्च किया गया है। इसी आधार पर 'क्राउड कंट्रोल एंड मास गैदरिंग मैनेजमेंट' दिशानिर्देश बने हैं। ये मानक इसलिए भी अहम हैं, क्योंकि सोशल मीडिया के बहकावे में अचानक प्रदर्शन भड़कते हैं। भारत के तीन पड़ोसी देशों (नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका) में ऐसी घटनाएं हुई हैं।

## नया H-1B वीजा शुल्क केवल नए आवेदकों पर होगा लागू: अमेरिका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** कार्यालय व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुन: प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने शनिवार को इस मामले से जुड़े भ्रम और चिंताओं को दूर करने के लिए यह स्पष्टीकरण जारी किया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह शुल्क रविवार से सिर्फ नए वीजा आवेदन पर लागू होगा,



नवीकरण वीजा और वर्तमान वीजा धारक इसके दायरे से बाहर रखे गए हैं।एच-1बी वीजा धारक देश से बाहर जा सकते हैं और पुन: प्रवेश कर सकते हैं, जैसा कि वे सामान्यत: करते आए हैं। यह सिर्फ एकमुश्त शुल्क है, जो केवल नए आवेदन पर ही लागू होगा है। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों

**एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुन: प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा**

को अत्यधिक कुशल विदेशी श्रमिकों को नौकरी देने की अनुमति देता है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदकों को प्रायोजित करने के लिए कम्पनियों द्वारा दी जाने वाली फीस को बढ़ाकर एक लाख डॉलर कर दिया गया है।

## सियासी मंदिरों में मत्था टेकने का मौसम शुरू

लखनऊ से तौसीफ़ कुरैशी

**लखनऊ।** वैसे तो 2027 अभी बहुत दूर है लेकिन सियासत के सरताज क्षेत्रीय छत्रप अपने सियासी आकाओं के दर पर मत्था टेकने का काम शुरू कर चुके हैं। लखनऊ की सियासी गलियां सियासत के मंदिरों में ऐसे सियासी सरताजों के मत्था टेकने की गवाही दे रही हैं।

यूपी की सियासत में बड़े पैमाने पर शह और मात का खेल चल रहा है। सत्ता पक्ष का ये प्रयास है कि विपक्ष को किसी भी सूरत में सत्ता के करीब नहीं आने देना है और विपक्ष की तमाम कोशिश है कि सत्ता पक्ष हर कीमत पर सत्ता से बेदखल हो जाए। इसी शह और मात को धार देने में हर दिन रणनीति बनाते दिख रही हैं। 2027 के इस सियासी संग्राम में किसके हाथ सत्ता की चाबी लगेगी, यही जोरआजमाइश होनी शुरू हो गई है। हालांकि अभी चुनाव बहुत दूर है, लेकिन फिर भी सियासत के लंबरदार अपने-अपने सियासी मुख्यालयों पर अपने सियासी आकाओं के साथ कार्यकर्ताओं का जमघट लगा रहे हैं। जननायक राहुल गांधी के कंधे पर सवार होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में 37 लोकसभा की सीटें जीतने वाली सपा कंपनी के सीईओ का नजरिया अभी से ही यह दर्शा रहा है कि जैसे उन्होंने मान लिया है कि 2027 में हम सत्ता में आ रहे हैं। ऐसी ही गलती उन्होंने 2022 में भी की थी, जिसका परिणाम सबने देखा, ऐसा ही नजरिया वह अब भी दर्शा रहे हैं, जबकि भाजपा को कमजोर मानना बबुआ की सबसे बड़ी भूल होगी, लेकिन ऐसा वह करते दिख रहे हैं, तो इसमें क्या कहा जा सकता है। वैसे सपा के मालिक हर रोज अपने क्षेत्रीय छत्रपों से बात कर फीडबैक ले रहे हैं और छत्रप भी उन्हें क्षेत्र की स्थिति से अवगत करा रहे हैं क्या होगा और क्या नहीं होगा। यह कहना अभी उचित नहीं है, लेकिन जो सियासी समीकरण बनते दिख रहे हैं, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सपा कंपनी का इस बात पर जोर है कि क्षेत्र में गुटबाजी कम से कम हो और प्रत्याशी चयन ठीक से हो जाए, उसके लिए सपा के मालिक के द्वारा जो फॉर्मूला अपनाया जा रहा है अगर उसी फॉर्मूले पर टिकटों का -**शेष पृष्ठ दो पर**

### सियासी शेर की आजादी से पहले दहाड़ होने लगी महसूस!

**लखनऊ।** यूपी की सियासत में अहम किरदार रखने वाले पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता आजम खां सिर्फ़ जाति से ही खान साहब नहीं है सियासत में भी खान साहब ही हैं। बात हम कर रहे हैं मोहम्मद आज़म खां की। सुना है कि वह जल्द ही जेल की सलाखों से बाहर आ सकते हैं। जब खान साहब अपने विरोधियों के कानूनी शिकंजे से आजाद हो जाएंगे, तो फिर शांत पड़ी यूपी की सियासत भी उछाले ना ले ये हो ही नहीं सकता है। वैसा ही हो भी रहा है, कहीं मंथन है, तो कहीं चिंतन है। इस बात के कयास लगाए जाने लगे हैं क्या जिनके सियासी षड्यंत्रों का शिकार हुए हैं। सियासत के खां साहब द्वारा उनसे सियासी बदला लिया जाएगा या नहीं और सियासत में ऐसा हो नहीं सकता कि सियासी शेर आजाद होने पर दहाड़ ना लगाए, उसी दहाड़ की दहशत महसूस की जा रही है और कहीं उनकी सियासी दहाड़ का लाभ होने की खुशी भी महसूस हो रही है। उनके अगले सियासी क़दम को लेकर अटकलें लगाए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। रावण खुश मौलाना बेचैन बबुआ उलझन में।

**यूपी में 2027 के लिए जोरआजमाइश शुरू**

## संक्षिप्त समाचार

### बकरी अनुसंधान केंद्र के विरोध में बीएचयू के प्रोफेसर धरने पर

**वाराणसी।** भगवान श्रीकृष्ण की पावन नगरी मथुरा में बकरी अनुसंधान केंद्र को बंद करने की मांग को लेकर रविवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के सहायक प्रोफेसर डा. सुनील कुमार गुरुधाम चौराहे पर धरने पर बैठ गए। डा. सुनील कुमार ने कहा कि मथुरा भगवान श्रीकृष्ण की नगरी है, जहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने दावा किया कि पवित्र नगरी में बकरी अनुसंधान केंद्र खोलने से नकारात्मक ऊर्जा फैलेगी। सनातन संस्कृति में बकरी को नकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि मथुरा की धरती गोपाल लीलाओं के लिए विख्यात है, जबकि बकरी को रक्तबीज के रूप में देखा जाता है। अनुसंधान केंद्र में प्रजनन जैसे कार्यों से नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। डा. कुमार ने मांग की कि मथुरा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को अनुसंधान के नाम पर खराब न किया जाए।

### नवरात्रि से पहले करीब 10,000 तीर्थयात्री वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में कटरा आधार शिविर से यात्रा फिर से शुरू होने के बाद से चार दिनों में लगभग 10,000 भक्तों ने श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह यात्रा 18 सितम्बर सुबह फिर से शुरू हुई थी, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उसी दिन स्थगित कर दी गई थी। एक दिन स्थगित रहने के बाद 19 सितम्बर को यात्रा फिर से शुरू हुई। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि लगभग 2,000-2,500 तीर्थयात्री प्रतिदिन मंदिर में दर्शन करते हैं।

### नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन के शुभारंभ पर बोले योगी

# जीएसटी रिफॉर्म से होगा नए रोजगार का सृजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से न सिर्फ जरूरी वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी बल्कि नए रोजगार का सृजन होने से युवाओं के सपने मूर्त रुप लेंगे।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देशवासी और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गई है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने



■ ये पीएम मोदी का देशवासियों को दिवाली गिफ्ट

वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गई है। यह घोषणा तीन सितम्बर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितम्बर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर खत्म हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से देश और प्रदेश का हर गरीब महंगाई से मुक्त और युवा सस्ते में शिक्षण सामग्री खरीद सकेगा। वहीं हर व्यक्ति की खरीद की क्षमता बढ़ेगी, बाजार की ताकत बढ़ेगी, नए रोजगार का सृजन होगा, व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पर भी मिलेंगे। ऐसे में हर प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म से अवगत कराना होगा। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर यानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में 'सेवा पखवाड़ा' मना रही है। इस सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त समाज' थीम के साथ किया।

### हमें फिर से विभाजित नहीं होना: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश 2047' पर मंथन किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने इस दौरान 'विकसित भारत' के लिए 'पंच प्रण' अपनाने का आह्वान किया, साथ ही कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण करना होगा। सीएम ने कहा कि यह देश विभाजित था, इसलिए गुलाम हुआ। हमें फिर से विभाजित नहीं होना है।

विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए पंच प्रण लेना होगा। यह पंच प्रण गुलामी की मानसिकता को खत्म करना, अपनी विरासत को बचाना, 140 करोड़ भारतीयों में एकता, अपनी सेना पर गर्व करना और अपने अंदर की हीन भावना का त्याग करना है। मंच से सीएम योगी ने कहा कि हमें शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्या सुझाव हो सकते हैं, उसे साझा करना होगा। हमें पिछले 5 वर्षों में क्या था, अगले 5 वर्षों में क्या हो सकता है, उसके 10 वर्ष आगे और क्या हो सकता है, उसे देखकर कार्य करना होग। हमें कैसे विकसित भारत की आधारशिला तैयार करनी है, उसे ध्यान में रखकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें पूरी भूमिका के साथ इस कार्य को आगे बढ़ाना है। मेरा यह मानना है कि सब कार्य संभव हो सकता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में नेक्स्ट टारगेट तय किया है कि हम 2029-30 में 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेंगे।

# वाहनों से जातीय महिमामंडन के चिन्ह हटें: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को वाहनों और सोशल मीडिया पर जातीय महिमामंडन के चिह्नों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया।

साथ ही कहा है कि सरकार स्कूलों में जातिवाद विरोधी पाठ और जागरूकता अभियान चलाए। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने शराब तस्करी मामले के आरोपी इटावा के प्रवीण छेत्री के खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया। हालांकि, पुलिस के दस्तावेज में जाति आधारित एंट्री को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। इससे पहले कोर्ट ने मार्च में डीजीपी से हलफनामा तलब कर पूछा था कि किस कानून में लिखा है कि पुलिस आरोपी की जाति पूछेगी। इस खबर को अमर उजाला ने छह मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। इसके बाद डीजीपी ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि



■ स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठ

जाति से लोगों की पहचान करने में मदद मिलती है। इस पर कोर्ट ने उनके तर्कों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा, अत्याधुनिक तकनीक के उपलब्ध रहते यह कुतर्क है। इस दौर में पुलिस के पास पहचान के लिए फिंगरप्रिंट, आधार, मोबाइल नंबर और माता-पिता के विवरण जैसे आधुनिक साधन उपलब्ध हैं। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह तत्काल पुलिस फार्म से अनुसूचित जाति/जनजाति संबंधित मामलों को छोड़कर अन्य की जाति और धर्म की प्रविष्टियां हटाए। जाति महिमामंडन वाले साइन बोर्ड भी थानों में नजर न आएं।

# नेहा राठौर को राहत नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करने के मामले में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली। कोर्ट की लखनऊ पीठ ने नेहा की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार चुनाव और हिंदू-मुस्लिम राजनीति से जुड़े अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आग्रह किया था।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने नेहा सिंह राठौर को 26 सितम्बर को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और पुलिस रिपोर्ट दाखिल होने तक जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि उनके खिलाफ लगे आरोप पहली नजर में संज्ञेय अपराध दर्शाते हैं, जिनकी पुलिस द्वारा जांच की जानी उचित है। अदालत ने कहा कि उनके ट्वीट्स का समय बेहद अहम है, क्योंकि वे पहलगाम हमले के तुरंत बाद पोस्ट किए गए थे। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया जाता है, जो एफआईआर के तहत लंबित है। वह जांच में सहयोग करने के लिए 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के सामने उपस्थित हो और पुलिस रिपोर्ट दाखिल होने तक जांच में सहयोग करती रहें। नेहा सिंह राठौर के खिलाफ लखनऊ के हजरतगंज थाने में अप्रैल में एफआईआर दर्ज हुई थी। उन पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ, जब उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी बिहार आए, ताकि पाकिस्तान को धमका सकें।

■ अपमानजनक टिप्पणी मामले में हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

### योगी सरकार सवर्णों को दे रही दलितों-पिछड़ों की नौकरियां: संजय सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नौकरियों में एक खास जाति को प्राथमिकता दिए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने योगी आदित्यनाथ की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भर्ती घोटाला हो रहा है। योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के हक की नौकरियां सवर्णों को दे रही है। वह इस भर्ती घोटाले की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने और आरक्षण को पूरी तरह लागू करने की मांग करते हैं। सिंह ने यहां जारी बयान में कहा कि बांदा कृषि विश्वविद्यालय में 15 पदों पर भर्ती हुई, जिसमें 11 ठाकुर, 2 सामान्य और 2 दलित-पिछड़ों को नौकरी मिली है। इसी तरह, लखीमपुर सहकारी बैंक में 27 पदों की भर्ती में 15 ठाकुर, 4 सामान्य और 8 पिछड़े-दलित-आदिवासी चुने गए। उन्होंने कहा कि खुद को पिछड़ों के नेता बताने वाले मोदी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक हड़पे जाने पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी भारत माता की जय के नारे लगाता हूं और भाजपा वाले भी।

# भाजपा राज में विदेश नीति का अकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा का शुल्क बढ़ाकर एक लाख डॉलर (भारतीय रुपयों में करीब 88 लाख) कर दिया है।

ट्रंप के इस फैसले के बाद से ही आईटी कंपनियों में काम करने वाले भारतीयों के बीच अफरा-तफरी का माहौल है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि भाजपा के राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। यादव ने रविवार को एक्स पर लिखा- भाजपा राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है। भाजपा सरकार न मनचाहे टैरिफ से बचा पा रही है और न मनमानी वीजा फीस से। न पड़ोसी देशों से संबंधों को और न गुटनिरपेक्षता की ऐतिहासिक नीति को। न प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी, जंजीर से और न ही सरेआम अपमान से। न विदेश में बसे भारतीयों को हिंसक हमलों से, न आंतकवाद पर किसी देश को साथ ला पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विदेश नीति को ताक पर रख दिया है। झूठी निकली हर बतिया, हुआ वीजा लखटकिया।



■ आईटी कंपनियों में काम करने वाले भारतीयों में अफरा-तफरी का माहौल

गौरतलब है कि प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अखिलेश यादव इन दिनों आक्रामक मुद्रा अपनाए हुए हैं। अखिलेश यादव प्रेस कांफ्रेंस व सोशल मीडिया के जरिए केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलने का कोई मौका नही चूक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि भाजपा सरकार में कमीशनखोरी की तरह कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है। युवाओं को नौकरियों के बदले लाठियां खानी पड़ी रही है, तो वहीं भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी सभी परेशान है।



सेंसेक्स 81785.74
निफ्टी 25069.20



सोना रु. 110420
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 130050
प्रति किलो



# बाजार पर दिखेगा वीजा शुल्क का दबाव

### निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में हुई प्रगति पर होगी

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में तीन सप्ताह की तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में एच-1बी वीजा शुल्क में बेतहाशा वृद्धि का असर दिखाई देगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एच-1बी वीजा शुल्क में कई गुना वृद्धि कर इसे एक लाख डॉलर कर दिया है। इसके अलावा निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में हुई प्रगति पर होगी।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इसी सिलसिले में सोमवार को अमेरिका जा रहे हैं। आने वाले सप्ताह में आईटी कंपनियों पर वीजा शुल्क का दबाव रह सकता है। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 721.53 अंक (0.88 प्रतिशत) की बढ़त में 82,626.23 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 213.05 अंक यानी 0.85 अंक की साप्ताहिक तेजी में सप्ताहांत पर 25,327.05 अंक पर बंद हुआ।



मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास जताया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.24 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 2.86 प्रतिशत की तेजी रही। सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयरों में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सप्ताह के दौरान 4.73 प्रतिशत और इटरनल का 4.70 प्रतिशत चढ़ गया। मारुति सुजुकी में 3.56 फीसदी, भारती एयरटेल में 3.06 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.95 फीसदी और एक्सिस बैंक में 2.77 फीसदी की तेजी रही। एलएंडटी का शेयर 2.69 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 2.52 प्रतिशत, सनफार्मा का 2.46, बीईएल का 2.42 और एनटीपीसी का 2.11 प्रतिशत मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा का शेयर 1.86 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.19 प्रतिशत, टीसीएस का 1.14 और टाटा स्टील का एक प्रतिशत की बढ़त में रहा। इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। नुकसान उठाने वालों में टाइटन का शेयर सबसे अधिक 2.92 फीसदी लुढ़का। एशियन पेंट्स में 2.34 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 1.07, बजाज फाइनेंस में 1.02 फीसदी और टाटा मोटर्स में 0.97 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 0.96 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईटीसी दोनों का 0.83 फीसदी, बजाज फिनसर्व का 0.71 फीसदी और पावर ग्रिड का 0.40 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में रहा।

### आज सोना और चांदी के भाव मात्र दस रुपये बढ़े

**नई दिल्ली।** देशभर में रविवार को पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव में आज शांति दिख रही है। जिसके बाद सोना 10 रुपए महंगा हुआ है., वहीं चांदी 10 रुपए महंगी हुई है.। इसी बीच आज येलो मेटल कहे जाने वाले सोने के शुरुआती कारोबार में 110420 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है, जबकि चांदी का भाव 130,050 रुपए प्रति 1 किलो रहा।

अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं तो कभी भी क्वालिटी से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। सोने की कीमतों में आए बदलाव पर नजर डालें, तो पांच कारोबारी दिनों में 10 ग्राम 24 कैरेट 500 रुपये के आस-पास महंगा हुआ है, लेकिन फिर भी ये अपने हाई से नीचे है। वहीं दूसरी कीमती धातु चांदी की बात करें, तो इसके प्रति किलो भाव में 1258 रुपये का उछाल आया है।

# चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़, चीनी भी नरम

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में तेजी रही। गेहूं की कीमत भी बढ़ गई। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया, जबकि चीनी में मंदी रही। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 83 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,842.74 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं चार रुपए महंगा होकर 2,863.02 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटे की कीमत 11 रुपए घट गई और सप्ताहांत पर यह 3,323.62 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 41 रुपए प्रति क्विंटल गिरी। मूंगफली तेल में 105 रुपए और पाम ऑयल में 35 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। सूरजमखी तेल 41 रुपए और सोया तेल 38 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति के भाव में टिकाव रहा। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत में 17 रुपए की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 46 रुपए और मूंग दाल की 42 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। वहीं, तुअर दाल 12 रुपए और मसूर दाल नौ रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 35 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए, वहीं चीनी में 13 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7838.89 रुपए, मसूर काली 8106.87 रुपए, मूंग दाल 10131.59 रुपए, उड़द दाल 10463.79 रुपए, अरहर दाल 10559.70 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2863.02 रुपए और चावल 3842.74 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.01 रुपए और गुड़ 5016.48 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सियासी मंदिरों में....**

वितरण किया गया, तो शायद परिणाम बेहतर रहे। सत्ता मिलेगी या नहीं मिलेगी यह कहना अभी जल्दबाजी होगी।आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा तेजी से काम करती दिख रही है। जैसे वह खुली बैठक में प्रत्याशी को लेकर एक राय बनाने की कोशिश करती दिख रही है। घोषणापत्र में क्या-क्या मुद्दे शामिल किया जाएं, क्षेत्रीय मुद्दे भी शामिल हो इस पर भी काम किया जा रहा है। ये फॉर्मूला सही तरीके से जमीन पर उतर जाने पर परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं और भाजपा को 2027 में विपक्ष की तरफ से बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वैसे देखा जाए, तो विपक्ष के सामने एक संकट भी मुंह बाए खड़ा है। सभी दलों में गठबंधन कैसे होगा, 2024 के हालात अलग थे, जब केंद्र सरकार बनने का मामला था। सपा के मालिक पर यह दबाव नहीं था कि उसको सरकार बनानी है, लेकिन 2027 राज्य में सरकार बनाने का मामला है। सपा कंपनी के द्वारा जरा सी चूक सपा को सत्ता से बहुत दूर ले जा सकती है ।इस लिए बहुत समझदारी से सबको साथ लेकर चलना होगा। विपक्ष के सामने सबसे बड़ी समस्या सरकारी मशीनरी भी है, जो भाजपा से लगाव रखती है। ऐसा विपक्ष मानता है उससे कैसे निपटा जाए। इसके लिए भी रणनीति बनानी होगी। विपक्ष को सत्ता के चक्रव्यूह से बचने के लिए सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक निर्णय लेने होंगे। जैसे समय रहते प्रत्याशियों का चयन करें, जिससे प्रत्याशी को अपनी पकड़ अंदर तक बनाने का उसे मौका मिले और प्रत्याशी चयन में इस बात का ख्याल रखा जाए कि प्रत्याशी गैरवाजिब न हो और जातीय समीकरण पर खास तौर से जोर दिया जाए।

### आज से रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सस्ता मिलेगा पानी

**नई दिल्ली।** जीएसटी की नई दरें रविवार को रात 12 बजे से लागू हो जाएगी। इसके साथ ही नवरात्र के पहले दिन यानि 22 सितंबर से इसका फायदा मिलने लगेगा।


जीएसटी घटने से कई उत्पादों के दाम घट जाएंगे। इसी कड़ी में रेलवे ने अपने बोतलबंद पेयजल ब्रांड रेल नीर की कीमत में एक रुपये की कमी की है। संशोधित कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी। इस बारे में रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि रेल नीर की सभी बोतलों में एक रुपये की कटौती की गई है। सभी जोनल रेलवे व भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को संबोधित परिपत्र में कहा गया है कि बोतलबंद पेयजल रेल नीर की अधिकतम खुदरा कीमत में संशोधन किया गया है।

# नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पीएम मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कदम: कैट

**नई दिल्ली, वार्ता**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा है कि उनके मार्गदर्शन में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कल से पूरे देश में लागू होने जा रहे हैं।

ये सुधार स्वतंत्र भारत के सबसे क्रांतिकारी कर सुधारों में से एक हैं, जिनका उद्देश्य छोटे व्यापारियों को सशक्त करना, उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना और देश की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर की दिशा में अग्रसर करना है। इन सुधारों से जहां देश के व्यापारी वर्ग को लाभ होगा, वहीं उपभोक्ताओं की बड़ी बचत भी होगी। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इन सुधारों के तहत करीब 400 वस्तुओं को 12 एवं 18 प्रतिशत के कर स्लैब से हटाकर पांच प्रतिशत के कर स्लैब में लाया गया है, वहीं 28 प्रतिशत के कर स्लैब को खत्म कर अधिकांश वस्तुओं को 18 प्रतिशत के कर स्लैब में लाया गया है। एक मोटे अनुमान के अनुसार इस साहसिक निर्णय से 15 से 20 प्रतिशत तक कीमतों में कमी आएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा तथा निश्चित तौर पर वस्तुओं का उपभोग भी बढ़ेगा जिससे व्यापार में भी बड़ी वृद्धि होगी।




### शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी से बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 1,18,328 करोड़ रुपए बढ़ गया, जबकि अन्य तीन के एमकैप में 22,095 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 35,953 करोड़ रुपए बढ़ा। इसके शेयर में 4-73 प्रतिशत की साप्ताहिक वृद्धि दर्ज की गई थी। भारती एयरटेल का एमकैप 33,215 करोड़ रुपए, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 17,389 करोड़ रुपए और टीसीएस का 12,952 करोड़ रुपए बढ़ गया।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तालाब में युवक का शव मिलने से सनसनी

## बहादराबाद जनपद हरिद्वार निवासी अंकुर के रूप में हुई मृतक की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत इंदिरा कॉलौनी के तालाब में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आकर जांच की तो पता चला कि मृतक युवक अंकुर पाल बहादराबाद हरिद्वार का रहने वाला है जिसके परिजनों को पुलिस ने सूचना देकर मुजफ्फरनगर बुलाया तो उन्होने पुलिस को जानकारी दी कि युवक नशा करने का आदी था।

इंदिरा कॉलौनी के तालाब में शव मिलने की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में एसओ सिविल लाइन पुलिस बल के साथ फ्रेंड्स कॉलौनी तालाब पर पहुंचे और उन्होने फोटोग्राफी कराने के बाद युवक के शव को बाहर निकलवाया। पंचनामा भरते समय मृतक युवक के कपडों से मोबाइल व आधार कार्ड भी मिला जिससे उसकी पहचान अंकुर पाल पुत्र जयवीर निवासी रामधन कॉलौनी बहादराबाद हरिद्वार के रूप में हुई। पिता का मोबाइल नम्बर मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के पिता को सूचना दी और उन्हे मुजफ्फरनगर बुलाया।

उन्होने बताया कि अंकुर ने उन्हे कहा था कि मैं मामा से मिलने जा रहा हूं, लेकिन उसका शव मिलने से पूरा परिवार गम में डूब गया। उसके मामा नरेन्द्र इंदिरा कॉलौनी के निकट ही सरवट पीर के पीछे रहते है। वह अपने मामा के यहां भी नहीं पहुंचा। पुलिस का मानना है कि नशे के कारण युवक तालाब से बाहर नहीं निकल पाया।



जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस सभी एंगिल पर जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतेजार कर रही है। परिजनों की ओर से तहरीर आने के बाद ही पुलिस अपनी जांच को आगे बढ़ाएगी।

## जीएसटी टीम ने लगाया 32 लाख का जुर्माना

**मुजफ्फरनगर।** जीएसटी की एसबीआई टीम ने बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र में छापा मारकर प्रिंस मेटल फैक्ट्री की छानबीन की तो जांच में 1.25 करो से अधिक के माल में हेर-फेर पाया गया। और बिल भी नहीं मिले। टीम ने 65.69 लाख रूपये का माल और 59.58 लाख रूपये से अधिक का माल पकडा। फैक्ट्री पर 32 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है। जीएसटी अधिकारी सिद्धेश दीक्षित के दिशा निर्देशन में जीएसटी अधिकारियों द्वारा प्रिंस मेटल एंड एलायं पर बेगराजपुर में जीएसटी की बड़ी छापेमारी, व्यापारी से 32 लाख का जीएसटी अधिकारियों द्वारा अनियमितताएं पाए जाने पर जुर्माना वसूला गया।



मुजफ्फरनगर: नवरात्रों की तैयारियों को बाजार में उमड़ी महिलाओं की भीड़।



मुजफ्फरनगर: नई मंडी पटेल नगर में रामलीला का उद्घाटन करते मंत्री कपिल देव व अन्य।



मुजफ्फरनगर: रामलीला में मंचन करते कलाकार।

## वाणिज्यिक विद्युत मेगा कैम्प 22 से 24 तक

■ मुजफ्फरनगर, जानसठ, पुरकाजी व मीरांपुर में लगेंगे कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल मुजफ्फरनगर के अधिक्षण अभियंता मनोज कुमार यादव ने बताया कि 22 सितम्बर से 24 सितम्बर तक वाणिज्यिक मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें एक ही स्थान पर उपभोक्ताओं को बिल संसोधन करने, नए संयोजन निग्रत करने, लोड बढ़ाना, मीटर बदलना, विद्युत बिल जमा कराने एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं के निस्तारण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कैम्प का समय प्रात: दस से शाम पांच बजे तक रहेगा। विद्युत नगरीय वितरण खण्ड टाउन हाल व विद्युत नगरीय खण्ड कार्यालय टिकैत विहार कॉलौनी परिक्रमा मार्ग पर यह शिविर 22 से 24 सितम्बर तक लगेगा, जबकि विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड जानसठ में 22 सितम्बर को, पुरकाजी में 23 सितम्बर को तथा मीरांपुर में 24 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। श्री यादव ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया वह विद्युत विभाग के वाणिज्यिक मेगा कैम्प का भरपूर लाभ उठाए। किसी भी समस्या होने पर अधिक्षण अभियंता से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# सदस्यता अभियान में बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर

■ लोकदल सदस्यता अभियान में युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोकदल ने अपने सदस्यता अभियान को गति देते हुए नगर कार्यकारिणी कार्यकारिणी के सदस्यता अभियान समारोह में अहम निर्णय लिए जिसमें बूथ स्तर से अभियान को और मजबूत करने की योजना बनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष संदीप मलिक, प्रदेश महासचिव हाजी जिया उर रहमान और प्रदेश महासचिव संजय राठी, मोनिका चौधरी सहित कई अन्य पार्टी पदाधिकारियो ने प्रमुख रूप से पार्टी के सदस्यता अभियान पर चर्चा की। संदीप मलिक ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान विशेष रूप से उस महान व्यक्तित्व के जन्मदिन से शुरू किया गया है,जिसने भारत को संविधान दिया। उन्होंने नगर कमेटी को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य को समय पर पूरा किया जाए और सदस्यता अभियान को गति दी जाए। हाजी जिया उर रहमान ने कहा कि हमें सबसे पहले अपनी बूथ कमेटी बनानी है और फिर प्रत्येक बूथ पर पार्टी की सदस्यता दिलानी है। इसके बाद यह अभियान नगर के प्रत्येक वार्ड में निरंतर चलाना होगा। जब हमारी बूथ कमेटी मजबूत होगी, तो पार्टी जमीनी स्तर पर और मजबूत बनेगी। प्रदेश महासचिव संजय राठी ने पार्टी के नगर पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि वे इस अभियान में पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ कार्य करें ताकि पार्टी के सच्चे और निष्ठावान सदस्य तैयार किए जा सकें। समारोह में नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा, नगर महासचिव कपिल सोम, उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अवनीश वर्मा, सचिव सचिन वर्मा, मुस्तफा मसूरी, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अशरफ, विनय शर्मा, इकराम सलमानी, माजिद प्रधान, रईस अंसारी, साजिद सैफी, चौधरी युधिष्ठिर मौजूद रहे। राहुल शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हाजी जिया उर रहमान और सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार जताया और सदस्यता अभियान के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

इस दौरान राहुल शर्मा नगर अध्यक्ष को बहुत-बहुत बधाई दी मीटिंग मे नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा नगर महा सचिव कपिल सोम प्रदीप शर्मा उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल उपाध्यक्ष अवनीश वर्मा मोहम्मद आरिफ मोहम्मद अशरफ सचिव सचिन वर्मा सचिव मुस्तफा मसूरी चौधरी युधिष्ठिर विनय शर्मा इकराम सलमानी माजिद प्रधान रईस अंसारी साजिद सैफीआदि कार्यकर्ता मौजूद है।

# नवरात्र आज से: श्रद्धालुओं ने की खास तैयारी

## रात्रि में रामलीला मण्डपों में जुट रही है श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पितृ अमावस्या पर पितरों को श्राद तृपन के साथ ही श्रद्धालु कल (आज) से शुरू होने वाली शारदीय नवरात्रि महोत्सव की तैयारियों में जुट गए। नौ दिन तक चलने वाली देवी पूजा के लिए श्रद्धालुओं ने जहां घटस्थापना के लिए जरूरी वस्तुओं की खरीदारी की वहीं नगर के देवी मंदिरों में इस बार भी पूजा अर्चना के लिए भव्य तैयारियां की गई है गांधी कालौनी वेष्णो देवी मंदिर के बाहर मेला लगना भी शुरू हो गया है। रात्रि में नगर में नौ से ज्यादा स्थानों पर श्री रामलीला का मंचन भी हो रहा जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक जुट रहे है। घटस्थापना का शुभ समय प्रात: 06 बजकर 09 मिनट से प्रात: आठ बजकर छह मिनट तक का बताया गया है। श्राद्ध खत्म होने के बाद ही अमावस्या की तैयारी के लिए शहर के बाजारों में महिलाओं और बुजुर्गों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सोमवार से नवरात्रि का शुभारंभ होने जा रहा है, जिसे लेकर महिलाओं में उत्साह देखा गया। बाजारों में पूजन सामग्री, कलश, मिटी की प्रतिमाएं, चुनरी, नारियल, लौंग, इलायची, कपूर, अगरवत्ती, दीपक सहित माता रानी का श्रृंगार और सजावटी सामान खूब खरीदा गया। दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ लगी रही और देर शाम तक रौनक बनी रही। माता के स्वागत के लिए महिलाओं ने घरों में साफ-सफाई व सजावट के साथ बाजार से विशेष श्रृंगार सामग्री भी जुटाई। नवरात्रि की तैयारियों में हर वर्ग उत्साह से शामिल हुआ। व्यापारियों के अनुसार इस बार पिछले वर्षों की तुलना में बाजारों में श्रद्धालुओं की उमंग से उत्सव का माहौल दिखाई दे रहा है। नवरात्रि में चूंकि श्रद्धालु व्रत रखते है जिस कारण बाजारों में फलों की मांग बढ़ गई है और इसी कारण फलों के रेट में भी वृद्धि हो गई है। जागरण पार्टियों के लिए बड़े पैमाने पर बुकिंग की गई है। रात्रि में भगवती जागरण करने वालों का कहना है कि उनके पास अब कोई भी बुकिंग की डेट खाली नहीं है। देवी मंदिरों में कीर्तन के लिए भी खांसे इंतेजाम किए गए है। आज पुलिस के दस्ते मंदिरों के आस-पास सक्रिय दिखाई दिए। बदलते मौसम के कारण डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में मच्छरों के कारण बुखार, दस्त आदि बीमारियां फैलती है जिस कारण लोग खानपीन में विशेष एतियात बरते।




मुजफ्फरनगर: राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी की सदस्यता दिलाते पदाधिकारी।

# मंसूरी एजुकेशनल सोसाइटी ने किया छात्र-छात्राओं का सम्मान

■ 120 छात्र-छात्राओं के साथ समाज में काम करने वाले सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मंसूरी एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक, स्वर्गीय साजिद मंसूरी के तत्वावधान में शहर के किदवईनगर स्थित मुगल गार्डन में सातवें वार्षिक छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 120 छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह में विशेष रूप से 5 महिला और 5 पुरुष सरकारी सेवकों तथा 5 हाफिजों का सम्मान किया गया, जो समाज में प्रेरणा स्रोत के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इस सम्मान समारोह का सुचारू संचालन आस मोहम्मद कैफ एवं वाजिद अली मंसूरी ने संयुक्त रूप से किया, जबकि अध्यक्षता हाफिज इसराइल मंसूरी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान से हुई। कारी दिलनवाज मंसूरी ने कुरान की आयत से माहौल को आध्यात्मिक और श्रद्धापूर्ण बना दिया।अध्यक्ष इंजीनियर आरिफ मंसूरी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति और युवाओं के विकास के लिए ऐसे आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनकी मेहनत का प्रतिफल है, बल्कि समाज के लिए उनके समर्पण का भी परिचायक है। साथ ही, उन्होंने सामाजिक एकता और युवा सशक्तिकरण के लिए संस्था की प्रतिबद्धता को दोहराया। महासचिव अजीम मंसूरी ने कहा कि इस तरह के सम्मान समारोह युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। यह हमारा दृढ़ संकल्प है कि मंसूरी समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान किए जाएं। हम उन बच्चों की हर प्रकार की समस्या का समुचित समाधान सुनिश्चित करेंगे, जिनके कारण वे अपनी पढ़ाई से वंचित रह रहे हैं। इस अवसर पर सन्नवर मंसूरी, महासचिव अजीम मंसूरी, सचिव आबिद मंसूरी, कोषाध्यक्ष साजिद मंसूरी, प्रवक्ता वसीम मंसूरी सहित कानूनी सलाहकार अमीर आलम मंसूरी, मुकीम मंसूरी, शादाब मंसूरी, शाहनवाज मंसूरी, नदीम मंसूरी, खुर्शीद मंसूरी, आजाद मंसूरी, वाजिद मंसूरी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हाजी इस्लाम मंसूरी , हाजी रहीस मंसूरी, हाजी वारिश मंसूरी, निसार मंसूरी, आबिद मंसूरी पलडा, अख्तर मंसूरी, इसरार मंसूरी, नसीम मंसूरी, मनव्वर मंसूरी, उमर एडवोकेट, अरशद मंसूरी, हाजी अरशद मंसूरी का सहयोग रहा।

## डल्लू देवता मंदिर में पितरों की पूजा कर किया भण्डारा

**मुजफ्फरनगर।** प्राचीन डल्लू देवता मंदिर पर पितृ अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुडी रही। बड़ी संख्या में लोगों ने यहां पहुंचकर अपने पितरों के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए पूजा अर्चना की और मोक्ष की कामना करते हुए भण्डारा किया।

रविवार को पितृ अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधी विधान से पितरों का तृपण किया और विशेष पूजा सम्पन्न कराई। श्रद्धालुओं ने अपनी पितरों की याद में भण्डारा किया मंदिरा प्रागंण में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया था धार्मिक माहौल में भजन कीर्तन गूंजते रहे। आयोजन समिति द्वारा आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद व जल पान की व्यवस्था भी कराई थी।

## समाज सुधार की ओर बढ़ाया सराहनीय कदम

# शेख मसूदी समाज ने दहेज-फिजूलखर्ची के खिलाफ उठाई आवाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाज में बढ़ती कुरीतियों और बच्चों में फैल रही फिजूलखर्ची की लत को लेकर शेख मसूदी बिरादरी ने चिंता जाहिर जताते हुए बैठक में समाज के जिम्मेदार लोगों ने ऐलान किया कि अब बर्थडे, शादी की सालगिरह जैसी रस्मों और शादियों में होने वाले दिखावे व बेहूदा खर्चों का बहिष्कार किया जाएगा।

बझेड़ी रोड स्थित हुसैनिया मदरसा में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अफसर मसूदी ने कहा कि आज अफसोस की बात है कि हमने सुन्नत और सादगी के रास्ते को छोड़कर दिखावे और नई रस्मों को अपनाकर खुद को परेशानियों में डाल लिया है। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा आज गरीब परिवारों के लिए सबसे बड़ी बाधा बन चुकी है, इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि एकजुट होकर इन बुराइयों को त्यागें और शिक्षित, सशक्त व दहेज मुक्त समाज का निर्माण करें। इस दौरान कारी इसरार, हाफिज जमालु, मोहम्मद हारुन, इसरार तेवड़ा, मोहम्मद शकील, इकराम, नाजिम, मुशर्रफ, यूनुस, इंतजार, मोहम्मद अखलाक, खलील अहमद और इरशाद सेदा सहित मौजूद लोगों ने कुरीतियों को जड़ से खत्म करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श समाज बनाने का संकल्प लिया।



# ज़हरीले सांप के डसने से युवक की मौत

## घटना की वीडियो हुई वायरल, परिवार में छाया मातम

■ घर के दरवाजे पर झूल रहे सांप को पकड़ना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे मंगल प्रजापति के घर शाम के समय घर के दरवाजे पर लगे पाइप पर झूल रहे सांप को देख महिलाएं डर गयी महिलाओ ने शोर मचाया तभी पास मे मौजूद एक युवक ने साहस दिखाकर सांप को पकड़ लिया इस दौरान सांप ने युवक को डस लिया युवक को अस्पताल ले जाया गया।जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक के परिजनों ने दूसरे पक्ष पर मोहित को बहका कर सांप पकड़वाने व युवक को घर से बाहर निकाल कर अकेला छोड़ देने के आरोप लगाते हुए थाना पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

थाना भोपा क्षेत्र के गांव मोरना मे गोगा जाहरवीर म्हाड़ी मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय मोहित उर्फ़ टिंकू मजदूरी का कार्य करता था। शनिवार की शाम वह गांव के ही मंगल प्रजापति के घर मे सांप पकड़ने चला गया जहां मोहित उर्फ़ टिंकू ज़हरीले सांप को पकड़ रहा था की इस दौरान सांप ने उसे डस लिया। इलाज के लिए उसे चिकित्सक के पास ले जाया गया किन्तु उसकी मौत हो गयी।

मृतक के भाई अमित कुमार ने थाने पर तहरीर बताया की मंगल प्रजापति के घर से दो व्यक्ति घर आये और भाई मोहित को बहका



कर अपने घर ले गये और घर से ज़हरीले सांप को पकड़वा दिया।इस दौरान सांप ने मोहित को डस लिया जिसके बाद आरोपियों ने मोहित को घर से बाहर निकाल कर छोड़ दिया। घर वालों कोई सूचना नहीं दी।देर से पता लगने पर मोहित को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। समय पर उपचार न मिलने से मोहित की मौत हुई है जिसके जिम्मेदार मंगल प्रजा. पति का परिवार है। थाने पहुंचे आसपा नेता संजय रवि,नवनीत, अनुज, विनोद, रोहित, संजय कुमार, आदि ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मृतक के परिवार मे माता मुकेश भाई अमित,रोहित व बहन शिवानी हैं।वहीं मंगल प्रजा. पति के परिवार ने वायरल वोडियो का हवाला देते हुए आरोप को निराधार बताते हुए घटना को एक हादसा बताया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया की मृतक को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# दूसरे समुदाय के कबाड़ी से शिव मंदिर धर्मशाला समिति की बंदरबांट

■ संयुक्त हिंदू मोर्चा ने पत्रकार वार्ता कर मंदिर कमैटी पर लगाए तीखे आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर** संयुक्त हिन्दू मोर्चा से जुडे मनोज सैनी, डा. योगेन्द्र शर्मा, रीना चमौली तथा पुजारी नारायण दत्त बसलियात के साथ ब्रहमपुरी निवासी सुशील त्यागी ने आज पत्रकार वार्ता कर आरोप लगाया कि उत्तरी घास मंडी स्थित प्राचीन शिवमंदिर के जीर्णाद्धार के नाम पर तथाकथित मंदिर कमैटी धोखाधडी कर अवैध वसूली कर रही है। जनता से लिये जा रहे दान की रसीद शिव मंदिर धर्मशाला समिति के नाम से दी जा रही है, जबकि कई दशकों से मंदिर की दुकानों से जो किराया वसूल किया जाता था, उसकी रसीद श्री शिव मंदिर सभा के नाम से दी जा रही थी। उन्होंने कहा कि मंदिर कमैटी के क्रियाकलापों की गहन जांच होना जरूरी है और आरोप लगाया कि मंदिर कमैटी मंदिर परिसर की जमीन पर दुकान व गोदाम बनाकर बेचने का प्रयास कर रही है, जिससे श्रद्धालुओं का भारी दिक्कते उठानी पड़ेगी। उन्होंने मंदिर परिसर में तीन पीढी के पुरो. हत परिवार को भी साजिश रच हटाने के प्रयास का आरोप लगाया और यह भी कहा कि मंदिर के एक कोने में स्थित जमीन को दूसरे समुदाय के कबाड़ी का अवैध कब्जा भी मंदिर कमैटी द्वारा कराया गया है। यदि उसे नही हटाया गया तो वह मंदिर की शेष जमीन पर भी कब्जा कर सकता है। कबाड़ी और उसके साथी गंदगी भी फैलाते है तथा सडक पर अवैध कब्जा भी किये हुए है। दुख की बात है कि मंदिर कमैटी इस पर कोई संज्ञान न लेकर दूसरे समुदाय के कबाड़ी को संरक्षण दे रही है।

# टायर पंचर की दुकान में अजगर निकलने से मचा हड़कंप

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के सठेड़ी गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक टायर पंचर की दुकान से अचानक अजगर निकल आया। घटना से गांव में दहशत फैल गई।गांव निवासी मोनू रविवार को करीब चार बजे गंगनहर नहर किनारे स्थित अपनी दुकान पर बाइक का पंचर जोड़ रहा था। इसी बीच वह औजार लेने के लिए दुकान के अंदर गया तो वहां अजगर देख उसके होश उड़ गए। मोनू ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। अजगर को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## सुदेश लाला और विनय प्रधान पैनल के बीच होगा मुकाबला

, **भोपा।** जनता इंटर कालेज की जनता हाई ग्राम शिक्षा सभा की कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर सुदेश लाला रहकडा व विनय प्रधान बेलडा के पैनल ने नामांकन किया। जिसमें सुदेश लाला रहकडा के पैनल को कुर्सी व विनय प्रधान बेलडा के पैनल को कार का चुनाव चिंह आवंटन किया गया है। 28 सितंबर को दोनों पैनल के के बीच मुकाबला होगा। चुनाव अधिकारी एवं चौधरी छोटू राम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह मलिक ने बताया कि रविवार को कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर दो गुटों ने नामांकन किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर रहकडा के सुदेश लाला व बेलडा के विनय प्रधान, उपाध्यक्ष पर सुरेंद्र राठी व जगपाल, सचिव पर देवराज पंवार निरगाजनी व आवेश भोपा, उप सचिव पर राजकन बेलडा व फुलेद्र टंढेडा, कोषाध्यक्ष पर अवनीश व विपिन अथाई, आडिटर पर ब्रहमसिंह, राजीव ने नामांकन किया। इसके अलावा दस सदस्य पदों पर पहले पैनल में देवेंद्र, प्रवेंद्र, विनय, नवीन, विजय, देवेंद्र, सुक्रमवीर, मंगत सिंह, योगेश, रविंद्र तथा दसरे पैनल में सुरेंद्र, ओमपाल, बिजेंद्र, अनुज, सचिन, राजेंद्र, सत्येंद्र, जयवीर, जितेंद्र, चंद्रदेव ने नामांकन किया। नामांकन पत्रें की जांच के बाद चुनाव चिह्व आवंटन किए गए। जिसमें सुदेश लाला रहकडा के पैनल को कुर्सी व विनय प्रधान बेलडा के पैनल को कार का चुनाव चिंह आवंटन किया गया है। 28 सितंबर को दोनों पैनल के बीच कडे मुकाबला के बीच मतदान होगा।

## पैंठ बाजार में जेबकतरों की मौज, 3 की जेबें कटी

**बुढ़ाना।** बीती शनिवार की देर सायं बुढ़ाना कस्बे के पैंठ बाजार में किसी अज्ञात जेबकतरे ने 2 दुकानदारों और एक महिला का पर्स साफ कर हजारों रुपये अपने कब्जे में कर लिए। महिला तो रोने लगी। उसका खाली पर्स पैंठ बाजार में ही पडा मिला। इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के भारत टाकिज के समीप हर शनिवार के दिन पैंठ बाजार लगता है। बीते दिन किसी अज्ञात जेबकतरे ने पैंठ में सब्जी की अस्थाई दुकान लगाने वाले बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा निवासी अनस पुत्र सलीम की जेब काटकर एक हजार रुपये की नगदी साफ कर दी। इसके अलावा अन्य सब्जी दुकानदार कर्बला रोड निवासी एक वृद्ध की जेब से भी करीब 05 हजार रुपये की नगदी साफ कर दी। एक महिला का पर्स गायब कर उसमें रखी नगदी साफ कर दी। महिला को जब पर्स गायब होने का अहसास हुआ तो वह रोने लगी। तलाश करने पर उसका पर्स सड़क पर खाली पड़ा हुआ मिला। इस मामले में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गयी।

## तीन युवक किशोरी को लेकर फरार

**छपार।** एक नाबालिग किशोरी को गांव के ही तीन युवक बहका फुसलाकर भगा ले गये। किशोरी के पिता ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार को उसकी पत्नी व पुत्री रात्रि में घर में सोई हुई थी। रात्रि में अचानक ही उसकी पत्नी की आंख खुली तो उसने देखा कि पुत्री वहां नहीं है घर में तलाश किया उसके बाद बाहर देखा कहीं पता न चलने पर गांव के कुछ युवकों ने बताया कि तीनों युवक उसे बहका फुसलाकर कर लें गये है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मुख्य अभियंता ने किया मध्य गंगा बैराज के अफलक्स बंध का निरीक्षण

**मीरापुर।** मुख्य अभियंता, मध्यगंगा अलीगढ़ तथा अधीक्षण अभियंता, मध्यगंगा नहर निर्माण मंडल प्रथम मेरठ ने रविवार को चौधरी चरण सिंह मध्य गंगा बैराज, बिजनौर के बायें अफलक्स बंध पर चल रहे फ्लड फाइटिंग कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंध की मौजूदा स्थिति को संवेदनशील लेकिन सुरक्षित बताया और उपस्थित अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गौरतलब है कि लगभग पंद्रह दिन पूर्व गंगा बैराज से रावली की ओर जाने वाला यह तटबंध गंगा नदी के तेज बहाव के कारण खिसक गया था। इसके चलते आसपास के गांवों का संपर्क बाधित हो गया था तथा बैराज पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से रोक दिया गया था। स्थिति गंभीर होने पर बिजनौर व मुजफ्फरनगर प्रशासन



की संयुक्त टीमों ने तत्काल मौके पर मोर्चा संभाला और दिन-रात कार्य शुरू किया। तटबंध को बचाने के लिए प्रशासन ने बड़े पैमाने पर बोरियों में मिटी डालकर, पेड़ की जड़ों, लोहे के जाल तथा अन्य संसाधनों का उपयोग कर बांध को मजबूती प्रदान की। लगातार प्रयासों के चलते बांध टूटने से बच गया और खतरा टल गया। निरीक्षण के दौरान अभियंताओं ने कार्य की गति और गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात और गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए लगातार निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुदृढ़ीकरण का कार्य समय पर किया जाए। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि बंध की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए टीम चौबीसों घंटे सक्रिय रहेगी।

# चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुबोध त्यागी ने किया लैब का उद्घाटन

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र की सफीपुर पटी मंदवाडा रोड पर स्थित शिक्षण संस्था एमएमए एकेडमी के पास रविवार की सायं शुरू की गयी रिसर्च पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन श्रीमती उमा त्यागी के प्रतिनिधि सुबोध त्यागी ने सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी मे अपने कर कमलों के द्वारा फीता काटकर किया।

इस दौरान उन्होंने यहां पर इस लैब के आनर अयान सिद्दीकी और जैद राणा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको यहां पर आने वाले सभी मरीजों की जांच की सही रिपोर्ट बनाने की बात कही। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से मोबीन सैफी, राशिद रंगरेज, इनाम अहमद, भारतीय किसान यूनियन युवा नगर



अध्यक्ष शाहवेज राणा, समीर सिद्दीकी, मौसम सिद्दीकी, डाक्टर शमीम अहमद आदि गणमान्य लोग मोजूद रहे।

# शिवपाल यादव के आने पर दो गुटों में बंटी सपा

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव बुढ़ाना क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर सहित कई जगहों पर पहुंचे।

जहां पर उनका समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी के नेतृत्व में कार और बाइकों पर सवार सैंकड़ों कार्यकताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। यहां पर प्रमोद त्यागी के सभी समर्थकों ने शिवपाल यादव, अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी जिंदाबाद व मुलायम सिंह यादव अमर रहे के नारे गर्मजोशी से लगाए।

दूसरी और सपा शिवपाल यादव के आगमन पर यहां सपा दो गुटों में बंटी नजर आई। ऐसा जिले के एक सबसे वरिष्ठ पदाधिकारी के कारण हुआ इसको लेकर गली गलियारों में जोरदार चर्चा फैली है। पूर्व की भांति इस बार भी पहल करते हुए वे बुढ़ाना क्षेत्र में प्रमोद त्यागी के समर्थकों को नजर अंदाज करते हुए शिवपाल यादव का स्वागत बायवाला चेक पोस्ट पर





खड़े होकर अपने चुनिंदा समर्थकों के साथ करके गुटबाजी को पूरी हवा देने का काम कर गये तो प्रमोद त्यागी के समर्थक भी कम नहीं निकले उन्होंने भी सपा के इस पदा. धिकारी से भी बड़ा काफिला प्रमोद त्यागी का दिखाकर प्रमोद त्यागी का कद शिवपाल यादव की नजरों में भी ऊंचा कर दिया। पूर्व सांसद कादिर राणा और सपा के कद्दावर नेता अब्दुल्ला राणा भी प्रमोद त्यागी के साथ में खड़े दिखाई दिए हालांकि प्रमोद त्यागी ने गुटबाजी से साफ इंकार किया है लेकिन चर्चा जो चली है वह यही है कि इस पदा. धिकारी का रवैया बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सपा कार्यकर्ताओं के लिए सही नही है। वे सिर्फ बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में अगर हैं तो सिर्फ अपनी बिरादरी के लिए ही हैं अन्य अपनी गैर जाति के सपा कार्यकर्ताओं से उनको कोई भी मतलब नही है और ये आज दिखाई भी दिया। उधर प्रमोद त्यागी के नेतृत्व में बुढ़ाना कस्बे का कुरैशी समाज भी शिवपाल यादव के स्वागत में भारी संख्या में दिखाई दिया। कुल मिलाकर अगर इसी तरह से दो गुट बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में रहे तो सपा का विधायक पद का जो भी उम्मीदवार यहां पर घोषित होगा वो कैसे सीट निकाल पाएगा यह सोचने वाली बात है। इस गुटबाजी के बारे में जब सपा जिला अध्यक्ष से बात करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## ग्राम पंचायत कुतुबपुर में बाल सभा का आयोजन

**मीरापुर।** ग्राम पंचायत कुतुबपुर में वार्ड सदस्य रवि शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष बाल सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभा के दौरान बच्चों को ग्राम पंचायत की संरचना, उसकी कार्यप्रणाली और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई, ताकि वे बचपन से ही जागरूक नागरिक बन सकें। बच्चों के उत्साह को बढ़ाने के लिए विभिन्न बाल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार एवं मिष्ठान वितरित किए गए। इस अवसर पर वार्ड सदस्य रवि शर्मा ने कहा कि बच्चों को ग्राम पंचायत और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है, ताकि उनमें जिम्मेदारी और सहयोग की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# सामाजिक संस्थाओं ने लगवाया दर्द निवारण कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे की मास्टर कॉलोनी में स्थित राष्ट्रीय इंटर कालेज में आज रविवार के दिन दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए एक निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। हरियाणा राज्य से आए योग विशेषज्ञ आचार्य बलदेव ने आयुर्वेदिक वन औषधि छड़ी से मरीजों का उपचार किया। निर्विका फाउंडेशन बुढ़ाना, नव पंख वेलफेयर सोसाइटी झज्जर, प्रगति एजुकेशन सोसायटी एवं राष्ट्रीय लोकदल की राष्ट्रीय महासचिव अनुपमा चौधरी के संयुक्त सौजन्य से निशुल्क दर्द निवारण परंपरागत आयुर्वेदिक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कंधे, कमर, घुटनों और एड़ी आदि के दर्द से परेशान 100 से भी अधिक मरीजों का उपचार किया गया। हरियाणा के झज्जर से आए योग विशेषज्ञ आचार्य बलदेव ने आयुर्वेदिक वन औषधि छड़ी से मरीजों का उपचार किया। अनीता, संतोष, विकास, गौरव और सोनू आदि मरीजों ने बताया कि





आयुर्वेदिक वन औषधि छड़ी से स्पर्श करते ही उन्हें तुरंत दर्द से राहत महसूस दी। हरियाणा के आयुष विभाग में योग विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत आचार्य बलदेव ने बताया कि भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा भी उन्हे प्रमाण पत्र दिया गया है। स्लिप डिस्क, आर्थराइटिस, साइटिका आदि में शरीर के दर्द वाले हिस्से पर इस आयुर्वेदिक वन औषधि छड़ी के स्पर्श करते ही दर्द में आराम मिल जाता है। कैंप को सफल बनाने में प्रवीण आर्य, पिंकी चौधरी, गौरव राठी, ऊषा राठी, ज्योति पंवार और सागर पंवार का सहयोग रहा।

# शिक्षकों का टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विकास खंड नूरपुर, बुढ़नपुर एवं अल्हैपुर के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से धामपुर में एकत्र होकर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले विधायक अशोक कुमार राणा के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 01 सितम्बर को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया आदेश शिक्षकों के हित में नहीं है। इस आदेश के अनुसार प्रदेश के पूर्व में नियुक्त एवं कार्यरत शिक्षकों को पुन: टीईटी परीक्षा में सम्मिलित होने की बाध्यता उत्पन्न हो गई है। यह न केवल अनुचित है, बल्कि प्रदेश के लाखों शिक्षकों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

संघ ने यह मांग रखी कि केंद्र



सरकार संसद में आवश्यक संशोधन कर इस आदेश के प्रभाव को समाप्त करे, ताकि पूर्व में चयनित और कार्यरत शिक्षकों को राहत प्रदान की जा सके। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अर्चना सिंह एवं ब्लॉक मंत्री जयसिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नजमा खातून, जिला उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, बिजनौर ने कहा कि यह संघर्ष केवल शिक्षकों का ही नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की लड़ाई है।

# ट्रक चोरी की सूचना पर तीन हिरासत में

**खतौली।** शनिवार को खतौली क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब हापुड़ निवासी एक ट्रक मालिक ने अपने वाहन की चोरी की आशंका जताते हुए डायल-112 पर सूचना दी। कुछ ही मिनटों में पूरे इलाके की पुलिस हरकत में आ गई और चारों ओर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया। कुछ ही देर में पुलिस ने ट्रक समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली पर लाकर बैठा दिया। जानकारी के अनुसार, हापुड़ निवासी ट्रक मालिक का वाहन खेड़ी कुरैश गांव निवासी चालक के पास था। चालक ट्रक में पशुओं का चारा (कुटा) भरकर गांव पहुँचा था। इस बीच ट्रक मालिक ने जब चालक से फोन पर संपर्क साधने की कोशिश की तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। कई बार प्रयास करने पर भी कॉल न लगने से मालिक को आशंका हुई कि कहीं ट्रक चोरी तो नहीं हो गया। घबराए मालिक ने तत्काल डायल-112 पर सूचना देकर वाहन बरामद कराने की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही खतौली कोतवाली पुलिस अलर्ट हो गई। सीओ रामआशीष यादव के निर्देशन में पुलिस की कई टीमों ने तलाश अभियान शुरू किया। आसपास के मार्गों पर बैरियर लगाकर चेकिंग की गई और गांव-गांव पुलिस ने दबिश दी। कुछ ही समय बाद पुलिस ने गांव भैसी डक से संदिग्ध हालात में खड़े ट्रक को बरामद कर लिया। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिक. ारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला ट्रक चोरी का नहीं बल्कि मोबा. इल स्विच ऑफ होने से फैली गलतफहमी प्रतीत हो रहा है। फिर भी पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर हर पहलू की जांच की जा रही है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद ने बताया किष्ट्रक पूरी तरह सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है।

## दबंगों ने महिला को गलत नीयत से दबोचा

**बुढ़ाना।** पिता पुत्रों ने एक महिला के साथ रेप करने का प्रयास किया और विरोध करने पर उसके पति को बलकटी मारकर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम राजपुर छाजपुर निवासी एक युवक ने बताया कि उसके गांव के पिता-पुत्र शहजाद व उसका पुत्र रिजवान आदि दबंग हैं। जो किसी न किसी के संग झगडा करते रहते हैं। रिजवान उसकी पत्नी पर गंदी नजर रखते हुए आये दिन उसके साथ छेडछाड करता है। 19 सितम्बर की सायं उसकी पत्नी घर पर थी और वो बाहर था और अपने घर जा रहा था तो उसने देखा की रिजवान उसकी पत्नी के साथ गंदी नीयत से जबरदस्ती कर मारपीट कर रहा है तो उसने भागकर अपनी पत्नी को बचाना चाहा तो रिजवान भाग गया। कुछ देर बाद वह अपने घर से बलकटी, अपने भाई व पिता को लेकर आया और मारपीट करने लगे। पिता-पुत्रों ने बलकटी से उसकी हत्या का प्रयास किया।

# सर्राफ को लूटने वाला ईनामी लुटेरा मुठभेड़ में जख्मी

**बुढ़ाना।** एक सप्ताह पूर्व सर्राफा व्यापारी दादा-पौत्र को अपने 02 अन्य साथियों के साथ तमंचे के बल पर लूटने वाला तीसरा लुटेरा भी बुढ़ाना पुलिस ने आज रविवार की दोपहर एक मुठभेड़ के जरिए गोली मारकर दबोच लिया। 05 दिन पूर्व ही इस घायल लुटेरे के दोनों साथी भी पुलिस ने एक मुठभेड़ मे पकड़कर जेल भेज दिए थे। बताया जाता है कि एक सप्ताह पूर्व दादा पौत्र सर्राफा व्यापारी को 03 तमंच. धारी लुटेरों ने उस समय लूट लिया था जब वे दोनों बुढ़ाना से अपनी दुकान पर गांव हबीबपुर सीकरी जा रहे थे। मौके पर एसएसपी संजय कुमार यादव भी आए थे और बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। जिसमें पुलिस ने पांच दिन पहले ही 02 लुटेरों को मुठभेड़ में दबोचकर लूट का कुछ माल बरामद किया था। इनमें एक बदमाश पुलिस की गोली से जख्मी भी हुआ था जबकि तीसरा लुटेरा फरार हो गया था। पुलिस मुठभेड़ में तीसरा लूटेरा भी जख्मी हुआ है। जिसने अपना नाम पुलिस टीम को शादाब बताया है। पुलिस ने इसके पास से अवैध तमंचा, कारतूस, खोखा व लूटी गयी कुछ चांदी भी बरामद की है। फरार लुटेरे पर पुलिस ने 20 हजार रुपये का इनाम रखा था। लुटेरे को सीएचसी भेजा गया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भूलवश प्रियंका बंसल अंकित हो गया। मेरा असली नाम प्रियंका है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**प्रियंका पत्नी मधुरम बंसल**
**314 , पटेलनगर**
**नई मंडी मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मौ.बिलाल व पुत्रवधु मन्तशा पत्नी मौ.बिलाल मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नही रहे है। मन्तशा अपने मायके वालो के कहने सुनने में है। मैने अपने पुत्र बिलाल व पुत्रवधु मन्तशा की नाजायज हरकतो को देखते हुए मैने उन्हे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर परिवार के अन्य सदस्यों ने उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। यदि भविष्य में मेरे पुत्र व पुत्रवधु किसी से कोई लेनदेन या झगडा फिसाद करते है तो वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की उनके किसी भी कृत्य अपकृत्य या लेन देन की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**गुलफाम अहमद पुत्र स्व. श्री मौ.मुस्ताक निवासी- 1840**
**शाहबुददीनपुर रोड लद्दावाला**
**थाना कोतवाली नगर**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिताजी का नाम LAEK AHMAD है तथा मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी आई.डी.में मेरे पिताजी का नाम LAEEQ AHMAD है। मेरे पिताजी को LAEEQ AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाता है। LAEK AHMAD (लईक अहमद ) व LAEEQ AHMAD ये दोनों नाम मेरे पिताजी के ही है।

**कमरूज्जमा पुत्र श्री लईक अहमद**
**निवासी ग्राम दधेडू खुर्द तहसील व**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# नई मंडी श्री रामलीला का 99वें महोत्सव का हुआ भव्य उद्घाटन

**मुजफ्फरनगर** श्री रामलीला कमेटी नई मंडी के तत्वाधान में श्री रामलीला भवन नई मंडी में 99वॉ श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी एवं उद्यमी निरंकार स्वरूप वह कौस्तुभ स्वरूप डायरेक्टर टिकोला शुगर मिल द्वारा पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि निरंकार स्वरूप ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबको मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलना चाहिए उन्होंने नई मंडी श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल मंत्री अशोक गर्ग कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया व उनकी पूरी टीम को श्री रामलीला के मंचन को 99 वर्ष होने पर बधाई दी उद्घाटन अवसर पर सनी जैन भी अपनी पत्नी सहित उपस्थित रहे उनको भी श्री रामलीला का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल ने बताया कि ईश्वर श्री रामलीला का मंचन बहुत ही उच्च कोटि के कलाक. ारों द्वारा किया जा रहा है सभी भकतजनों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में रामलीला का मंचन देखने के लिए अवश्य आए श्री रामल. ीला कमेटी सभी आने वाले भजनों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करती है तत्पश्चात श्री गिरिराज लीला संस्थान मथुरा के कलाकारों द्वारा श्री रामलीला का भव्य मंचन किया गया जिसमें नारद मोह एवं शिव पार्वती संवाद का भव्य मंचन किया गया मंच संचालन स्वदेश कौशिक द्वारा किया गया श्री रामलीला में इस वर्ष आए रामायणी जी द्वारा



अपनी शब्दावली से सभी भकतजनों को मंत्रमुग कर दिया इस अवसर पर कैलाश चंद ज्ञानी, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, राकेश खंडेलवाल, विदित गुप्ता, राजेश गोयल, शरद गोयल, अभिषेक कुच्छल, संजय जिंदल काका, कुलदीप शर्मा, विवेक बंसल, डॉ प्रदीप जैन, विशाल कालरा विनय कुमार आशीष गर्ग राजकुमार आदि उपस्थित रहे

# हथियार सप्लाई करने आए दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**खतौली।** ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत खतौली पुलिस ने रविवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कुख्यात बदमाशों को दबोच लिया। दोनों बदमाश अवैध पिस्टल की सप्लाई करने आए थे। मौके से दो पिस्टल और खाली मैगजीन बरामद हुई।

पुलिस को शनिवार की देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि खतौली क्षेत्र में दो बदमाश अवैध हथियार सप्लाई करने आ रहे हैं। सूचना पर सीओ राम आशीष यादव और कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के निर्देशन में टीम गठित की गई। उपनिरीक्षक आरिफ अली, मनोज, कांस्टेबल नवीन व बलबीर की टीम ने मोहद्दीनपुर रजवाहे के पास चेकिंग शुरू की।चेकिंग के दौरान एक फॉर्च्यूनर कार आते दिखाई दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो कार सवार बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर कार को घेराबंदी कर रोक लिया। तलाशी के दौरान वाहन से दो युवक पकड़े गए।गिरफ्तार युवकों ने अपना नाम प्रियांशु त्यागी पुत्र रजनीश त्यागी निवासी सीकरी कला, मोदीनगर और मुकुल पुत्र सुशील निवासी ख्रष्णा नगर, मोदीनगर बताया। तलाशी में उनके पास से दो पिस्टल और खाली मैगजीन मिली।पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों बदमाश अवैध हथियारों की सप्लाई का काम करते हैं। बीती रात भी वे किसी को पिस्टल बेचने आए थे।

## मामूली कहासुनी में हुआ खूनी संघर्ष
# युवक पर धारदार हथियार से हमला, हालत नाजुक

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सराय रसूलपुर गांव में रविवार सुबह मामूली साइड लगने का विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। रास्ते में बाइक सवार से कहासुनी होने पर एक युवक पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। गंभीर हालत में घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी टीपू पुत्र मोहम्मद इस्लाम सुबह अपने मेडिकल स्टोर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बाइक सवार आतिफ ने उन्हें साइड मार दी, जिससे टीपू सड़क पर गिर पड़े। जब टीपू ने विरोध जताया तो दोनों में बहस हो गई। आरोप है कि इसी बीच आतिफ ने गाली-गलौज शुरू कर दी और परिजनों के साथ मिलकर टीपू पर हमला बोल दिया। पीड़ित के अनुसार, ग्राम प्रधान तैयब समेत आतिफ, आसिफ, नईम अख्तर और आसीम ने लाठी-डंडों से पिटाई करने के साथ ही धारदार हथियार से वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से टीपू को सीएचसी लाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल के भाई जावेद ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### सीएचसी पर होने वाले शिविर की तैयारियां हुई पूर्ण

**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ाना पर सोमवार की सुबह 10 बजे पूर्व विधायक उमेश मलिक के कर कमलों द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का भव्य उद्घाटन किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर मुज़फ्फरनगर से आने वाली विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ग्रामीण जनता को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार प्रदान करेंगी।

कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। रक्तदान महादान है यह न केवल जीवन बचाने का पुनीत कार्य है बल्कि समाज के स्वास्थ्य और सुरक्षा में अमूल्य योगदान है।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी एएनएम, सीएचओ एवं आशा संगिनी व अन्य समस्त स्टाफ को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने अपने क्षेत्र से कम से कम एक रक्तदाता को साथ लेकर शिविर में अवश्य उपस्थित हों तथा क्षेत्रवासियों से भी अपील है कि वह कैंप का लाभ उठाने के साथ साथ अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने का कष्ट करें।घ्यह शिविर सशक्त नारी सशक्त समाज अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति को जागरूक करते हुए समाज में स्वास्थ्य, सेवा और समर्पण का संदेश देना है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ाना आप सभी से अपील करता है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचकर इस पुनीत कार्य में भागीदार बनें। यह जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर प्रणव तेवतिया ने मीडिया को रविवार को दी है।

# किसान पदयात्रा को रोकने सीमा पार सकौती पहुंचा प्रशासन
## किसान नेताओं और प्रशासन में जमकर नोकझोंक, कई गांवों में पुलिस तैनात

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) की हरिद्वार से दिल्ली तक चल रही पदयात्रा शनिवार रात खतौली पहुंची। किसान नेता नवीन मंडी में रुके और रविवार सुबह दिल्ली के लिए रवाना हुए। यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी और राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी नरेश पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने कहा कि इस पदयात्र का उद्देश्य किसानों को जागरूक करना और उनकी मांगों को मनवाना है। उन्होंने कहा, हम दिल्ली जाकर अपनी मांगों को मनवाकर ही वापस लौटेंगे। जिस देश का किसान खुशहाल होता है, वही देश प्रगति करता है। स्व. चौधरी चरण सिंह हमेशा कहते थे कि देश की तरक्की का रास्ता खेत-खलिहानों से होकर गुजरता है।इस बीच, मेरठ में राज्यपाल के आगमन की सूचना पर प्रशासन ने यात्रा को रोकने के निर्देश दिए। खतौली एसडीएम राजकुमार, सीओ रामआशीष यादव और कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल टीम के साथ सकौती बॉर्डर पर पहुँचे और किसानों से वार्ता की। काफी नोकझोंक के बाद यात्रा को मेरठ की ओर जाने दिया गया। यात्र को लेकर जब खतौली प्रशासन लौट रहा था, तभी मेरठ जिले के दादरी गांव में गुर्जर समाज की पंचायत के दौरान अचानक पथराव हो गया। सूचना मिलते ही खतौली के प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुँचे। जांच में पता चला कि पथराव करने वाले कुछ शरारती युवक खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांवों से थे। इसके बाद प्रशासन ने पिपलहेड़ा और टीटोडा गांव में जाकर जांच की। टीटोडा में आयोजित रागिनी कार्यक्रम में भी पुलिस टीम ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को शांति बनाए रखने की हिदायत दी। गांवों में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सूत्रें के अनुसार, दादरी गांव में गुर्जर समाज की पंचायत बिना अनुमति के की जा रही थी। पुलिस द्वारा रोकने पर कहासुनी के बीच कुछ लोगों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। अफरातफरी के बीच खतौली पटवारी विपिन मोतला भी बाल-बाल बच गए।



# नवरात्रि पूजन का मिलता है विशेष लाभ

**( भाग्य शर्मा )**

**शाहपुर।** दुर्गा पूजा हिंदू धर्म के सबसे पावन और पवित्र त्योहारों में से एक है। इसकी तैयारी में लोग महीनों पहले से लगे होते हैं। इस साल नवरात्र के शुरुआत 22 सितंबर से हुई हैं। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में मां दुर्गा के अलग अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। मां दुर्गा को अम्बा, चंडी, काली , चंद्रिका, दुर्गा के अलावा महिषासुरमर्दिनी नाम से भी पुकारा जाता है। वैसे तो नवरात्र पूरे देश में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन बंगाल, झारखंड, उड़ीसा, असम में इसकी अलग ही रौनक देखने को मिलती है। जगह जगह माता के पंडाल लगाए जाते हैं, जहां लाखों की संख्या में भक्तगण माता के दर्शन करने आते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर नाम का एक राक्षस था। कठोर तप करके महिषासुर ने ब्रह्मा जी को प्रसन्न कर लिया था। महिषासुर की तपस्या से खुश होकर ब्रह्मा जी ने उसे



अमर होने का वरदान दे दिया। ब्रह्मा जी से मिले वरदान के कारण महिषासुर का अत्याचार दिनों दिन बढ़ने लगा। एक रोज महिषासुर ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया उसके अत्याचार से परेशान होकर देवताओं ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश का आह्वान किया। ब्रह्मा ने महिषासुर को वरदान दिया था कि कोई भी पुरूष या देव उसका वध नहीं कर सकता। ऐसे में ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने आदि शक्ति का आह्वान किया जिसके बाद मां आदिशक्ति देवी दुर्गा का रूप में प्रकट हुई। नौ दिनों तक देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच भयंकर युद्ध हुआ। 10वें दिन मां दुर्गा ने दुष्ट राक्षस महिषासुर का वध कर दिया। जिसके उपलक्ष्य में हर साल नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है।?

# रामजन्म व ताड़का वध की रामलीला का हुआ मंचन

**भोपा।** जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में युवा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित श्री रामलीला में कलाकारों ने श्रवण मरण, रामजन्म व ताडका वध की रामलीला का मनोहारी अभिनय किया। जिसे देखने के लिए आस पास के गांवों से भी अनेक लोग पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।भोपा में अंग्रेजी शासन काल से श्री रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी के संरक्षक अमरपाल सैनी , अध्यक्ष अनिल कांत शर्मा, डायरेक्टर शुभम शर्मा व तरूण प्रधान के संयोजन में शनिवार की रात्रि में श्रवण मरण, रामजन्म व ताड़का वध की रामलीला का मनोहारी मंचन किया गया। ताडका की भूमिका कार्तिक व श्रीराम का किरदार भानु शर्मा व लक्ष्मण का किरदार आशीष सैनी ने किया। जग्गेवर वालिया ने दशरथ तथा मनोज शर्मा ने विश्वामित्र का रोल अदा किया। श्रवण का रोल प्रेम सागर व माता-पिता का अभिनय अंकित व शुभम ने किया। रामलीला को देखने के लिए आस पास के गांवों से भी अनेक लोग पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।



### क्यूआर कोड से रुपये निकालने की कोशिश नाकाम

**बुढ़ाना।** एक पैट्रोल पम्प से अज्ञात युवक ने क्यूआर कोड से रकम निकालने की भरपूर कोशिश की लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका। इस मामले में बुढ़ाना पुलिस को अज्ञात युवक के खिलाफ एक तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गयी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार त्यागी फ्यूल स्टेशन बड़ौत रोड बुढ़ाना की और से बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए बताया गया कि हमारे पैट्रोल पम्प त्यागी फ्यूल स्टेशन बडोत रोड बुढाना पर बीती 20 सितम्बर की रात्रि लगभग 12 बजे कुछ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पम्प पर अपने क्यूआर कोड को लगाकर पैमेंट प्राप्त करने की कोशिश की। क्यूआर कोड पर रिन्कू कुमार नाम प्रदर्शित हो रहा है। रिंकू नामक युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गयी है। उधर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन का आज अन्तिम दिन

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के सभी ई-रिक्शा चालकों को सूचित किया जाता है कि जिनकी ई-रिक्शा की फिटनेस वैध है, वह रूट प्राप्त करने के लिए अपना आवेदन 2 सितम्बर एवं 22 सितम्बर तक अवश्य यातायात कार्यालय, रिजर्व पुलिस लाइन, मुजफ्फरनगर पर कर ले। दिनांक 02.10.25 के बाद बिना फिटनेस और बिना रूट वाली ई-रिक्शा शहर के नगरपालिका क्षेत्र में नही चला पाएंगें।

### एमएलसी वोट बनवाने को भाजपाइयों ने बनाई रणनीति

**बुढ़ाना।** बुढ़ाना डाक बंगले पर भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक का सफल आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक विधान परिषद के चुनाव के लिए सभी विद्यालयों में सम्पर्क कर अपने उम्मीदवार को भारी मतों से जिताने के लिए वोट बनवाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया। बैठक मे मुख्य अतिथि के रुप में पधारे भाजपा जिला संयोजक शिक्षक एमएलसी अशोक कंसल ने कार्यकताओं को वोट बनवाने का तरीका बताया और कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से ही भारतीय जनता पार्टी का सन 2027 विधानसभा का सेमी फाइनल है। इसलिए सभी कार्यकर्ता बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक वोट बनवायें। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर में विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा वोट बनेंगी। पहले चुनाव में भी सबसे ज्यादा वोटें इसी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में बनी थी और सबसे अधिक वोटें डाली गयी थी। इस दोरान प्रधानाचार्या शैलजा सिंह ने भी अपने विचार रखें। यहां पर मुख्य रूप से भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमेन विनोद सैनी, भारतीय जनता पार्टी मंडल बुढ़ाना के अध्यक्ष मोनू ठाकुर, तेलूराम कश्यप, पवन वर्मा, चौधरी सहदेव सिंह, मनीष त्यागी, मुकेश शर्मा, सोनू, महेश ठाकुर, शेखर वाल्मिकि, राहुल मलिक, कुलदीप शर्मा और आदि भाजपा कार्यकर्ता मोजूद रहे।

### दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जानसठ।** रविवार को जानसठ तहसील क्षेत्र के गांव खलवाडा में एक रोमांचक दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांव के प्रधान पद के प्रत्याशी नारायण आर्य ने 1600 मीटर की इस दौड़ का आयोजन तीन अलग-अलग आयु वर्गों में कराया, जिसमें 10 से 12 वर्ष, 13 से 15 वर्ष और 15 वर्ष से ऊपर के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 10 से 12 वर्ष की श्रेणी में यश ने प्रथम, मयंक ने द्वितीय और ओम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, तों वहीं 13 से 15 वर्ष के वर्ग में आर्यन प्रथम, भावेश द्वितीय और अभय तृतीय रहे। 15 वर्ष से ऊपर के युवाओं में मनु ने बाजी मारी और पहला स्थान हासिल किया, जबकि छोटन दूसरे और केशव तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान विजेताओं को आयोजकों के द्वारा पुरस्कार के रूप में एक-एक देसी घी का डिब्बा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अजीत आर्य, कमल आर्य, मोहित आर्य, अमरदीप आर्य, डॉ. धर्मवीर, भूषण आर्य, प्रीत आर्य और आनंद आर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने आयोजित इस प्रतियोगिता की सराहना की और उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव में खेल भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है और गांव से नई प्रतिभाएं निकाल कर सामने आती है।

### किसी अन्य के खाते में गन्ना भुगतान करने पर किसान परेशान

**छपार।** खाईखेडी उत्तम शुगर मिल में एक किसान का कृषक कोड को किसी अन्य के खाते से जोड़कर भुगतान करना दिया गया। पीड़ित किसान ने सहकारी गन्ना समिति तितावी के सचिव व मिल के गन्ना कार्यालय में तैनात सुमित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है ओर जांच कर भुगतान दिलाने की मांग की है। गांव तेजलहेडा निवासी किसान विकुल खाईखेडी उत्तम शुगर मिल में लगातार वर्षा से गन्ना बेचता है उसका वहां कृषक कोड 94 है उसने बताया कि सहकारी गन्ना समिति तितावी के माध्यम से भुगतान होता है जब उसका भुगतान नहीं आया तो 19 अगस्त को एक शिकारी पत्र समिति में दिया फिर भी भुगतान नहीं मिला उसके बाद जानकारी मिली कि उसका कृषक कोड किसी अन्य के खाते से जोड़कर भुगतान किया गया जिसकी जानकारी गन्ना मिल को दी गई। पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया कि 10 मार्च 2021 के बाद सत्र 24-25 का गन्ना भुगतान नहीं मिला वह समिति व मिल के चक्कर काटता रहा कोई रास्ता न निकलने पर पीड़ित ने सहकारी गन्ना सचिव व मिल कार्यालय में तैनात तेजलहेडा निवासी सुमित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई ओर मामले की जांच कर भुगतान दिलाने की मांग की है।

### नगर की राजनीति में सभी के चहेते बन रहे किसान नेता

**चरथावल।** नगर की राजनीती मे जहाँ काफ़ी उठा पटक देखने को मिल रही हेस हालांकि अभी नगर पंचायत के चुनाव मे ढाई साल से ज्यादा का वक्त बचा हुआ हे और जनता अभी निकाय चुनाव का इंतजार कर रही हे वही नगर की राजनीती मे एक बहुत ही मजबूत चेहरा बनकर किसान यूनियन टिकेत से जुड़े अभिषेक बंशल युवाओं सहित हर वर्ग की पसंद बनते नजर आ रहे हेस वही जहाँ अभिषेक बंशल किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष भी रह चुके हे और किसानो सहित गरीबो,मजलूमो, पीड़ितों की हर लड़ाई मे सबसे आगे रहते हे वही नगर मे स्मार्ट मीटर रुकवाने का कार्य हो या फिर थाने, चकबंदी, गन्ना समिति या फिर किसी के उत्पीड़न का कार्य हो नगर की जनता अभिषेक बंशल को सबसे पहले याद करती हे इसके अलावा किसान नेता अभिषेक बंशल ने जहाँ अनेको लोगो की मदद करते हुए उन्हें उत्पीड़न से बचाया वही नगरवासियो मे आपस मे चल रहे जमीनी विवादों को निपटाकर उनमे फैसले कराने के अभिषेक बंशल के कार्यो की नगरवासी जमकर सराहना करते नजर आ रहे हे हालत यह हे की अभिषेक बंशल द्वारा किसी का भी सरकारी अस्पताल का कार्य हो या आपसी विवाद हो सभी मामलो मे अभिषेक बंशल की अहम भूमिका रहती हे और नगर की जनता लगातार किए जा रहे जनहित के कार्यो से अभिषेक की जमकर सराहना कर रही हे और कह रही हे की नगर की जनता को अभिषेक के रूप मे बहुत ही मेहनती और कर्मठ नेता मिला हे और आगामी नगर निकाय के चुनाव मे भी अभिषेक बंशल बड़े ही मजबूत चेहरे के रूप मे उभर सकते हे और सबसे खास बात यह हे की अभिषेक बंशल जाति धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गो के लोग उनसे जुड़ रहे हे और वह किसानो सहित हर वर्ग की जमकर सेवा कर रहे है।

# पीडीए पंचायत शिक्षक सम्मान समारोह में दिखी भारी भीड़

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के कस्बा शाहपुर में स्थित कल्पना चावला मेमोरियल इण्टर कालिज शाहपुर के भव्य मैदान में रविवार की सायं पीडीए पंचायत शिक्षक सम्मान समारोह में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के 500 से भी अधिक शिक्षक व शिक्षिकाओं को शील्ड और डायरी देकर सम्मानित किया गया। पहली बार इस क्षेत्र में शिक्षक शिक्षिकाओं को इस तरह से खुले मंच से सम्मानित किए जाने पर शिक्षक शिक्षिकाएं बहुत ही खुश नजर आई।

इन सभी शिक्षकों को मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर एसपी पटेल ने अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी मे सम्मानित किया। इस दौरान कई शिक्षकों ने मंच से संबा.धन भी किया और सपा की जमकर बढ़ाई की और कहा कि उस समय समूचे उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार में शिक्षकों के साथ इस तरह का रवेय्या कतई नहीं था जैसा रवेय्या ये भाजपा



सरकार शिक्षकों के साथ अपना रही है। इस सरकार में शिक्षकों का दम घुट रहा है। ये शिक्षा, किसान, व्यापार सभी को खत्म कर देना चाहती है। यहां पर कॉलेज स्टाफ को भी सम्मानित किया गया।

समारोह में सभी शिक्षकों ने जलपान का भी आनंद लिया। सभी ने समारोह आयोजक सत्येंद्र पाल का धन्यवाद किया और कि उन्होंने शिक्षकों को सम्मानित कर एक बहुत ही अच्छी पहल की है। जिस पर सत्येंद्र पाल ने भी सभी शिक्षकों का आभार जताया और कहा कि उनकी गरिमामयी उपस्थिति से ही उनका यह कार्यक्रम सफल हुआ है। यहां पर पीडीए पंचायत के संबंध में भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कुल मिलाकर सपा नेता सत्येंद्र पाल का यह तीसरा समारोह बहुत ही सफल रहा। यहां पर भारी भीड़ देखने को मिली और सपा शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर एसपी पटेल भी खुश नजर आए। अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष जिया चौधरी ने की।

# प्रधानमंत्री मोदी फेल और फेंकू हैं : पटेल

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर एसपी पटेल ने समारोह आयोजक सत्येंद्र पाल का नाम लेते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान की परम्परा जारी रहनी चाहिए। मुझे अखिलेश यादव ने आज आपके बीच में भेजा है और कहा है कि वे कल्पना चावला इंटर कॉलेज शाहपुर में जाकर शिक्षकों को मैसेज दें कि सपा ने शिक्षकों के हित में कितने कार्य किए हैं। सपा सरकार में शिक्षकों को काफी लाभ मिले हैं लेकिन मौजूद भाजपा सरकार शिक्षकों, कालेज और स्कूलों को खत्म करने का काम कर रही है।




हम आज भाजपा की आंखों की किरकरी बने हुए हैं क्योंकि अखिलेश यादव इनके सामने डटकर खड़े हैं। भाजपा शिक्षा को चौपट कर देना चाहती है। भाजपा बस आपस में लड़वाकर राज करना करना चाहती है।घ हमें राशन पानी तक ही सीमित रखना चाहती है ताकि हम राशन पानी पर जिंदा रहें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी फेंकू और हर तरह से फैल हैं। करीब 04 हजार शिक्षा मित्र अब तक आत्महत्या कर चुके हैं। ऐसी सरकार से हमें बचना है। इस दौरान यहां विशिष्ट अतिथि राजकुमार भाटी, अतिथि नितिन तोमर और डाक्टर कमलेश यादव, सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, युवा सपा नेता नवाब इम्तियाज, पूजा अंबेडकर, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अकरम खान, मास्टर नजर कम्हेडा, नसीम त्यागी, जमन पब्लिक स्कूल बुढ़ाना के प्रबंधक नौशाद खान, पीआरओ साहिब अंसारी और अनेश कुमार निर्वाल आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ककरौली थाने में हुआ मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ

**मोरना।** ककरौली थाना परिसर में रविवार को मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। जहां महिला फरियादियों को सम्मान देकर उनकी शिकायत की सुनवाई करना,साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गयी। थानाध्यक्ष ककरौली जोगेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार नारी की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए थाना परिसर में नारी शक्ति मिशन की स्थापना कर शुभारंभ किया गया है। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं व नागरिकों की सुरक्षा के लिए दो नए नंबर जारी किए हैं। यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर फॉड हो जाता है, तो वह तत्काल 1930 पर फोन करके शिकायत दर्ज करा सकता है। इसी प्रकार महिलाओं को सुरक्षा में संरक्षण देने के लिए वीमेन हेल्पलाइन नंबर 181 जारी किया गया है। महिलाएं किसी भी स्थिति में इस नंबर पर शिकायत दर्ज कर सकती हैं।

### भाजपा के अमित राठी करेंगे लापता किसान की बेटी की शादी

**मोरना।** गंगा में रेत निकालते समय लापता हुए किसान का एक हफ्ते बाद भी कोई सुराग नही लग सका है। वही, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री ने लापता किसान के घर पहुंचकर उनकी एक बेटी की शादी का खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी 45 वर्षीय चन्द्रबोस सैनी 14 सितंबर की सुबह क्षेत्र में बह रही गंगा में भैंसा बुग्गी से जाकर रेत निकाल रहा था। बराबर में ही एक ओर चचेरा भाई अरुण व दूसरी ओर परिवार का ही विनोद भी यही कार्य कर रहे थे कि अचानक चन्द्रबोस गायब हो गया। आसपास तलाश किया गया किन्तु उनका कोई पता नहीं चला। ग्रामीणों ने गंगा में मौजूद विशालकाय मगरमच्छ द्वारा चन्द्रबोस को निगल जाने की आशंका जताई। जिसके बाद मेरठ की पीएसी 44 वाहिनी के गोताखोर द्वारा मोटरबोट की सहायता से चन्द्रबोस की तलाश गंगा में तलाश किया लेकिन कोई पता नहरी चल सका।

# संगीत सरिता के मंच पर बही शास्त्रीय गीत संगीत की ब्यार

मुजफ्फरनगर। माँ सरस्वती एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित, संगीत-सरिता म्यूज़िक एकेडमी द्ध केडिया वाटिका , भोपा रोड ऋ के तत्वाधान में सर्कुलर रोड स्थित रोटरी भवन में त्रैमासिक कार्यक्रम ष्सावनीष का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के छात्र/छात्राओं के अभिभावक एवं शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डॉ. एन.के.अरोरा एडवोकेट, पंडित संजीव शंकर (महामंडलेश्वर), राकेश कुमार राठी, मुकेश लाल एड, डॉ. आर.के.सिंह, विजय कुमार शर्मा, सुघोष आय , प्रवेंद्र दहिया (प्रधानाचार्य - हॉली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज)प्रदीप धनगर,रत्ना मिश्रा एवं संस्था के निदेशक पंडित दिलीप मिश्रा ने माँ शारदा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, निलेश और विशेष मिश्र ने स्वस्ति वाचन किया, और पंडित दिलीप मिश्रा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके पश्चात, संगीत सरिता म्यूज़िक एकेडमी के विद्यार्थियों ने संगीत की विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन कर अपनी संगीत साधना का परिचय दिया।पुरुष वर्ग में मनोज चौधरी , मंगेश त्यागी, संदीप भारद्वाज, जोगध्यान शर्मा, प्रभात सिंघवाल , पलविंदर सिंह ,पलाश अग्रवाल, नितिन कुमार, रविन्द्र कुमार, अनुज गौतम, भव्यम , परागवंश, वासु गोयल, शिवम, संजय शर्मा, हर्षित चौहान, प्रिंस, आर्यनराज वर्मा, विशेष मिश्र, निलेश मिश्र ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।वहीं महिला वर्ग में, प्रियंका गर्ग, आरती पाल, पूर्णिमा विश्वास, रश्मि, रिया चौहान,श्वेता मलिक, वंशिका, पारुल गर्ग, सिमरन कश्यप, चित्रा शर्मा , मिश्रिता, रिद्धि जैन, अक्षिता धीमान, अनायरा, भृथी, एकता शर्मा, पूनम रानी, मोनिका प्रजापति, ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को नए आयाम दिए।कार्यक्रम का आकर्षण शास्त्रीय गायन रहा। भव्यम ने राग बिहाग , हर्षित ने राग जौनपुरी, प्रिंस ने राग भैरव, आर्यनराज वर्मा ने राग जौनपुरी, वंशिका ने राग आसावरी;श्वेता मालिक ने राग यमन, अक्षिता धीमान ने राग जौनपुरी, आरती ने राग मधुवंती, सिमरन ने राग शुद्ध कल्याण राग , एवं विशेष मिश्रा ने राग चारुकेशी, प्रस्तुत कर सुरों की छटा बिखेरी एवं उपस्थित श्रोताओं को अभिभूत कर दिया। तबले पर निलेश मिश्र ने तानपुरे पर आरती पाल और हारमोनियम पर विशेष मिश्र ने संगत की।अनुज गौतम ने मै कभी बतलाता नहीं , पलाश अग्रवाल ने रिमझिम गिरे सावन, जोग ध्यान शर्मा ने पल भर के लिए , आर्यनराज वर्मा ने ए अजनबी , नितिन ने मैने प्यार तुम्हीं से किया है, रविन्द्र ने छुपाना भी नहीं आता , पलविंदर ने दिल मर जाने नू, एकता शर्मा ने जा रे जा ओ हरजाई, अक्षिता धीमान ने छोड़ दे सारी दुनिया किसी के लिए, वहीं मनोज चौधरी एवं पूनम रानी ने हरियाणवी युगल गीत मेरे पाछे पाछे आवन का गा कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया संस्था के सभी विद्यार्थियों ने पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर ये तो सच है कि भगवान है समूह में गा कर पितरों को श्रद्धांजलि दी एवं उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. शिवानी लाल , आशीष यादव, अमित पुंडीर (डायरेक्टर - के.पी.एस. एकेडमी), श्रवण त्यागी, रोहन त्यागी (समाजस.वी), संजय आहूजा (सफलता प्रशिक्षक) शमित अग्रवाल, महेश जिंदल आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संगीत पक्ष, मनीष नामदेव, सरदार इंद.रपाल सिंह, अमित शर्मा, सन्नी ने संभाला।

# रामपुरी रामलीला का गणपति पूजन से शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** रामपुरी रामल.ीला महोत्सव गणपति पूजन, शिव पार्वती संवाद, नारद मोह की साथ शुरू हुई। विद्वान पंडित देवशरण शास्त्री ने पूरे रामलीला मंडप का गंगाजल से शुद्धीकरण किया। फिर रामलीला कमेटी व रामलीला पात्रो को रामलीला का पूजन की साथ महत्व समझाया। इस अवसर पर रामलीला का शुभारंभ करने पहुंचे सांसद हरेंद्र मलिक, सत्यप्रकाश रेशू अग्रवाल व राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। जिन्होंने रामलीला पूजन को विधि विधान पूर्वक कराने में सहयोग किया।

रामपुरी रामलीला का शुभारंभ विद्वान पंडित देवशरण शास्त्री ने अपनी पूरी टीम की साथ सांसद हरेंद्र मलिक, सत्यप्रकाश रेशू व राकेश शर्मा से मंत्रोच्चारण, पूजन, दीप प्रज्वलन, आरती की साथ कराया। पंडित जी के मंत्रोच्चारण व रामलीला कमेटी की व्यवस्थाओ के कारण पूरा रामपुरी क्षेत्र राम मय हो गया। जिस कारण शिव पार्वती संवाद, नारद मोह को सभी ने



अपने जीवन में उतारा। रामलीला की साज सज्जा की पूरे शहर में चर्चा हो रही है। सांसद हरेंद्र मलिक ने रामजी के आदर्श जीवन को सभी से अपनाने के लिए कहा। सत्यप्रकाश रेशू ने भगवान राम की भाई, पति, पिता, पुत्र, राजा, आर्दश पुरूष, त्यागी, तपस्वी, योद्धा, प्रबंधक, नीतिकार आदि गुण बताये। राकेश शर्मा ने रामचरित मानस व रामलीलाओ के माध्यम से हर व्यक्ति के जीवन को आदर्श पुरूष भगवान श्रीराम के जीवन से चित्रार्थ कर समझाया। साथ ही रामलीला कमेटी एवं कलाकार पात्रो का चरण स्पर्श कर आर्शीवाद लिया।रामपुरी की रामलीला के शुभावसर पर शक्ति सिंह, नीरज कौशिक, दीवाकर त्यागी, रवि धीमान, मनोज शर्मा, प्रमोद पाल, विपिन कुमार, जगदीश पांचाल सहित अनेको गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उपाध्याय समाज संगठन ने किया सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय जोगी योगी नाथ उपाध्याय समाज संगठन की एक सम्मान समारोह कार्यक्रम महासभा गांव मुस्तफाबाद पचेड़ा जनता इंटर कॉलेज के तत्वाधान में सुशील उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन सुभाष चंद्र द्वारा बताया गया कि 31 अगस्त 2025 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जोगी समुदाय को क.छ.ज में शामिल करने और घुमंतू कल्याण बोर्ड बनाने पर अखिल भारतीय जोगी योगी नाथ उपाध्याय समाज संगठन सीएम योगी का धन्यवाद प्रकट करता है। विशिष्ट अतिथि संजोग उपाध्याय व नवीन प्रधान, मुलकराज उपाध्याय अध्यक्ष कोऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा सभा को संबोधित करते हुए अपने समाज के अधिकतम बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मास्टर सोराज उपाध्याय ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को शिक्षित संस्कार एवं अनुशासित होकर देश की सच्ची सेवा करने पर विशेष बल दिया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा मुलकराज उपाध्याय को जिला अध्यक्ष व सोराज सिंह उपाध्याय को जिला महामंत्री मुजफ्फरनगर बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय जोगी योगी नाथ उपाध्याय समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम अध्यक्ष कैप्टन सुभाष चंद्र ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संगठित रहने की परम आवश्यकता है ताकि हम अपने समाज को राजनीतिक भागीदारी दिला सके। कार्यक्रम का संचालन सोराज उपाध्याय तथा कार्यक्रम का आयोजन मुलकराज उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में शिवकुमार आर्य, जितेंद्र, डॉक्टर कन्हैयालाल, प्रमोद आर्य, हरीश, परवीन, सीमा, प्रमिला, प्यारेलाल ,गोपाल ,अनुज एवं समाज के अनेकगणमान्य व्यक्तियों ने सभा में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### शहर रामलीला में रावण वेदवती संवाद

**मुजफ्फरनगर।** शहर टाउन हॉल रामलीला के द्वितीय दिवस रावण का भाईयों सहित वर प्राप्ति रावण वेदवती संवाद एवं जानकी जन्म लीला का रहा मंचनशनिवार को श्री रामलीला सभा रजिस्टर टाउन हॉल शहर मुजफ्फरनगर में द्वितीय दिवस रावण जन्म एवं जानकी जन्म की लीला का शानदार मंचन रहा जिसका शुभारंभ अध्यक्ष शिवचरण गर्ग, मंत्री सतीश गर्ग द्वारा श्री रामचंद्र जी को तिलक व रामायण जी के समक्ष आरती करके किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनमोल सिघल, नीरज अग्रवाल, पवन गोयल, साधुराम गर्ग, अजय गर्ग , कमलकांत शर्मा, अरविंद शर्मा, नितिन नामदेव, जगन्नाथ रुहेला, सुखदेव मित्तल, नवीन गुप्ता (ठेकेदार) सुशील गोयल, पुष्पेंद्र जिंदल, संजय गोयल, अंजुल भूषण, रामायण वाचक रविंद्र गुप्ता जी वैभव मित्तल, रजत गोयल, अनुराग शर्मा, शोभित गुप्ता, शोभित सिंगल, रजत शर्मा, राघव गुप्ता, सागर कुचल, अंशुल जैन, अनमोल मित्तल, प्रियंक गर्ग, अंकुर सिंघल,अनुज सिंघल,कृष्णा बंसल, प्रिंस गर्ग, शुभम गौतम, आदि समस्त कलाकार उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# उप्र में भ्रष्टाचार चरम परः शिवपाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारी और विभागों में बैठे बाबू जनता को लूटने का काम कर रहे हैं। भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष को सबक सिखाएगी। रविवार को शामली में आयोजित कार्यक्रम में शिवपाल यादव ने कहा कि संविधान का पालन करना जरूरी है, लेकिन सत्ता में बैठे लोग न तो संविधान को मानते हैं और न ही लोकतंत्र को। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट की बड़े पैमाने पर चोरी की गई है। एक-एक घर में पांच-पांच सौ फर्जी वोट पकड़े गए, जबकि सही वोट काट दिए गए। इसमें खासतौर से इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी के वोटों को निशाना बनाया गया। इस मुद्दे का विरोध संसद से लेकर सड़क तक हो रहा है।

उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि वह एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था के रूप में कार्य करे, फर्जी वोट काटे और निष्पक्ष वोटर सूची तैयार कराए। शिवपाल यादव ने कहा कि वोट चोरी के बावजूद उत्तर प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को नंबर एक पर पहुंचाया है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रालोद से गठबंधन की संभावनाओं पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि धोखेबाजों से दूरी ही बेहतर है। शिवपाल यादव को शामली के चौधरी चरण सिंह कालोनी स्थित एमएलसी किरणपाल कश्यप के आवास पर स्वागत किया गया। मौहल्ला हरदेव नगर स्थित धीरज तोमर के आवास पर भी जोरदार स्वागत किया गया। शिवपाल यादव ने सपा नेता कुलदीप चौधरी के दुर्घटना में घायल होने पर स्वास्थ्य का हाल जाना और उनके परिजनों से भी मुलाकात की।

**उधर,** जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में जिला संगठन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री शिवपाल यादव का भौंरा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, सलेक चंद, प्रकोष्ठ, भूपेन्द्र सैनी, नफीस राणा, सत्यवान चौधरी, बिट्टू पांचाल, गुड्डू सरसावा, जावेद जंग, किरणपाल मलिक, खुशनूद, मुनत्याज, विनीत पिंडौरा, नीरज पहलवान आदि उपस्थित रहे।

# गूगाल में रागिनी कंपटीशन का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर में चल रहे मेला गूगाल के तहत आयोजित रागिनी कंपटीशन का बेसबरी से इंतजार किया जा रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ हुई। मंच पर पहुंचे मशहूर कलाकारों केशव गुर्जर, पेप्सी शर्मा, मुस्कान बेबी, आरसी उपाध्याय, कशिश चौधरी और रेनू चौधरी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को खूब आनंदित किया। मेला कमेटी के सदस्य बॉबी अरोड़ा, महबूब, महावीर सिंह, दिनेश कुमार, सभासद देवेंद्र सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जैसे ही कार्यक्रम आगे बढ़ा, वैसे-वैसे दर्शकों की भीड़ बेकाबू होती गई। हजारों की संख्या में उमड़े दर्शक मंच के करीब पहुंचने लगे, जिससे मंच प्रबंधन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। भीड़ को संभालने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम न होने के कारण बार-बार अव्यवस्था फैलती रही।कलाकारों की प्रस्तुतियां दर्शकों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाई और कई बार रागिनी को बीच में रोकना पड़ा। ध्वनि व्यवस्था और भीड़ के शोरगुल के कारण कई कलाकारों को अपनी प्रस्तुति अधूरी ही छोड़नी पड़ी।हालांकि इस दौरान जिकन ने अपनी मधुर रागिनियों से माहौल को संभालने की कोशिश की और श्रोताओं को मार्गदर्शन देते हुए कार्यक्रम को रोचक बनाने का प्रयास किया, लेकिन दर्शकों की अव्यवस्थित भीड़ के कारण कार्यक्रम उम्मीद के मुताबिक सफल नहीं हो सका। लोगों ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई, जो रागिनी की लोकप्रियता का प्रमाण है, लेकिन बेहतर प्रबंधन के अभाव में यह शानदार आयोजन बार-बार बाधित होता रहा और अंततः असफल साबित हुआ।

# किसान संघ के एक दिवसीय प्रशिक्षण में सैकड़ों किसानों ने लिया भाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** भारतीय किसान संघ द्वारा विकासखंड मे एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य किसानों को विषमुक्त खेती, नशामुक्त समाज और गो-आधारित जैविक खेती की दिशा में मार्गदर्शन करना रहा।कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुनील सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग का प्रथम सत्र विभाग के रामपाल सिंह ने लिया, जिन्होंने जैविक खेती की उपयोगिता पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में जैविक प्रमुख रामबीर सिंह ने किसानों को गोबर व गौमूत्र के महत्व से अवगत कराया।सुनील सिंह ने कहा कि देश की खुशहाली का रास्ता गांव की पगडंडी से होकर गुजरता है। चतुर्थ सत्र महिला बबीता चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्एक किसान को अपने घर में गाय पालनी चाहिए, क्योंकि गाय से प्राप्त मूत्र और गोबर से जैविक खेती को बढ़ावा मिलता है।इस दौरान सभी किसानों को संगठित होकर खेती को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन देशराज शर्मा ने किया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान किसानों ने जैविक खेती अपनाने का संकल्प लिया।



# बैठक में जाट समाज की समस्याओं पर जताई चिंता

**शामली।** रविवार को शहर के धीमानपुरा स्थित अखिल भारतीय जाट महासभा के कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जाटों की विभिन्न समस्याओं और समाज में फैली बुराईयों को दूर करने पर विचार विमर्श किया गया। रविवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए युवा जिलाध्यक्ष अमरदीप लाठियान ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ साथ पूरे देश में अखिल भारतीय जाट महासभा जाट समाज के हितों में कार्य करने का काम कर रही है। जाटों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं को उठा रही है। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर बैठके की जा रही और समाज में फैली बुराईयों को दूर करने का भी आहवान किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जाटों ने हमेशा देश हित में कार्य किया और आगे भी देश को मजबूत करने का काम कर रही है। इसके अलावा युवा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में लोग खोडसमा में आयोजित पंचायत के लिए रवाना हुए। मौके पर सौरभ कालंखांडे, गौरव निर्वाल, उज्जवल राणा, मनीष अहलावत, गौरव धामा, हर्ष हुडडा, कार्तिक बालियान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पूरे कस्बे में खराब पड़े हैं सरकारी नल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** कस्बे में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं कस्बे में सरकारी नल खराब पड़े हैं नालियों पर चौनल टूटे पड़े हैं इस संबंध में कस्बे वासियों ने उप जिलाधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं दर्जनों सरकारी नल खराब पड़े हैं जिसे पीने के पानी की समस्या बनी हुई है नालियों पर चौनल टूटे पड़े हैं मेंन बाजार में पुरानी पुलिस चौकी के पास करीब एक माह से चौनल टूटी पड़ी है इसके अलावा स्ट्रीट लाइट भी खराब पड़ी है जिससे अंधेरा छाया रहता है। कई बार नगर पंचायत के कर्मचारियों को समस्या के समाधान के बारे में अवगत कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है ।इस संबंध में समाजसेवी जगमेर शर्मा ने उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की है।

### अफकार इंडिया फाउंडेशन ने दिया युवाओं के साथ शांति का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विश्व शांति दिवस के अवसर पर अफकार इंडिया फाउंडेशन ने युवाओं के साथ मिलकर शांति का संदेश दिया। संस्था ने कस्बे के यूनिक इंटर कॉलेज में निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में शामली,कांधला, कैराना, मुजफ्फरनगर, बुढ़ाना तथा बागपत जनपद के छपरौली ब्लॉक के बच्चों ने हिस्सा लिया। इनमें 73 बच्चों ने वाद-विवाद में और 97 बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया।अफकार इंडिया फाउंडेशन के निदेशक अकरम अख्तर ने युवाओं को शांति और सद्भावना की राह पर आगे बढने का संदेश देते हुए विश्व शांति दिवस के बारे में जानकारी दी। विजेता छात्र छात्राओं को नगद पुरस्कार और किताबें सहित उपहार भेंट किए गए।इस दौरान राहुल कुमार, आबिद मजीदी, रूपक कुमार, बिलाल अहमद, यासमीन, बिलाल चौधरी, आयशा, शकील, फिरदौस, गौतम भारती, सानिया,सहित आदि मौजूद रहे।

### मोबाइल हैक कर की रुपयों की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी एक युवक का मोबाइल फोन हैकर ने हैक कर परिचित लोगों से रूपयों की मांग की गई पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। रविवार को थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी महताब पुत्र अय्यूब ने बताया कि किसी अज्ञात ठग ने उसके मोबाइल को हैक कर लिया है। अब हैकर के द्वारा उसके परिचित लोगों से पीड़ित का नाम लेकर रूपयों की मांग की जा रही है। पीड़ित के एक परिचय ने फोन कर पीड़ित को फोन हैक होने की जानकारी दी। पीड़ित ने आनन-फानन में थाने पहुंचकर तहरीर देकर हैकर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए ठग की तलाश शुरू कर दी है।

### विभिन्न स्थानों से महिला व युवक ने लगाया पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रविवार को थाना क्षेत्र के गांव मीमला निवासी नेहा पत्नी कपिल ने बताया कि पड़ोसी युवक पीड़िता के घर में घुस गया और आते ही गाली गलौज करते हुए पीड़िता के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबे की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग भी मौके पर आ गए पड़ोसियों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। दूसरी और कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी तनवीर ने बताया कि उसके पड़ोस के तीन भाइयों ने पीड़ित को पड़कर उसके साथ मारपीट की है।पीड़ित ने तीनों भाइयों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### अमावस्या के मौके पर भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को अमावस्या के मौके पर शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को अमावस्या के मौके पर कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांतिकेयर हॉस्पिटल के बाहर प्रमुख समाजसेवी कुशांक चौहान द्वारा विशाल भंडारे व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। कुशांक चौहान ने बताया कि प्रत्एक माह हॉस्पिटल की ओर से प्रसाद वितरित किया जाता है। प्रत्एक अमावस्या पर भजन कीर्तन व प्रसाद का वितरण किया जाता है। मौके पर प्रभात भार्गव, आलोक चौहान, डॉक्टर जनेश्वर चौहान, विपिन चौहान, श्वेता, अलका, विनोद कुमार, रोहित कुमार, राकेश सैनी, वंश मेहरा, रवि चौहान, आलोक चौहान मौजूद रहे।

# विभिन्न कार्यक्रमों से भक्तिमय हुई शामली नगरी

### द्वादश ज्योतिर्लिंग पर महा आरती का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** द्वादश ज्योतिर्लिंग आरती समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की मासिक महा आरती का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह कृष्ण पक्ष की चौदस को होती है पंडित सुधीर मुंडेपी और कुलानंद मुंडेपी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराने के बाद महा आरती कराई महा आरती के बाद सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई। आरती में आसपास के सैकड़ो भक्तों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया सभी भक्तों ने संस्था का हार्दिक आभार व्यक्त किया इस दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया इस मौके पर प्रवीण बंसल अनिल रेनू बंसल जीवन लाल अजय गोयल सुशील ऐरन संगीता विजय गुप्ता वीणा अग्रवाल पिंकी अग्रवाल नीतू बंसल नरेंद्र गोयल आदि भक्त मौजूद रहे।



महा आरती शामली

### रामलीला महोत्सव में देर रात्रि में फुलवारी लीला का सुन्दर मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर आयोजित 56वे रामलीला महोत्सव मे देर रात्रि में फुलवारी लीला का सुन्दर मंचन किया गया। जिसमें भगवान राम चन्द्र का अभिनय रामलीला मंच के होनहार कलाकार आकाश धीमान के द्वारा किया गया तथा भईया लक्ष्मण का अभिनय उज्जवल नामदेव के द्वारा किया गया तथा माता सीता का अभिनय वंश राजपूत के द्वारा किया गया। सभी कलाकारों ने अपने सुंदर अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। कल रात्रि की फुलवारी लीला में दर्शकों की भारी भीड़ रही। अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी सचिव राजकुमार मित्तल, उपेन्द्र द्विवेदी, पं दिनेश पाठक, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, राकेश आचार्य, सुनील गुप्ता रामायणी, सन्दीप नामदेव, लोकेश वाचस्पति, सुखचौन वालिया, आशु निर्वाल, आशीष निर्वाल, लाल सिंह लचक, वंश नामदेव, निशांत पाठक, राहुल दीवाना, दीपक सैनी, सुनील अरोड़ा टम्मी आदि उपस्थित रहे।



रामलीला महोत्सव शामली

### नवरात्रों पर बाजारों में हुई जमकर खरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शारदीय नवरात्रों की तैयारी के लिए बाजारों में जमकर खरीदारी की गई। बाजार माता रानी की प्रतिमाओं, श्रंगार का सामान आदि से सजे है। पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती आदि की खरीदारी की गई। नवरात्रों को लेकर मंदिरों में साफ सफाई करने के साथ ही रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया।

नवरात्र के दौरान माता रानी को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु कलश स्थापना, अखंड ज्योति, माता की चौकी आदि तरह के पूजा अर्चना करते हैं। नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। बाजारों में खरीदारी करने के लिए महिलाएं पहुंची। जिन्होंने विभिन्न प्रकार की मन मोह लेने वाली सांझी मां के साथ उसके भाई और टिकली आदि खरीदी। पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लोंग, सुपारी, कपूर सहित पूजा में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्री खरीदी। नौ दिन के व्रत में अन्न से परहेज किया जाता है, इसलिए बाजार में कुट्टू, फल, व्रत के अन्य सामानों की भी दुकानें सज गई है। नवरात्रों को लेकर देवी मंदिरों में भी तैयारियां की गई। साफ सफाई के साथ मंदिरों को भव्य आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिरों में पूजा अर्चना को लेकर प्रबंधक कमैटी द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। शहर के सब्जी मंडी स्थित अटठे वाला देवी मंदिर,



नवरात्र पर सजी मां की प्रतिमा

शहर के राजो मौहल्ला स्थित चौदस वाला देवी मंदिर, रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण मंदिर में नवरात्रों को लेकर साफ सफाई की गई। साथ ही मंदिरों को भव्य रूप से रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया। शारदीय नवरात्रों को लेकर बाजारों में भी माता रानी के श्रृंगार के सामान की जमकर खरीदारी की गई। सोमवार को घट यात्रा के साथ ही कलश स्थापना होगी। इसके अलावा देर रात्रि में माता रानी की झांसी भी निकाली गई।

# मेधावी छात्र-छात्राएं व समाजसेवी प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वीरेन्द्र वर्मा विचार मंच ट्रस्ट द्वारा शहर के आरके इंटर कालेज में मेधावी छात्र-छात्रा व समाजसेवी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र, मॉमेंटों देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को शहर के आरके इंटर कालेज में वीरेन्द्र वर्मा विचार मंच ट्रस्ट द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा व समाजसेवी प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा। सतेन्द्र वर्मा, विशिष्ठ अतिथि रामकुमार वशिष्ठ, पवन कंसल, पंडित उमादत्त शर्मा, चौधरी देवी सिंह, सिद्धार्थ वर्मा, नितिन वर्मा, संजीव मलिक ने कार्यक्रम का शुभारांभ किया। संस्था द्वारा गत वर्ष बोर्ड में परीक्षाओं में उत्तीर्ण स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर प स्मारिका पत्रिका का भी विमोचन किया। इस अवसर पर संजीव मलिक, सतेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह, रिशीपाल पंवार, विनोद मलिक, आशीष कुमार, सुधीर निर्वाल, पुष्पेन्द्र हुडडा, नीरज बेनिवाल, श्रवण कुमार, उमादत्त आदि मौजूद रहे।

### वन विभाग की 30 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा, कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के टोडा निवासी ग्रामीणों ने बताया कि यह भूमि राजस्व अभिलेखों में वन विभाग के नाम दर्ज है। बावजूद इसके, प्रभावशाली लोग अपनी निजी भूमि की आड़ लेकर करीब 30 बीघा वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर चुके हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति भविष्य में बड़े विवाद को जन्म दे सकती है। प्रशासनिक लापरवाही से गांव के लोग परेशान हैं और लगातार शिकायतें करने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। प्रार्थी सतेन्द्र पुत्र इकबाल निवासी ग्राम टोडा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने कई बार अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया गया कि हल्का लेखपाल जानबूझकर भूमि की पैमाइश नहीं कर रहा है और पीड़ित को गुमराह कर रहा है। सतेन्द्र ने कहा कि उसे साफ शब्दों में कहा जा रहा है कि साठगांठ के कारण कोई कार्रवाई नहीं होगी। वहीं एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# दंगल के आखिरी दिन भिड़े पहलवान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मेला गुगल में आयोजित पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता का आज आखिरी दिन रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राव वारिस रहे, जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को सम्मानित किया। आखिरी दिन पहलवानों ने अपनी दमदार पकड़ और शानदार दांव.पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अब तक हुए दंगल में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर जलालाबाद के जाकिर पहलवान को प्रथम पुरस्कार दिया गया। गंगोह के जावेद पहलवान द्वितीय पुरस्कार के हकदार बने, जबकि कैराना के नसीम पहलवान ने तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया। आज के अखाड़े में हुई बड़ी कुश्तियों में गंगोह के जावेद पहलवान और रोहतक के पाल पहलवान के बीच हुई 3100 रूपए की कुश्ती बराबरी पर छूटी। इसी तरह कैराना के नसीम और हरियाणा के मोहित की 2100 रूपए की कुश्ती भी बराबरी रही। लुहारी के अजहर और हरियाणा के सचिन की 1100 रूपए की भिड़ंत भी बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई।वहीं बापौली के ग"यूर पहलवान ने रोहतक के आर्यन को 1100 रूपए की कुश्ती में हराकर जीत दर्ज की। जलालाबाद के अभिषेक और हरियाणा के अभिषेक के बीच हुई 700 रूपए की कुश्ती में हरियाणा के अभिषेक ने विजय हासिल की। इसके अलावा जाकिर जलालाबाद और वंश रोहतक की 2100 रूपए की भिड़ंत तथा देव द्धरोहतकऋ और कैफ लुहारी की 700 रूपए की कुश्ती बराबरी पर रही।मेला गुगल का यह दंगल परंपरा और खेल भावना का अद्भुत संगम रहा। आखघ्रिी दिन हजारों दर्शकों ने अखाड़े में पहुंचकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाया और खेल का आनंद लिया।

# मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली



शामली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज जनपद शामली में मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम का एसपी एनपी सिंह द्वारा भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाइव प्रसारण के माध्यम से राज्यभर की महिलाओं और छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है, ताकि वे हर क्षेत्र में सशक्त रूप से आगे बढ़ सकें। मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना जनपद शामली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम, उन पर प्रभावी अंकुश तथा महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ किए जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 22.9.2025 से आगामी 30 दिवस तक प्रदेशव्यापी मिशन शक्ति फेज-5 अभियान संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। अभियान की क्रमबद्ध गतिविधियों के अंतर्गत आज दिनांक 21.9.2025 को चार बजे पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला शक्ति की प्रतीक पार्षद मती बबीता गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन, शामली से स्कूटी जागरूकता रैली को विधिवत हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जागरुकता रैली का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी यातायात अपेक्षा निम्बाडिया एवं प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सु प्रभा पटेल द्वारा किया गया। यह रैली पुलिस लाइन, शामली से प्रारम्भ होकर धीमानपुरा फाटक, शिव चौक, फव्वारा चौक, विजय चौक, कैराना नहर पुल, चौकी औद्योगिक क्षेत्र, मन्ना माजरा पुल होते हुए पुनः पुलिस लाइन मे आकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान रैली में सम्मिलित छात्र-छात्राओं, महिला पुलिसकर्मियों एवं आमजन द्वारा महिला सुरक्षा - समाज की जिम्मेदारी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा नारी सम्मान राष्ट्र का अभिमान जैसे प्रेरणादाई नारों का उद्घोष करते हुए आमजन को जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने संदेशपरक तख्तियां एवं बैनर धारण कर जनमानस को नारी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया।

इस अवसर पर पुलिस बल, शक्ति मोबाइल टीम, महिला बीट अधिकारी, विभिन्न विद्यालयोंध्महा. विद्यालयों की छात्राएं, अध्यापकगण तथा जनपद शामली की महिलाओ नें बढ-चढकर प्रतिभाग किया।

उप्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा सतत् ग्राम, कस्बा, मोहल्ला एवं शिक्षण संस्थानों में भ्रमण चौपाल आयोजित कर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, बालिका हेल्पलाइन-1098 एवं अन्य उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक किए जाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। रैली के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप मौर्य, क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिक. ारी कैराना श्याम सिंह सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारीगण रहे।

### इन्होंने कहा....



उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत रविवार को जनपद शामली में एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और महिला पुलिस कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के संदेशों से युक्त नारे लगाए गए। प्रतिभागियों ने शहर की मुख्य सड़कों पर स्कूटी व पैदल मार्च कर लोगों को महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और अधिक. ारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पुलिस के कई वाहन भी मार्च में शामिल रहे। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। स्थानीय लोगों ने भी रैली का स्वागत करते हुए महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए मिशन शक्ति अभियान को सराहनीय पहल बताया।

**एनपी सिंह**
**एसपी शामली**

## पुलिसकर्मियों ने किया महिलाओं को जागरूक



**कैराना।** मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत कैराना में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बाइक रैली निकाली गई। यह रैली महिलाओं में सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की गई।

रविवार को आयोजित रैली की शुरुआत शामली से हुई, जिसमें सैकड़ों महिला पुलिसकर्मियों ने दोपहिया तथा चौपहिया वाहनों में सवार होकर हिस्सा लिया। इन वाहनों को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। रैली का नेतृत्व एएसपी शामली संतोष कुमार सिंह कर रहे थे। पुलिस वाहनों पर लगे ध्वनि यंत्रों से मिशन शक्ति के तहत सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का गीतों के माध्यम से संदेश दिया जा रहा था। रैली कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए कांधला तिराहे तक पहुंची। तदोपरांत वापिस शामली के लिए प्रस्थान कर गई। रैली मार्ग पर खड़े लोगो ने महिला पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं, पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने महिलाओं में सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करने के लिए ऐसे जागरूकता अभियान जारी रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह कसाना आदि मौजूद रहे।

# जूडो व कुराश प्रतियोगिता का भव्य रूप से हुआ समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चार दिवसीय 37वीं क्षेत्रीय जूडो व कुराश खेल प्रतियोगिता पश्चिमी उत्तर प्रदेश का भव्य समापन समारोह सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष गुलशन राय, प्रबंधक रवि बंसल, चंचल गोयल, सुमित गुप्ता, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने किया।

क्षेत्रीय प्रतियोगिता जूडो व कुराश में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रतिभागी 13 विद्यालयों में मेरठ प्रांत के स्टार पेपर मिल सहारनपुर बालि. का वर्ग ने 119 अंक लेकर प्रथम स्थान व सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली ने 52 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप हासिल की।

दूसरी ओर ब्रज प्रांत ने कुराश में बालक वर्ग मे परमेश्वरी देवी धानुका वृंदावन ने 100 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व सरस्वती विद्या मंदिर कोसी ने 92 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान लेकर चैंपियनशिप का परचम लहराया। बालिका वर्ग अंडर-14 में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली ने प्रथम स्थान, अंडर-17 में रतनलाल फूल कटोरी मथुरा ने द्वितीय स्थान स्टार पेपर मिल सहारनपुर ने तृतीय स्थान, अंडर-19 में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली में प्रथम स्थान, बालक वर्ग में अंडर-14 में धनुका वृंदावन ने प्रथम व सरस्वती विद्या मंदिर कोसी ने द्वितीय स्थान, अंडर-17 में स्टार पेपर मिल सहारनपुर ने प्रथम ,सरस्वती विद्या मंदिर साहिबाबाद ने द्वितीय, अंडर-19 में स्टार पेपर मिल सहारनपुर ने प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर वृन्दावन ने द्वितीय कुराश प्रतियोगिता में अंडर-14 में सरस्वती विद्या मंदिर कोसी ने प्रथम, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर शामली ने द्वितीय, अंडर-17 में सरस्वती बालि. का विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संजीव, संदीप, गीता, कविता, उपासना, अमित, अनीता, रवि कुमार, दिव्या आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कांग्रेस पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष बने डा. पाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक प्रदेश महासचिव शेखर पाल के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस हाईकमान के निर्देशानुसार शामली पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष पद पर डॉ. पाल तथा नगर अध्यक्ष पद पर विनोद सेन को मनोनीत किया गया। दोनों नेताओं से अपेक्षा की गई कि वे कांग्रेस संगठन को जनपद में मजबूती प्रदान करेंगे और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को गति देंगे। बैठक की अध्यक्षता पीसीसी कोऑर्डिनेटर सहारनपुर पं। ओमप्रकाश शर्मा ने की। उन्होंने कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ो अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है और चुनाव आयोग की मिलीभगत से वोट चोरी हुई है। नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कांग्रेसजनों से आ]वान किया कि वे इस अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी करें और भाजपा सरकार की कथित वोटर दगाबाजी को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में प्रदेश महासचिव शेखर पाल ने कहा कि राहुल गांधी ने पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में स्पष्ट किया है कि कांग्रेस संगठन में अति पिछड़े समाज की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर बाबू खान, प्रवीण तरार, आदेश कश्यप, लोकेश कटारिया, प्रवीण कुमार, मास्टर नरेंद्र सिंह, ईश्वर सिंह, कमल सेन, रोकी सिन्हा, मोहम्मद शाहरुख खान, रामपाल पांचाल, रविन्द्र आर्य, बिजेंद्रपाल वर्मा, सोहिल धीमान आदि शामिल रहे।

### दैनिक रेल यात्री संघ का प्रतिनिधिमंडल सांगवान से मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को अग्रवाल मित्र मंडल व दैनिक रेल यात्री संघ का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल बड़ौत स्थित जनता वैदिक कॉलेज में बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर शामली-बड़ौत-बागपत से प्रदेश की राजधानी लखनऊ तथा माता वैष्णो देवी तक रेल सेवा शुरू कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस रेल सेवा के शुरू होने से क्षेत्रीय यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। सांसद डॉ। सांगवान ने गंभीरता से प्रतिनिधिमंडल की मांगों को सुना और सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। अग्रवाल मित्र मंडल व दैनिक यात्री संघ ने सांसद द्वारा रेलवे एवं क्षेत्रीय विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया और भरोसा जताया कि आगे भी उनका सहयोग मिलता रहेगा। इस अवसर पर अग्रवाल मित्र मंडल से अनुज बंसल, आकाश गोयल, संजीव संगल, खुशदिल जैन, विकास गोयल मौजूद रहे।

### खोडसमा में जाट जागृति अभियान, आरक्षण व सामाजिक सुधारों पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** अखिल भारतीय जाट महासभा के तत्वावधान में खोडसमा गांव में रविवार को जाट जागृति अभियान के तहत पंचायत का आयोजन किया गया। इसमें समाज के शैक्षिक, आर्थिक, संगठनात्मक विकास और सामाजिक सुधारों के साथ-साथ जाट आरक्षण का मुद्दा भी प्रमुख रहा। पंचायत में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी जुटे और समाज की मजबूती के लिए ठोस कदम उठाने पर बल दिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह ने कहा कि जाट समाज का भविष्य शिक्षा और आरक्षण से ही सुरक्षित होगा। बिना आरक्षण के समाज की नई पीढ़ी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज को इस अधिकार के लिए संगठित होकर शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष करना होगा। युद्धवीर सिंह ने यह भी कहा कि दहेज, मृत्यु भोज और नशा जैसी कुरीतियों से समाज को मुक्त करना होगा, तभी आरक्षण का लाभ भी पूरी तरह मिल पाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार पाल्ले राम ने की और संचालन मास्टर मोहर सिंह व विपिन कुमार खोडसमा ने किया।

वक्ताओं ने कहा कि जाट समाज को राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर अपनी एकजुटता का परिचय देना होगा। अगर समाज शिक्षा और संगठन के साथ आरक्षण के मुद्दे पर डटा रहेगा तो आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। बैठक में वक्ताओं ने मृत्यु भोज जैसी परंपराओं को गरीब परिवारों पर बोझ बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में दिखावा और असमानता बढ़ती है। वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि मृत्यु भोज पर पूर्ण रोक लगे और समाज सादगी की ओर बढ़े। नशा मुक्ति का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। वक्ताओं ने कहा कि शराब और नशे ने युवाओं की पढ़ाई और रोजगार छीन लिया है। युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलकूद और शिक्षा से जोड़ा जाए। महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष मालती बाना ने कहा कि महिलाओं को समाज सुधार की धुरी बनना होगा। अगर महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो घर-परिवार और समाज दोनों में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने बेटियों की शिक्षा और महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया। इस मौके पर भाकियू जिलाध्यक्ष कांता प्रधान, कपिल खाटियान, अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष अरविंदर कुमार, राष्ट्रीय सचिव धर्मवीर खोखर, प्रदेश अध्यक्ष प्रताप चौधरी, कालूराम राठी, राज. कुमार, मैनपाल ऊदपुर, पल्ला आदि मौजूद रहे। सभी ने समाज को एकजुट करने और आरक्षण की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत, कोहराम





**कैराना-कांधला मार्ग पर ऊंचागांव में स्थित चार धाम के निकट हुआ हृदय विदारक हादसा, मृतकों में एक मजदूर व दूसरा फर्नीचर का मिस्त्री शामिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना-कांधला मार्ग पर ऊंचागांव में स्थित चारधाम आश्रम के निकट बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो अन्य युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे से मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

शनिवार देर रात्रि कस्बे के कैराना-कांधला मार्ग पर ऊंचागांव में स्थित चारधाम आश्रम के निकट दो बाइकों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइकों पर सवार चार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना पर एम्बुलेंस व पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। हादसे में घायल गांव गढ़ी दौलत निवासी राकिब व उसके भांजे सुफियानद्ध20ऋ निवासी ग्राम सांगाठेड़ा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर को कांधला सीएचसी पर ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने सुफियान को मृत घोषित कर दिया, जबकि राकिब को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं, हादसे में घायल हुए दूसरी बाइक पर सवार सादद्ध19ऋ व आजाद निवासीगण मोहल्ला आलकलां कस्बा कैराना को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के उपरांत हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने दोनों घायलों को शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान साद की मौत हो गई। हादसे में मौत से दोनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

**पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा था सुफियान**

हादसे का शिकार हुआ युवक सुफियान कांधला थानाक्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में अपने मामा के यहां रहकर पानीपत कंबल फैक्ट्री में काम किया करता था। विगत शनिवार की रात्रि वह मामा राकिब के साथ में कंबल फैक्ट्री से वापिस लौट रहा था। सुफियान पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत के बाद दो भाई व बहन शेष रह गए है। मृतक का पिता गंगोह के एक प्राइवेट स्कूल में टीचिंग करते है। जबकि मोहल्ला आलकलां कैराना निवासी युवक साद फर्नीचर का कार्य करता था। वह भी चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। वह कांधला से अपने परिचित आजाद के साथ में बाइक से घर वापिस आ रहा था। जहां ऊंचागांव पहुंचने पर उसकी बाइक हादसे का शिकार हो गई। रविवार को दोनों मृतकों के शवों को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# शूटिंग बॉल चैंपियनशिप ट्रायल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राजकीय इंटर कॉलेज लिलौन में रविवार को 44वीं जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य बालक-बालिका शूटिंग बॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया।

शूटिंग बॉल एसोसिएशन के सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि ट्रायल से चयनित खिलाड़ी आगामी 27 सितंबर को चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम, बरवाला मुजफ्फरनगर में होने वाले शूटिंग बॉल फर्स्ट जोन में प्रतिभाग करेंगे। ट्रायल में कुल 11 टीमों ने भाग लिया। इसमें बझेड़ी टीम प्रथम, सिल्वर टीम द्वितीय तथा भगत सिंह टीम तृतीय स्थान पर रही। शामली से दो-तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ। शामली व शामली देहात से चयनित खिलाडिएं आकाश, शिवम, वंश, अर्पित, रुपिन, शिवम तोमर, तनिक, उज्जवल, दक्ष, कृष्णा, मनीष, रचित, लक्ष्य, विदित, आकाश, उमंग, रौनक, वरदान, निहाल, फैजल, शाहिद, प्रियांशु, उज्जवल, अमन, शिवम, अर्श, वंश राणा शामिल है।

इस अवसर पर सतीश कालखंडे, प्रवीण कुमार, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रोहित चौधरी, विपिन, विजयपाल, रोहित, कोच मनजीत गोड़े, मयंक हुड्डा, कोच किरण पाल, पूजा सोनी चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## साल्हापुर मे हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से हुआ धमाका ,ग्रामवासी सहमे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** यमुना बांध के किनारे बसे साल्हापुर गावं मे शनिवार की रात्रि मे जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से बडा धमाका हुआ और तारो के कारण आग लगने से उठी चिंगारी पॉच मिनट तक जलती रही। जिससे गांव के लोगो मे दहशत फैल गई। यहॉ तक की गांव के कुत्तो ने भी रूदन करना शुरू कर दिया। चिंगारी की लपटे इतनी भयावह थी कि हर कोई सन्न रह गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

चौसाना क्षेत्र के गांव साल्हापुर मे शनिवार की रात्रि करीब ग्यारह बजे एक बडा हादसा होने से टल गया। रात्रि के समय मे सभी लोग अपने अपने घरो पर थे। उसी दौरान मन्दिर से होकर गुजरने वाली सडक पर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर सडक पर जा गिरा और जोरदार धमाका हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जहॉ तार गिरा वहॉ ना तो कोई पशु था और ना ही इंसान। तार के गिरने के बाद धमाके से हर कोई सहम गया और छतो पर आकर नजारा देखता रहा। बताया गया है कि पॉच मिनट तक ताग से आग जलती रही,मानो कोई बम ब्लास्ट हुआ हो। धमाके से इंसान तो डरा ही कुत्तो ने भी रूदन करना शुरू कर दिया। हादसे का विडियों सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा,जो बेहद डरावना है।

## एसडीएस स्कूल में सीबीएसई का वैल्यू एजुकेशन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एसडीएस स्कूल में सीबीएसई द्वारा वैल्यू एजुकेशन विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों को मूल्य आधारित शिक्षा की अवधारणा से जोड़ना और विद्यार्थियों में नैतिक व सामाजिक मूल्यों के विकास के लिए शिक्षण पद्धतियों को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का संचालन रिसोर्स पर्सन दीपांशी अग्रवाल और पंकज कंसल ने किया। इसमें मूल्य आधारित शिक्षा के महत्व, जीवन मूल्यों के विकास के उपाय तथा जिम्मेदार नागरिक बनाने में शिक्षकों की भूमिका पर समूह चर्चा, गतिविधियां और केस स्टडी कराए गए। प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल अकादमिक सफलता नहीं, बल्कि सत्यनिष्ठा, सम्मान और करुणा जैसे गुणों का विकास भी है। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों को शिक्षक और विद्यार्थी दोनों के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में जनपद शामली के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ एसडीएस विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## शिक्षकों ने सीएम से लगाई गुहार, ऑफलाइन स्थानांतरण फाइलें अटकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेशभर के एडेड माध्यमिक विद्यालयों के सैकड़ों शिक्षकोंधशिक्षिकाओं व प्रधानाचार्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक्स पर पोस्ट कर ऑफलाइन स्थानांतरण फाइलों के अनुमोदन के लिए गुहार लगाई है। शिक्षकों का कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण ऑफलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। इससे न केवल शिक्षकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि शासन ने ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों स्थानांतरण प्रक्रियाओं को अनुमति दी थी। शासन से वार्ता के बाद अपर शिक्षा निदेशक द्धमाध्यमिकऋ ने 17 जुलाई 2025 को लिखित आश्वासन दिया था कि 31 जुलाई तक ऑफलाइन स्थानांतरण की प्रक्रिया संपन्न करा दी जाएगी। लेकिन तय समयसीमा बीत जाने के बाद भी शासन की मंजूरी न मिलने से फाइलें लंबित हैं। शिक्षक संघर्ष मोर्चा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस मुद्दे पर प्रदेशव्यापी मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम में अब तक लगभग 2000 से अधिक शिक्षकधशिक्षिकाएं और प्रधानाचार्य शामिल हो चुके हैं। साथ ही शिक्षक संगठनों से भी इस विषय पर संयुक्त पहल करने की अपील की गई है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में शामली की बालिकाओं का परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मंडलीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य कविता देवी, चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुशील कुमार तथा संदीप पवार ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली की कुल नौ टीमों ने सीनियर, जूनियर व सब जूनियर वर्ग में प्रतिभाग किया।फाइनल मुकाबलों में शामली की बालिकाओं का दबदबा रहा। सीनियर वर्ग के फाइनल में शामली ने मुजफ्फरनगर को 35-26 से हराया। जूनियर वर्ग में भी शामली ने मुजफ्फरनगर को 35-26 से शिकस्त दी, जबकि सब जूनियर वर्ग में शामली ने 29-8 से शानदार जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। इस प्रकार तीनों वर्गों में शामली विजेता तथा मुजफ्फरनगर उपविजेता रहा।

प्रतियोगिता के दौरान मंडलीय टीम का चयन भी किया गया। सीनियर वर्ग में शामली की ज्योति, संजना, सोनिया, प्रियंका, इसरा, रिया, रूपा, आरती, मनु, तनु व गुड्डी, मुजफ्फरनगर की हिमांशी व प्रियांशी तथा सहारनपुर की संजना का चयन हुआ।

जूनियर वर्ग में शामली से पायल, सना, पूनम, सिया, शिवानी, लक्ष्मी व कीर्ति, मुजफ्फरनगर से ज्योति, पलक व अंतिम, सहारनपुर से आयुषी, जन्नत व दीपांशी चयनित हुईं। वहीं सब जूनियर वर्ग में शामली से नरगिस, वर्षा, कशिश, सोफिया, शबनूर, रिया चौधरी व मानवी, मुजफ्फरनगर से गोरी, प्रतीक्षा, वर्णिका, हिमानी तथा सहारनपुर से गंगा व जैस्मी को मंडलीय टीम में शामिल किया गया।चयनित खिलाड़ी सात से नौ अक्टूबर तक अयोध्या में होने वाली परदेसी कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अमित सहित शिक्षकों व खेल प्रशिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# बैंडबाजों व आकर्षक झांकियों के साथ निकाली राम बारात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में चल रही बीती रात नगर में बैंडबाजों व आकर्षक झांकियों के साथ राम बारात निकाली गई। उद्घाटन प्रदेश की योगी सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने फीता काटकर किया। उन्होंने देवबंद की पावन भूमि पर आकर रामलीला में शामिल होने को अपना सौभाग्य बताया।

श्री रामलीला भवन पर आयोजित हुए कार्यक्रम में शीर्ष माला पूजन अजय गर्ग और श्री राम को प्रथम तिलक अमित कंसल ने किया। जबकि श्री राम के रथ के सारथी बनने का सौभाग्य प्रदीप गुप्ता को प्राप्त हुआ। बैंडबाजों और आकर्षक झांकियों के बीच राम बारात अनाज मंडी, एमबीडी चौक, मेन बाजार, सराफा बाजार, हनुमान चौक व शिव चौक से होते हुए श्री जनकपुरी स्थित



विष्णु भगवान भवन पहुंची। यहां पर समाजसेवी आशीष मित्तल ने सीता माता का कन्यादान किया। इसके बाद राम बारात पुनः रामलीला भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। इससे पूर्व रामलीला कमेटी द्वारा राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल समेत अन्य अतिथियों का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नितिन गुप्ता, गगन मित्तल, सभासद मनोज सिंघल, सचिन शर्मा, निखिल अग्रवाल, विजेश कंसल, अजय बंसल, सतीश माहेश्वरी, अमित सिंघल, अशोक शर्मा आदि शामिल रहे।

## कलाकारों ने नारद मोह, पृथ्वी आकार व सीता जन्म की लीला का किया मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री राम जानकी लीला मंचन समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन का उद्घाटन अजय गोयल ने फीता काटकर किया। प्रथम दिन कलाकारों के मंचन ने दर्शक हुए भाव विभोर।

दुर्गा कालोनी में शनिवार रात श्री राम जानकी लीला मंचन समिति के तत्वावधान में रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। पंडित कालिका प्रसाद एवं भुवनेश शर्मा ने पूजन कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन वैश्य समाज के प्रदेश प्रभारी अजय गोयल ने फीता काटकर किया। प्रथम दिन कलाकारों ने नारद मोह, पृथ्वी आकार और सीता जन्म की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। पालि. काध्यक्ष विपिन गर्ग, सभासद मनोज सिंघल, राजकिशोर गुप्ता, अशोक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, योगेंद्र गोयल, कुलदीप सेठ, लक्की वर्मा, अजय गांधी, विपिन त्यागी व अंकित राणा आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए एकत्रित की राशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पंजाब बाढ पीडितों की सहायता के लिए ग्रामीणों ने एक लाख 95 हजार की राशि एकत्रित कर देवबंद गुरुद्वारा कमेटी को धनराशि सौंपी।

महाराणा प्रताप सेवा समिति रणखंडी के बैनर तले एकत्र की गई राशि लेकर गुरुद्वारा साहिब पहुंचे समिति अध्यक्ष संदीप राणा व प्रबंधक बबलू राणा ने कहा कि देश व धर्म पर जब कभी भी संकट आता है, पंजाब सबसे आगे आकर खड़ा होता है। आज पंजाब के लाखों लोग बाढ़ से प्रभावित है। ऐसे में हम सब का कर्तव्य बनता है कि हम भी पंजाब का साथ दें। बताया कि सेवा समिति ने समस्त ग्रामीणों के सहयोग से पंजाब वासियों की मदद के लिए यह राशि एकत्र की। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार व सचिव गुरजोत



सिंह सेठी ने सभी का आभार जताया और प्राप्त की गई धनराशि की रसीद ग्रामीणों को सौंपी।

इस मौके पर सतीश गिरधर, सचिन छाबड़ा, प्रिंस कपूर, अमनदीप सिंह, संदीप राणा, अनुराग राणा, बबलू, शिवकुमार राणा, बादल राणा, प्रवीण राणा, भानू राणा, हेमराज, अनिल राणा, गौरव राणा, केशव राणा आदि मौजूद रहे।

# प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे: मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा और विनाशक. ारी बाढ़ ने देश के कई राज्यों में लाखों लोगों को प्रभावित किया है। पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी जानी और माली नुकसान हुआ है। जमीयत उलेमा ए हिंद लगातार इन राज्यों में लोगों की मदद कर रही है और तब तक सेवा कार्य जारी रखेगी जब तक प्रभावितों की जरूरतें पूरी नहीं हो जाती।

मौलाना अरशद मदनी ने जारी अपने बयान में कहा कि उन्हें यह देखकर बेहद संतोष हुआ है कि उनकी अपील पर जमीयत की विभिन्न राज्यों की इकाई के जिम्मेदार अपने घरों से निकलकर पीड़ितों की



मदद कर रहे हैं। यही कार्यकर्ता और इकाइयां जमीयत की असल ताकत हैं। कहा कि हमारे कार्यकर्ता कठिन से कठिन इलाकों तक पहुंचकर राहत कार्य कर रहे हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि संकट की घड़ी में इंसानों की सेवा करना वास्तव में इंसानियत की सेवा करना है। कहा कि जमीयत किसी की मदद करते समय धर्म नहीं पूछती, बल्कि केवल इंसानियत के आधार पर काम करती है। जमीयत जरूरतमंद को इंसान मानकर मदद करती है, चाहे उसका धर्म कुछ भी हो। मौलाना कहा कि जमीयत उलमा मेवात और उत्तराखंड इकाइयों द्वारा पीड़ितों के बीच राहत बांटने के बाद आज जमीयत उलमा अहमदाबाद और जमीयत उलमा राजस्थान के प्रतिनिधि पंजाब और जम्मू-कश्मीर में राहत और पुनर्वास के कार्यों में जुट गए हैं। जमीयत उलमा अहमदाबाद ने बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए आज तीस लाख रुपये की राहत सामग्री पंजाब के जिला फाजिल्का में वित. रित की है।

## परिषदीय विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कहानी पोस्टर चित्रकला के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

खंड शिक्षा अधिकारी देवबंद नीलम तोमर ने बताया कि देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में विकास खण्ड देवबंद के सभी परिषदीय विद्यालयों में कहानी, पोस्टर, चित्रकला व साम. ुदायिक सहभागिता के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान समाज को जोड़ने वाले विविध कार्यक्रम कराए जा रहे हैं।

# सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को बैंकिगं सेवाओं एवं आधुनिक सुविधाओं की जानकारी दी गई।

नागल के ग्राम मंजोल में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित जनसभा में मेरठ से आए सतर्कता अधिकारी सुरेन्द्र सिंह रावत, शाखा प्रबंधक भीम सिंह राणा, सहायक प्रबंधक राजन ने ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं एवं आधुनिक सुविधाओं की जानकारी देने के साथ ही खाता धारकों को भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उनके लाभों के विषय में विस्तार



से समझाया। सतर्कता अधिकारी एवं शाखा प्रबंधक ने ग्रामीणों को ईमानदारी, पारदर्शिता और सतर्कता के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था ही समाज और देश की प्रगति का आधार है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे बैंकिंग लेन-देन में पारदर्शिता बनाए रखें और दूसरों को भी सही जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करें।

## गंभीर आरोप

**बिजनौर।** नगर कांग्रेस कमेटी झालू के पूर्व नगर अध्यक्ष/पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत झालू मौ. रफत ने प्रेस को जारी पत्र में कहा कि सरस्वती विद्या स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे मुस्लिम छात्रों को प्रधानाचार्या स्वेता अमृत सिंह द्वारा मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। अभिभावकों में अपने बच्चो को स्कूल भेजने के बाद डर सताता रहता है कि कहीं प्रधानाचार्या किसी बच्चे को बड़ा नुकसान न पहुंचा दें। अगर कोई अभिभावक स्कूल प्रबंधक से प्रधानाचार्या की शिकायत करता है तो शिकायतकर्ता को फोन करके प्रधानाचार्या खूब खरी खोटी सुनाती हैं और छात्र को फेल करने और नाम काटने की धमकी देती हैं। उन्होंने जिला प्रशासन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से निवेदन किया कि उपरोक्त स्कूल की प्रधानाचार्या की बारीकी से जांच करा कर कानूनी कार्यवाही की जाये।

# नागल में झांकियों व बैंडबाजे से सुसज्जित राम बारात निकाली





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे मे चल रही रामलीला महोत्सव मे रविवार को विभिन्न झांकियों व बैडबाजे से सुसज्जित राम बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ मोहित गोयल,अजय अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। शोभायात्रा सायं 6 बजे शुरू हुई जो कस्बे के मेन बाजार, बस स्टैंड, हाइवे ,ब्लाक चौराहा,गुरूद्वारा रोड से होती हुई समाजसेवी महेंद्र नौसरान के निवास पर पंहुची जहां पर बारात की आरती उतार कर राम बारात में शामिल बारातियों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम कमेटी के संरक्षक रजनीश नौसरान ,कमेटी प्रधान दीपांशु चौधरी,एन आर आई सुशील कुमार शांति, लक्ष्मीचंद भगत, पाल धीमान, विनोद भाटिया, मानसिंह सैनी,नीतू त्यागी, शुभम चौधरी, हिमांशु चौधरी, कपिल डाबर, हेमंत अरोड़ा, बिरमपाल प्रधान, लेखराज,मनोज गर्ग, तुषार गर्ग, अशोक रोहिला, यश्वनी धीमान, मुक. ेश माहेश्वरी, सुशील शर्मा,विक्रम सिंह, विकास कुमार, अनिल शर्मा, अशोक नौसरान, नरेश शर्मा,रविन्द्र कश्यप, देवेंद्र धवलहार, रोहित नौसरान आदि उपस्थित रहे।

# डीएवी कॉलेज मुजफ्फरनगर के मेधावी छात्र-छात्राएं गोल्ड मैडल से सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के शनिवार को आयोजित तृतीय दीक्षान्त समारोह में नगर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय डीएवी कॉलेज के पांच छात्र-छात्राओं को विश्व. विद्यालय कुलपति एवं उपकुल. पति द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में आरती शर्मा एलएलएम, आकांक्षा एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, मानसी त्यागी एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, वंश प्रकाश त्यागी एमएम मनोविज्ञान



तथा सांख्यिकी विभाग से निकिता वर्मा शामिल रहे। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो। गरिमा जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके कॉलेज के पांच विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। महाविद्यालय प्राचार्या ने सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं है।

# भाकियू लोकशक्ति का जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता गन्ना समिति परिसर बिजनौर पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए गन्ना समिति में मासिक पंचायत आयोजित की।

मासिक पंचायत में उपस्थित किसान साथियों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि बहुत सी जगह पर प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है और प्राकृतिक आपदा प्रबंधन किसानों को राहत पहुंचने में नाकाम साबित हो रहा है। आदमखोर गुलदारों के आतंक से जनपद में भय का माहौल है। शुगर मिलों में कार्य करने वाले किसानों के बालकों और मजदूरों को मिल प्रबंधन की लापरवाही के चलते दुर्घटनाओं में जान गंवानी पड रही हैं और जिला प्रशासन और शुगर मिल प्रबंधन घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है। मासिक पंचायत में विभिन्न किसानी मुद्दों पर चर्चा करते हुए समस्याओं का समाधान कराने के लिए मजबूती से संघर्ष करने पर जोर दिया ।

जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि जिले में अनैतिक तरीके से एक भी किसान का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जोरदार विरोध प्रदर्शन को देखते हुए नायाब तहसीलदार किसानों के बीच पहुंचे। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने नायब तहसीलदार को किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं से अवगत कराकर माननीय मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंप कर सभी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

इसके बाद भाकियू लोकशक्ति के



## डीएम को सौंपा मांगों से सम्बंधित ज्ञापन

पदाधिकारी जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिलकर किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और समस्याओं का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में किसानों ने कहा कि बिलाई शुगर मिल द्वारा गन्ना किसानों का बकाया भुगतान अविलंब दिलाया जाए। और जिले की सभी शुगर मिलों का संचालन अक्टूबर माह में ही शुरू करना सुनिश्चित करें। जिले में व्याप्त आदमखोर गुलदारो के आंतक से मुक्ति दिलायी जाए और गुलदार के हमले में जान गंवाने वाले के परिजनों को 50 लाख रूपये और घायलों को 20 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। गन्ने की खेती में लगने वाली लागत को ध्यान में रखते हुए आगामी गन्ना पेराई सत्र 2025 - 26 में गन्ने का भाव 500 रू /कुंतल घोषित करें। जब सरकार द्वारा नलकूपों की बिजली फ्री कर दी गयी है तो उसके बाद किसानों के नलकूपों पर मीटर क्यो लगायें जा रहे हैं। नलकूपों पर लगाये जा रहे मीटरों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए।

अत्यधिक वर्षा के कारण कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात बने, ऐसे में किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। शीघ्र प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। शुगर मिलों में कार्य करने वाले किसानों के बालकों और मजदूरों की शुगर मिल प्रबंधन की लापरवाही के कारण आये दिन दुर्घटनाओं में जान गंवानी पड़ रही है और मिल प्रबंधन व शासन प्रशासन गम्भीर नहीं ले रहा है। मामले में जांच कराकर उचित कार्यवाही करें। किसानों को 24 घंटे फ्री निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाए। 60 वर्ष से ऊपर के किसानों व मजदूरों को जीवन यापन हेतु 10000 रू मासिक पेंशन दी जाए। किसानों पर बैंकों के सम्पूर्ण कर्ज को माफ किया जाए। सभी टोल प्लाजा पर किसानों को फ्री आने जाने की सुविधा प्रदान की जाए। खादर क्षेत्र में वालावाली से रावली तक गंगा कटान को रोकने के लिए पक्का तटबंध निर्माण किया जाए। जनपद बिजनौर में विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किसानों से अवैध धन उगाही व अभद्रता की जा रही है। ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों का एक से दूसरे विद्युत उपकेन्द्र पर ट्रांसफर करते रहना चाहिए। गांवों में डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों की रोकथाम के लिए मच्छर मारने का छिड़काव कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिला स्तर की सभी समस्याओं के अति शीघ्र समाधान कराने और शासन स्तर की समस्याओं से शीघ्र शासन को अवगत कराने का ठोस आश्वासन दिया।

मासिक पंचायत में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, जग्गन अली,चौ. सतबीर सिंह, चौ. भूपेंद्र सिंह, चौ. देवेंद्र सिंह प्रधान जी, प्रदीप राणा, गौरव चौधरी, डॉ. अरूण कुमार, जोगेंद्र सिंह, रामकुमार सिंह, शीशपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, शेर सिंह, योगेंद्र सिंह काकरान, संदीप उपाध्याय, अतुल कुमार, मूला सिंह,नरेश नेता जी, सुखवीर सिंह , अमित राजपूत, रामअवतार राजपूत, देवेन्द्र शर्मा, नौबहार सिंह, नरेश मास्टर, नरेश कुमार, मुव्वशीर वेग, अकरम अली,मूला सिंह, नीटू राणा, राहुल कुमार, अमित राणा, अवधेश चौधरी, विनीत कुमार, भीम सिंह, रोबिन राणा, हुकुम, शहाबुद्दीन अहमद, नईम, सचिन, फुरकान अली, अंकित राठी, आशीष मोदी, परवेंद्र सिंह मलिक, सामत रजा, प्रितम सिंह, महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी, मधु रानी आदि भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अक्टूबर से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान

## डीएम ने ली अंतर विभागीय समन्वय बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में तहसील सदर के डबाकरा हाल में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए अंतर विभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक तथा 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। इस पर उन्होंने अभियान से संबंधित सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी-अपनी कार्य योजना तैयार कर अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाना सुनिश्चित करें। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर समुचित साफ सफाई बनाए रखें तथा समय समय पर कीटनाशक दवाओं एवं फॉगिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।



उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये की संचारी रोग एवं वैक्टर जनित रोग के बचाव व सावधानी के बारे में निरंतर प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें तथा अभियान को पूर्णत: सफल बनाने में किसी भी स्तर से कोई कसर न छोडी जाये। उन्होंने कहा कि डेंगू/संचारी रोगों तथा मलेरिया बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसके लिए अंतर विभागीय सहयोग से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जाये।

उन्होंने जिला पंचायत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेषकर झाडियों की कटाई करना सुनिश्चित करें एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई तथा जल निकासी का विशेष ध्यान रखे। नगरीय क्षेत्रों मे समस्त अधिशासी अधिकारी कचरा निस्तारण तथा नालियों की सफाई के साथ-साथ पेयजल की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखें। अपने रोस्टर के अनुसार कार्य करते हुये बुखार के रोगी मिलने पर विशेषतया उस क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव एवं फॉगिंग कराये जाने के निर्देश प्रदत्त किय जाये।

उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान जिस प्रकार विगत वर्षों में सफलतापूर्वक संचा. लित हुआ उससे बेहतर और गुणवत्ता पूर्वक रूप से माह अक्टूबर में आयोजित अभियान आयोजित होने वाले संचारी एवं दस्तक अभियान को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेंद्र सिंह, आईएएस/ बीडीओ कुणाल रस्तोगी, जिला मलेरिया अधिकारी मंजूषा गुप्ता तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# 'ओपन डोर' के विशेषांक का लोकार्पण

**बिजनौर।** जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार व साहित्य भूषण सम्मान से अलंकृत हितेश कुमार शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित 'ओपन डोर' के विशेषांक का लोकार्पण सिविल लाइंस स्थित गणपति भवन पर किया गया। इस अवसर पर डॉ. पंकज भारद्वाज ने बताया कि शर्मा जी की अब तक विभिन्न विधाओं पर 100 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें साहित्य भूषण सम्मान भी दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 90 वर्ष की आयु में भी उनकी लेखनी क्रियाशील है। इस अवसर पर हितेश शर्मा ने कहा कि अब तक जो भी हो पाया है, मेरी कलम से हो पाया है और वहीं मैंने समाज को समर्पित कर दिया। ओपन डोर के संपादक अमन त्यागी ने कहा कि ओपन डोर का उद्देश्य सभी लब्ध प्रतिष्ठित हिंदी साहित्यकारों के जीवन और कृतित्व को सजाना है। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार, उषा शर्मा, ललित शर्मा एड., तन्मय त्यागी, मौहम्मद आफताब, आशु कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# रक्तदाताओं को किया सम्मानित

**धामपुर।** रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से आयोजित किए गए रक्तदान शिविर मे 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान करके मानवता का परिचय दिया। रक्तदान करने वालों में महिलाएं भी शामिल रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के संबंध में चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी में रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष रोटेरियन विवेक अग्रवाल, सचिव रोटेरियन सरदार गगनदीप सिंह चावला तथा कोषाध्यक्ष रोटेरियन शिवम नंदा के अलावा शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं सर्वोदय ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर के डायरेक्टर रोटेरियन डॉ. एनपी सिंह के निर्देशन एवं संयोजन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में सबसे पहले रक्तदान करने वाले तीन रक्तदाताओं में विपिन चौहान, प्रांजल रस्तोगी, गोल्डी गर्ग शामिल रहे जिनको विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी चिकित्सक डॉ. रवेंद्र सिंह ने हेलमेट प्रदान करके सम्मानित किया। इसी प्रकार शेष 29 रक्तदाता भी निरंतरता बनाए रहे और उनको हेलमेट देकर संस्था के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के जरिये स्तन कैंसर जागरूकता को दिया बढ़ावा

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट की व्यापक पहुंच का उपयोग सामाजिक बदलाव लाने के लिए करते हुए, भारत की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और बीसीसीआई ने मिलकर 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के माध्यम से स्तन कैंसर जागरूकता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाया। इस पहल के तहत, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में खास गुलाबी जर्सी पहनी, जिस पर 'थैंक्स-ए-डॉट' का लोगो बना हुआ था। इस पहल ने दिखाया कि खेल की एकजुट करने वाली शक्ति का उपयोग महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने, स्तन की स्वयं-जांच और शीघ्र पहचान के महत्व के बारे में बातचीत को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है, जो स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### अमेरिका ने चार में से तीन रिले खिताब जीते

**टोक्यो, वार्ता।** रविवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन संयुक्त राज्य अमेरिका ने चार में से तीन रिले स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्प्रिंट शक्ति का परिचय दिया। बोत्सवाना ने पुरुषों की 4x400 मीटर रिले में दिन का सबसे बड़ा आश्चर्य किया, 2 मिनट 57:76 सेकंड का समय लेकर अमेरिकियों को केवल 0:07 सेकंड से पीछे छोड़ दिया, जबकि दक्षिण अफ्रीका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बोत्सवाना की बुसांग कोलेन केबिनातशिपी ने कहा कि मौसम की वजह से मुझे सबसे रणनीतिक चरण में दौड़ना पड़ा। मुझे सबसे पहले फिनिश लाइन पार करने की खुशी है। मैं दो स्वर्ण पदक जीतकर घर लौटने के लिए बहुत आभारी हूँ।

# बीसीसीआई अध्यक्ष की दौड़ में आगे मिथुन



● 28 सितम्बर को होगा आधिकारिक ऐलान, 157 फर्स्ट क्लास मैच खेले इंटरनेशनल मैच एक भी नहीं

**मुंबई, वार्ता।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास अगले बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के लिए तैयार हैं।

बीसीसीआई के विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले, शनिवार तक, मन्हास अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र नाम थे, जो इस साल अगस्त में पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी के पद छोड़ने के बाद से खाली है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला तब से अंतरिम रूप से इस पद पर कार्यरत थे। बीसीसीआई पदाधिकारियों में एक और क्रिकेटर के शामिल होने की संभावना है, कर्नाटक और भारत के पूर्व स्पिनर रघुराम भट कोषाध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। भट वर्तमान में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। मन्हास, जो अक्टूबर में 46 वर्ष के हो जाएंगे, जम्मू और कश्मीर क्रिकेट संघ के संचालन के लिए बीसीसीआई द्वारा नियुक्त उप-समिति का हिस्सा हैं। जम्मू में जन्मे मन्हास 2015 में दिल्ली से जम्मू और कश्मीर चले गए थे और उसके अगले वर्ष सेवानिवृत्त हो गए। तब से उन्होंने विभिन्न टीमों के साथ कोच के रूप में काम किया है, जिसमें बांग्लादेश पुरुष अंडर-19 टीम के बल्लेबाजी सलाहकार के साथ-साथ आईपीएल टीमों किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के लिए भी काम किया है। भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जहां उन्होंने 9714 रन बनाए( 130 लिस्ट ए मैचों में 4126 रन बनाए( और 91 टी20 मैचों में 1170 रन बनाए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो को पता चला है कि मन्हास का नाम शनिवार को दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक में सामने आया, जिसमें बीसीसीआई के कुछ प्रमुख पूर्व और वर्तमान सदस्य शामिल हुए, जिनमें वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, शुक्ला, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली और पूर्व बोर्ड सचिव निरंजन शाह शामिल थे। विभिन्न पदाधिकारियों के लिए चुनाव 28 सितम्बर को मुंबई में होने वाली बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक में होने वाले हैं। हालांकि, रविवार के अंत तक नए नामांकन दाखिल नहीं किए जाते, तो दिल्ली बैठक में चर्चा किए गए नामों के अंतिम होने की उम्मीद है। माना जा रहा है

## मिथुन मन्हास को बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए जेके क्रिकेट संघ ने दी शुभकामनाएं

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ और जम्मू-कश्मीर के पूर्व रणजी ट्रॉफी कप्तान अश्विनी गुप्ता ने मिथुन मन्हास के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ के सदस्य प्रशासन, ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने 'यूनीवार्ता' से कहा कि मैंने मिथुन मन्हास के बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किए जाने खबर सुनी है। अगर ऐसा होता है तो यह जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी खबर होगी। वह बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में जेकेसीए के नामित सदस्य हैं। अगर हममें से कोई बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना जाता है, तो हमारे लिए इससे बड़ी खबर और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से कहूं तो, वह इस पद के लिए बिल्कुल सही व्यक्ति हैं क्योंकि एक उत्कृष्ट क्रिकेटर होने के अलावा उन्हें प्रशासन का भी अच्छा अनुभव है क्योंकि वह जेकेसीए के क्रिकेट संचालन और विकास सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे। इस भूमिका में उनका योगदान अद्वितीय है और यह जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के उत्थान और राष्ट्रीय स्तर पर जेकेसीए के खिलाड़ियों की संख्या को

## भारत 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई साइक्लिंग परिसंघ ने भारतीय साइक्लिंग महासंघ (सीएफआई) को एक ईमेल लिखकर भारत के मेजबानी अधिकारों की पुष्टि की है।

भारतीय साइक्लिंग महासंघ ने रविवार को घोषणा की कि भारत को 2029 एशियाई ट्रैक और पैरा ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। महासंघ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत ने 2029 एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई है और उसे इसकी मेजबानी मिल गई है। यह घटनाक्रम गुरुवार को एशियाई साइक्लिंग महासंघ की एक समिति की बैठक के बाद सामने आया है। एसीसी अध्यक्ष अमरजीत सिंह गिल ने सीएफआई को भेजे एक ईमेल में लिखा कि 18 सितम्बर 2025 को हुई एसीसी प्रबंधन समिति की बैठक में हुई चर्चा के बाद, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल बोली के परिणामस्वरूप, भारतीय साइक्लिंग महासंघ को आगामी 2029 एशियाई ट्रैक और पैरा ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार प्रदान किए गए हैं।

# हाथ मिलाना पूरी तरह से टीम का आंतरिक मामला: वेंकटेश प्रसाद



● कहा: भारत अब बिल्कुल अलग स्तर पर है, दोनों टीमों के बीच पहले के मुकाबले अब बहुत बड़ा अंतर है

**हुबली, वार्ता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने आज कहा कि हाथ मिलाना या मैदान पर अन्य शिष्टाचार जैसे फैसले पूरी तरह से टीम का आंतरिक मामला है और समकालीन क्रिकेट में पाक पर भारत की स्पष्ट बढ़त की व्यापक वास्तविकता को इससे प्रभावित नहीं होना चाहिए।

दुबई में चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच एशिया कप 2025 के सुपर 4 मुकाबले से पहले यहां पत्रकारों से बात करते हुए, प्रसाद ने हाथ मिलाने और मैदान पर इशारों को लेकर हाल ही में चल रही बहस पर बात की। उन्होंने कहा कि कोई टीम हाथ मिलाना चाहती है या नहीं, यह पूरी तरह से उनका फैसला है। अगर कोई ईमानदारी से खेल रहा है, तो आप खेल भावना के अनुरूप खेलते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन ये आंतरिक फैसले हैं, और मैं बाहर से इस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता। प्रसाद ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट के बदलते संदर्भ पर विचार किया और कहा कि इस तरह के इशारे, प्रतीकात्मक होते हुए भी, टीमों के बीच व्यापक मतभेदों की तुलना में मामूली हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब बिल्कुल अलग स्तर पर है। दोनों टीमों के बीच पहले के मुकाबले अब बहुत बड़ा अंतर है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारतीय खिलाड़ी अब खेल के हर पहलू में पूरी स्पष्टता के साथ काम करते हैं। उन्होंने मौजूदा भारतीय टीम के आत्मविश्वास और तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के पास हर पहलू में स्पष्टता है।

# भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को हराया



● पुरुष अंडर-19 टीम ने पहले यूथ वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** हेनिल पटेल (तीन विकेट) तथा किशन कुमार और कौशिक चौहान (दो-दो विकेट) के बाद अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 87 ) और वेदांत त्रिवेदी (नाबाद 61) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की पुरुष अंडर -19 टीम ने रविवार को पहले यूथ एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे की जोड़ी ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। वैभव ने 22 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रनों की पारी खेली। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे (छह) और विहान मल्होत्रा नौ के विकेट जल्द गंवा दिये। लेकिन बाद वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 30-3 ओवरों में 227 रन बनाकर भारत को सात विकेट से जीत दिला दी। अभिज्ञान कुंडू ने 74 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 87 रनों की पारी खेली और वेदांत त्रिवेदी ने 69 गेंदों में आठ चौको की मदद से नाबाद 61 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से चार्ल्स लैचमुंड ने दो विकेट लिए। हेडन शिलर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की अंडर -19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम को शुरुआत में ही झटका लगा।

किशन कुमार ने पहले ही ओवर में दोनो सलामी बल्लेबाजों एलेक्स टर्नर और साइमन बज को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। इसके बाद स्टीवन होगन और विल मालाजचुक ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 33 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों को हेनिल पटेल ने आउट किया। स्टीवन होगन ने 39 रन बनाये, विल मालाजचुक 17 रन बनाकर आउट हुए।



# सात्विक-चिराग को रजत से करना पड़ा संतोष

● सात्विक-चिराग को विश्व नंबर-1 जोड़ी कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 45 मिनट तक चले मुकाबले हारे

**निंगबो, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 में रजत पदक से संतोष करना पड़ा

सात्विक-चिराग को विश्व नंबर 1 जोड़ी कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे से 45 मिनट तक चले कड़े फाइनल में 21-19, 21-15 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सात्विकऔर चिराग शेट्टी ने सेमीफाइनल में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वे अपने प्रदर्शन को फाइनल में नहीं दोहरा पाए। यह सात्विक-चिराग की चाइना मास्टर्स के फाइनल में दूसरी उपस्थिति थी। इससे पहले वे टूर्नामेंट के 2023 संस्करण में भी उपविजेता रहे थे। इससे पहले, उन्होंने पेरिस में अपना दूसरा विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक भी

# भारत एएफसी फुटसल एशियन कप क्वालीफायर में कुवैत से हारा

**नई दिल्ली/कुवैत, वार्ता।** भारत को एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में मेजबान कुवैत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अर्दिया के कुशैन अल-मुतैरी हॉल में शनिवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम को कुवैत के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा एआईएफएफ ने अपने बयान में कहा कि भारत ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंतत: मेजबान कुवैत के खिलाफ शनिवार को कुशैन अल-मुतैरी हॉल में एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। हाफ-टाइम तक कुवैत के पास 2-1 की मामूली बढ़त के साथ खेल रही थीं। बयान में कहा गया कि यह एएफसी फुटसल एशियन कप क्वालीफायर्स में भारत की दूसरी उपस्थिति थी और 135वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम को पता था कि उनका सामना कुवैत जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी से होगा, जो विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर है। अनुभव और रैंकिंग में अंतर के बावजूद, ईरानी मुख्य कोच रेजा कोर्डी के मार्गदर्शन में भारत ने सराहनीय धैर्य और सामरिक परिपक्वता दिखाई। नौवें मिनट में भारत को सफलता उस समय मिली जब लालसंगकिमा ने कुवैत की रक्षापंक्ति को भेदते हुए एक तेज गेंद डाली और डेविड लालटलानसांगा ने उसे पकड़कर गोलकीपर फवाद अल खवारी को छकाते हुए एक जबरदस्त गोल दागा। इस गोल ने घरेलू दर्शकों को चौंका दिया और भारत को एक अच्छी बढ़त दिला दी। यह लालटलानसांगा का आठवा अंतर्राष्ट्रीय गोल था, वह पुरुष फुटसल में भारत के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर बन

# नूर और मुजीब को डिमेरिट अंक मिले

● नूर को आर्टिकल 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन का आरोप लगा



**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद और मुजीब उर रहमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 का उल्लंघन करने पर एक-एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। यह घटना गुरुवार को अबु धाबी में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान हुई।

नूर को आर्टिकल 2-8 का उल्लंघन करते पाया गया, जिसका मतलब है अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फ़ैसले पर असहमति दिखाना। जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2-2 का उल्लंघन करने का आरोप लगा, जो क्रिकेट उपकरण, कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स का दुरुपयोग करने ` संबंधित है। मुजीब ने मैच के दौरान अपने तौलिए से स्टंप तोड़ दिए थे। नूर ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर में असहमति जताई थी, जब अंपायर ने उनकी एक गेंद को वाइड करार दिया था। मैदान पर मौजूद अंपायर आसिफ याकूब और वीरेंद्र शर्मा, तीसरे अंपायर फ़ैसल अफरीदी और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाए। दोनों खिलाड़ियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सज़ा को मान लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। अफ़ग़ानिस्तान का एशिया कप अभियान श्रीलंका से छह विकेट से हारने के बाद समाप्त हो गया।

# दुबई में दम दिखाएगी रियल कबड्डी लीग

● भारत, ईरान, बांग्लादेश, यूएई और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए एक विश्व स्तरीय इनडोर एरिना में जोरदार टक्कर देंगी

**दुबई, वार्ता।** भारतीय कबड्डी को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए रियल कबड्डी लीग (आरकेएल) दिसंबर 2025 में दुबई में अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय संस्करण के साथ इतिहास रचने को तैयार है। भारत, ईरान, बांग्लादेश, यूएई और ऑस्ट्रेलिया की टीमें इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए एक विश्व-स्तरीय इनडोर एरिना में जोरदार टक्कर देंगी। शुभम चौधरी द्वारा स्थापित आरकेएल, जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को निखारने और कबड्डी को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का एक सशक्त मिशन है। लीग के एम्बेसडर, युवा आइकन रणविजय सिंह और कबड्डी दिग्गज राहुल चौधरी इस स्वदेशी खेल को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। सिंह ने कहा कि कबड्डी में वैश्विक खेल बनने की पूरी क्षमता है, और हम इसे दुबई में साकार करेंगे। वहीं, चौधरी ने उत्साह जताते हुए कहा कि यह लीग युवा प्रतिभाओं को चमकने का मौका देगी और कबड्डी को गांवों से वैश्विक मंच तक ले जाएगी। लीग को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संरक्षकों का मजबूत समर्थन प्राप्त है। शिवसेना-एनडीए के राष्ट्रीय समन्वयक डा. अभिषेक वर्मा ने कहा, ष्कबड्डी भारत की संस्कृति और टीम वर्क का प्रतीक है। आरकेएल के माध्यम से हम इसे विश्व मंच पर ले जा

# विश्वास था हम कहीं से भी जीत सकते हैं: मंधाना



## स्मृति मंधाना ने कहा कि यह दिखाता है कि टीम का हर एक खिलाड़ी एक मैच विनर है

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली में हुए तीसरे वनडे में जब ऑस्ट्रेलिया की टीम ने बेथ मूनी के शानदार शतक की मदद से भारत को 413 रनों का विशाल लक्ष्य दिया, तब शायद बहुत कम लोगों ने ही सोचा होगा कि भारतीय टीम इस स्कोर के इतने करीब जाएगी और जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन ड्रेसिंग रूम में यह विश्वास शुरू से था, जिसकी मदद से भारतीय टीम एक समय मैच जीतने की कग़ार पर लग रही थी और उन्होंने आखिर तक ऑस्ट्रेलिया को पर्याप्त टक्कर दी। 63 गेंदों में 17 चौके और पांच छक्कों की मदद से रिकॉर्ड 125 रनों की पारी खेलने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा कि टीम में शुरू से यह विश्वास था कि वे लक्ष्य के पीछे जाएंगे। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंधाना ने कहा कि पारी के ब्रेक के दौरान हमारी यही बातचीत थी कि विकेट सपाट है और आउटफ़ील्ड बहुत तेज है, इसलिए हम लक्ष्य तक जा सकते हैं। हमारे पास भी बल्ला है और हम भी यहां पर क्रिकेट ही खेलने आए हैं। आप लोगों (गेंदबाज़ों) ने अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदें डालीं और उन्हें रोकने की कोशिश की। हम भी अपना सर्वश्रेष्ठ करेंगे और उन रनों को हासिल करने की कोशिश करेंगे। टीम में विश्वास हमेशा से बहुत ऊपर था। हम ये 413 रन का लक्ष्य वाकई में हासिल करना चाहते थे क्योंकि यह टीम का कैरेक्टर दिखाता। हालांकि बीच में कुछ विकेटें गिरी। मैं फ़ुलटॉस पर आउट हुई, ऋचा (घोष) को दुर्भाग्यशाली ढंग से रनआउट होना पड़ा और कुछ चीज़ें हमारे पास पक्ष में नहीं गईं। लेकिन मुझे इस टीम पर पूरा गर्व है। जिस तरह से सभी ने इस पूरे सीरीज के दौरान प्रदर्शन किया, वह टीम का कैरेक्टर दिखाता है। ऑस्ट्रेलिया के 412 रनों के जवाब में भारतीय टीम का स्कोर एक समय 20 ओवरों में दो विकेट के नुक़सान पर 206 रन था। भारतीय उपकप्तान और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच 69 गेंदों में 121 रनों की साझेदारी हो चुकी थी और टीम का रन रेट 10 से ऊपर का था। लेकिन 21वें ओवर में हरमनप्रीत का विकेट गिरा और अगले ओवर में मंधाना भी पवेलियन में थीं। मंधाना के आउट होने के बाद भारतीय टीम के विकेट लगातार गिरते रहे और लग रहा था कि भारतीय टीम मैच में शायद आगे टक्कर नहीं दे पाए। लेकिन फिर दीप्ति शर्मा ने स्नेह राणा के साथ मोर्चा संभाला और आठवें विकेट के लिए 54 गेंदों में 65 रनों की साझेदारी कर भारत की उम्मीदों को जिंदा रखा। मंधाना ने कहा कि यह दिखाता है कि टीम का हर एक खिलाड़ी एक मैच विनर है। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ़ 11 बल्कि टीम के सभी 15 खिलाड़ी मैच विनर हैं। मुझे नहीं लगता कि टीम का कोई खिलाड़ी मुझ पर या किसी और पर कोई दबाव डाल रहा है। जब आप अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हो, तो कोई दबाव नहीं होता है। यह हमारा कर्तव्य होता है। और दूसरी बात, मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है कि हम किसी भी समय मैच को जीत सकते हैं। पिछले 12 महीनों में हमने लगातार 300 या उसके ऊपर का स्कोर बनाया है और प्रतिका (रावल), हरलीन (देओल), जेमिमा (रॉड्रिग्स), हरमन (हरमनप्रीत सिंह) सबने शतक लगाया है। इसलिए यह टीम किसी एक पर निर्भर नहीं है। मंधाना ने इस मैच में सिर्फ़ 50 गेंदों में शतक बनाया और भारत की तरफ़ से सबसे तेज वनडे शतक (पुरुष और महिला क्रिकेट मिलाकर) वाली बल्लेबाज बनीं। यह महिला

CMYK



# मां शाकम्भरी देवी मेला की व्यवस्थाएं पूर्ण

## डीएम मनीष बंसल व एसएसपी आशीष तिवारी ने मेला परिसर में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा 22 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सिद्धपीठ मेला माँ श्री शाकम्भरी देवी के आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं के लिए मेला परिसर का निरीक्षण किया गया।

श्री बंसल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। सभी विभाग सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध करते हुए कहा कि श्रद्धालुगण मौसम के दृष्टिगत ही मां के दर्शनों एवं पूजा अर्चना की प्लानिंग बनाएं। जिल प्रशासन एवं जिला पंचायत श्रद्धालुओं को हर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने बताया कि पार्किंग व्यवस्था के दृष्टिगत जमीन चिन्हित कर ली गई है। मेला की समस्त व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया गया है। स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर रहें इसके लिए बेहतर साफ-सफाई के निर्देश दिए गए है। भण्डारों में मेला अवधि के दौरान एवं बाद में साफ-सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। सफाई कर्मचारियों एवं सुपरवाईजर की ड्यूटी लगा दी गई है। सीसीटीवी कैमरों से संपूर्ण मेले पर नजर रखी जाएगी तथा बेरीकेटिंग कर दी गई है।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बेहट मानवेन्द्र सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत चन्द्रवीर सिंह, प्रबन्धक श्री शाकम्भरी देवी मंदिर आदित्य राणा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नशीला पदार्थ सुंघाकर पांच लाख की नकदी उड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे के मोहल्ला सड़कपार धोबियान में एक महिला ने दिन दहाड़े एक घर में घुसकर लड़की को नशीला पदार्थ सुंघाकर घर की अलमारी में रखे पांच लाख की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

पुलिस को दी गई तहरीर में वाजिद पुत्र वहीद ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब दो बजे एक महिला भीख मांगने के लिए अंदर मकान में घुसी और उसकी बेटी सोफिया को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करने के बाद अलमारी कैश व सामान चोरी कर ले गई। वाजिद का तहरीर में दावा है कि उसका पांच लाख कैश चोरी हुआ है। महिला बुर्का पहने हुए थी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की। उधर, पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।

# रालोद निकालेगा एकता यात्राः चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि दो से 31 अक्टूबर तक पूरे देश में एकता यात्रा निकाली जायेगी और 25 सितंबर को जनपद में मंडल कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि रालोद अकेले ही पंचायत चुनाव लडेगी।

हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल संगठन को मजबूत करने और विस्तार देने के लिए दो अक्टूबर से देशभर में एकता यात्रा निकलेगा।रालोद के 18 मंडलों में सम्मेलन होंगे। सभी सम्मेलन में पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी मौजूद रहेंगे। 31 अक्टूबर को एकता यात्रा का समापन होगा।यात्रा में सभी वर्गों के लोगों को जोड़ा जाएगा। लोगों की समस्या सुनकर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि एकता यात्रा की जिम्मेदारी पार्टी के सभी 14 प्रकोष्ठों को दी गई है। एक सवाल के जवाब में चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल अकेले चुनाव लड़ेगी।एकता यात्रा के बाद सभी कार्यकर्ता पंचायत चुनावों की तैयारी में जुट जाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, जिला उपाध्यक्ष जगपाल नवादा, कमल झरौली, सोनू राणा, अभिनव लाठर, आशीष तोमर, सचिन चौधरी, रवि चौधरी, अनुज, सुधीर आदि उपस्थित रहे।

# डा. युसुफ व डा. हफीज शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय के दो संकाय सदस्य स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी-एल्सेवियर विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हो गये।

ग्लोकल विश्वविद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि ग्लोकल विश्वविद्यालय के दो संकाय सदस्य स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी-एल्सेवियर विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुए हैं। डॉ. मोहम्मद यूसुफ, रसायन विज्ञान लगातार चौथी बार इस सम्मान के पात्र बने हैं, वहीं डॉ. अब्दुल हफीज, फार्मेसी भी पहली बार इस सूची में स्थान प्राप्त किया हैं।

इस उपलब्धि पर ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि शोध और नवाचार के प्रति उनकी निरंतर निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है।

# केंद्र व राज्य सरकार लें पीड़ितों के पुनर्वास का निर्णयः रावत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य हरीश रावत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार सयुँक्त रूप से आर्थिक सहायता और पुनर्वास के लिये बड़ा निर्णय लें। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा मेरे पास सीबीआई को भेजना शुरू कर देती है।

हरीश रावत ने यह बात देहरादून से भगवानपुर जाते समय छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी मुजत. बा एडवोकेट के आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अपनी स्वतंत्रता व स्वायत्तता को लेकर भाजपा से पूरी तरह कंप्रोमाइज कर लिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा लगातार टैरिफ बढ़ाने के बाद अब अमेरिका ने एच1-बी वीजा शुल्क बढ़ाकर हमारे नौजवानों के लिए अमेरिका का रास्ता बंद कर दिया। रास्ता बंद करते वक्त आप यह भूल गये आज की समृद्ध और तकनीकी रूप से अमेरिका को सक्षम बनाने में भारत के ही दक्ष नौजवानों का योगदान है। हां, इतना अवश्य है कि टैरिफ के बाद अब एच1-बीवीजा शुल्क बढ़ाना, हमारे राजनयिक कुशलता पर जरूर सवाल खड़ा कर रहा है केंद्र सरकार लगातार फेल होती नजर आ रही है।

उत्तराखण्ड में आपदा पर उन्होंने कहा कि बहुत ही दु:खद और चिंता का विषय है केंद्र और राज्य सरकार सयुँक्त रूप से आर्थिक सहायता और पुनर्वास के लिये बड़ा निर्णय लें जो परिवार इस आपदा में खत्म हो गये है उन सब के लिये विशेष पैकेज की घोषणा करे जिनकी फसले और घर बर्बाद हो गये। उन्होंने कहा ऐसा लगता है कि सत्ता ने निर्णय कर लिया है कि उत्तराखंड के पास सार्वजनिक कार्यों के लिए कोई संपदा नहीं बचनी चाहिए। कल के आने वाले उत्तराखंड को यदि किसी भूखंड की आवश्यकता पड़े।

इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, मनोज चौधरी, रावयूसुफ, राव आरिफ, आजम मलिक, कध्दूस मलिक, महबूब तलहेड़ी, भूरा क्यूम मलिक, रिजवान, अरशद मलिक, परवेज, मुजम्मिल अंसारी, जुल्फकार मालिक, बुरहान, रामबीर सिंह, इस्लाम, पदम् सिंह, धर्मेंद्र सिंह, याहिया मलिक, परवीन ठेकेदार, फेसल मिर्जा, वकील मलिक आदि मोजूद् रहे।

# महिला हत्याकांड में पकड़े दो बाल अपचारी

**चिलकाना।** ग्राम दुमझेडा में हुए महिला हत्या कांड में पुलिस ने 2 बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है। बाकि अन्य 2 आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

ज्ञात हो कि विगत बृहस्पतिवार को गांव दुमझेडा निवासी माहिल पुत्र चमन का शव घायल अवस्था में दुमझेडा से कस्बा चिलकाना आने वाले कच्चा पक्का रास्ते पर पडा हुआ मिला था। शव के निकट ही खून से सने हुए डंडे भी पड़े हुए पाए गए थे। परिजनों ने गांव निवासी 04 युवकों द्वारा माहिल की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाना पर तहरीर दी थी। पुलिस ने मृतक की माँ कमलेश की तहरीर पर गांव के ही चारों युवकों अक्षय पुत्र राकेश, अनमोल पुत्र राकेश, अनित पुत्र गोपी व अंश पुत्र अनिल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

जिसके बाद शुक्रवार को मृतक माहिल के परिजनों ने हत्यारोपीयों की गिरफ्तारी को लेकर थाना के सामने रोड जाम भी कर दिया था। आज शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया है कि उक्त प्रकरण में शामिल दो हत्यारोपी बाल अपचारीयों को गिरफ्तार किया गया है, जिनको न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# संवाद से शांति व सहयोग का संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कारितास इंडिया द्वारा विश्व शांति दिवस के मौके पर आयोजित किये गये अंतर्धामिक गुरूओं के साथ संवाद कार्यक्रम में धार्मिक दृष्टिकोण से समाज को शांति और सहयोग का संदेश दिया।

प्रमुख अतिथियों में मेरठ प्रांत के बिशप स्वामी फादर भास्कर जेशुराज, फादर जॉन चीमन, मुस्लिम धर्म से मौलवी फरीद मजाहिरी, कारी हस्सान, फादर जोमेन जोसेफ, सिख धर्म से सरदार दलजीत सिंह कोचर एवं बलजीत सिंह चावला, हिंदू धर्म से पंडित अमित चोबे एवं महामंडलेश्वर धीरजानंद जी, समा. जसेवी रश्मि टेरेंस, जैन धर्म से श्रीमती रूबी जैन तथा सेंट मेरी एकेडमी की प्रिंसिपल सिस्टर शीला सम्मिलित रहे। इसके साथ ही शांति सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ड्राइंग, क्विज, क्रिकेट एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं, धर्मगुरुओं तथा मीडिया प्रतिनिधियों को मोमेंटो और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। धर्मगुरुओं ने शांति का संदेश देते हुए कबूतर उड़ाए और शांति सद्भावना वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कारितास इंडिया के कंसल्टेंट अवधेश कुमार, कुलदीप त्यागी, जुबेर अहमद, नितिन कुमार, वॉलंटियर संगीता, रजनी, अंबिका, महेश थापा, अफजाल, आशीष कुमार, शबाना आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अंबर रजा और अनिमेष विलियम्स ने किया।

# जहानपुर से देशी शराब के साथ दो रंगे हाथ पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और आपराधिक गति. विधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बिहारीगढ़ थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम जहानपुर निवासी दो आरोपियों को अवैध देशी शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने कहा कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी चलती रहेगी।

थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध शराब की सप्लाई करने की फिराक में हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ग्राम जहानपुर निवासी भीम पुत्र नाथीराम और अर्जुन पुत्र धर्म सिंह को दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से 65 पाउच अवैध देशी शराब बरामद की गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. विजय सिंह, उ.नि. अशोक कुमार, हे. का. विकास कुमार और रवि कुमार शामिल रहे। पुलिस टीम के इस प्रयास की सराहना क्षेत्रवासियों ने भी की है।

# गंगोह विधायक चौ. किरत ने किया श्रीराम बारात का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** रविवार श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में श्रीराम बरात की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह और जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों ,डीजे सुंदर झांकियां मुख्य आकर्षण केंद्र रहीं। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजकुमार खुराना, विनोद मित्तल, सनी मित्तल, मनोज गुप्ता, मुकेश कश्यप, हरिश कुमार, राहुल जैन, नरेश गोयल, अंकुर कश्यप, महावीर कश्यप रवि कश्यप, अरविंद प्रधान, राकेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शातिर बदमाश पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर अपराधों पर नियंत्रण एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक रविंद्र नागर के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश सुएब पुत्र वहीद निवासी 62 फुट रोड नुआयरा स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चाकू नाजायज बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरा. पी सुएब ने बताया कि मैं नशा करने का आदी हूं और बरामद चाकू को दिखाकर किसी भी व्यक्ति को दिखाकर उससे पैसे छीन लेता हूं।

# प्रतिबंधित पोलोथीन के खिलाफ अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में प्रतिबंधित पॉलीथीन के धड़ल्ले से हो रहे उपयोग पर नगर पालिका परिषद व थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर सख्ती दिखाई।

रविवार की अचानक हुई कार्रवाई से बाजारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान नयागांव रोड, तहसील रोड, अंबेडकर चौक, मुख्य बाजार, जनक बाजार और पुराना स्टैंड जैसे भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में व्यापक चेकिंग की गई। दुकानों में पॉलीथीन की थैलियों की तलाशी ली गई। कई दुकानदारों को चेतावनी देकर कड़ी नसीहत भी दी गई। उधर नगर चल रही कारवाई की भनक लगते ही कई व्यापारी हड़बड़ी में अपनी दुकाने छोड़कर इधर उधर हो लिए।

संयुक्त चेकिंग टीम में नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक सुरेश सैनी, पंकज रोहिला, सुलेमान खान, दानिश सैफी, कंवरपाल तथा पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुभाष कुमार, कांस्टेबल तरुण कुमार, कांस्टेबल मतीन अहमद शामिल रहे। वहीं नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक सुरेश सैनी ने स्पष्ट कहा कि पर्यावरण तथा जनस्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली प्रतिबंधित पॉलीथीन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

व्यापारी स्वेच्छा से इसका उपयोग बंद करें दें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही तय है। उन्होने कहा कि आने वाले दिनों में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# लावारिस व अज्ञात अस्थियां गंगा विसर्जन को रवाना

## श्री सनातन धर्म प्रचारक समिति का अदभुत कार्य, पितृ गायत्री का भी किया जाप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री सनातन धर्म प्रचारक समिति उत्तर भारत के द्वारा एक अद्भुत कार्य को संपन्न किया गया। समिति के द्वारा विभिन्न स्थानों पर रखी गई लावारिस और अज्ञात अस्थियों का संचय कर उनको पितृ गायत्री का जाप कर मां गंगा में विसर्जन का कार्य किया गया।

इस पुण्य कार्य में मुख्य यजमान के रूप में रायवाला कपड़ा एसोसिएशन के चेयरमैन संजय अरोड़ा, एडवोकेट सुमित अरोड़ा ने अज्ञात अस्थियों का पूजन करवाते हुए कहा कि वास्तव में मैं अभिभूत हुँ इस कार्य को संपन्न करते हुए क्योंकि आज के भौतिक युग में जब इंसान अपने सगे लोगों के कर्म करने से भी दूर भागता है ऐसे में श्री सनातन धर्म प्रचारक समिति के सभी सदस्यों का ये प्रयास अनुकरणीय है। समिति के अध्यक्ष महंत पंडित नीलकंठ शर्मा एवं महामंत्री महंत सुमित भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कहा कि यह समिति द्वारा लिया गया एक संकल्प है कि साल में एक या दो बार जैसे भी होगा हम इस कार्य को करते रहेंगे। यदि किसी को भी कही किसी अज्ञात अस्थियों का पता चलता है तो हमे बताए हम उनके विसर्जन की व्यवस्था करेंगे। पुष्पांजलि और पूजन में विशेष रूप से महामंडलेश्वर अनिल कौदंड, महामंडलेश्वर स्वामी धीरज, पंडित गुलशन रघुनाथ पराशर, पंडित राजकुमार भारद्वाज, पंडित शैलेन्द्र कपिल, पंडित अरुण कौडिण्य, पंडित सुनील कौशल, पंडित अमित देव वशिष्ठ, पंडित रजनीश पराशर, पंडित ओंकार विद्यासागर चूड़ामणि, पंडित अमित वत्स, पंडित राजन पराशर, पंडित राघव भारद्वाज, पंडित उद्धव कौदंड, पंडित मोहित पराशर, पंडित कन्हैया भारद्वाज, पंडित मोहित कौशल, पंडित अनिल शर्मा, शशि खुराना, दीपक जुनेजा, कृष्ण लाल ठक्कर, एडवोकेट सुमित अरोड़ा, हरविंद्र खुराना, संदेश खुराना, आदि उपस्थित रहे। इन सभी के द्वारा अज्ञात अस्थियों को पुष्पांजलि करके हरिद्वार के लिए प्रस्थान करवाया गया।

# मिशन सिन्दूर की प्रस्तुतियों पर तालियों से गूंजा जनमंच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परस्पर सौहार्द व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर निगम द्वारा सिविल डिफेंस के सहयोग से जनमंच सभागार में 'एक शाम शहीदों के नाम' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा, उपसभापति मयंक गर्ग, समा. जसेवी महेंद्र तनेजा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सरफराज खां, वाइस चेयरमैन मेला अहमद मलिक, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन राज. ेश जैन, डॉ. हंसराज सैनी, पार्षद दिग्विजय चौहान, पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलित और रिबन काटकर किया।

कार्यक्रम में एमआरएस पब्लिक स्कूल व एमआरएस एकेडमी के बच्चों ने मिशन सिंदूर पर शानदार प्रस्तुति दी तो तालियों से पूरा सभागार गूंज उठा। एलबीडी डांस एकेडमी के नन्हें बच्चों ने भी मिशन सिंदूर पर अपनी लाजवाब प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा एमएफ इण्टर कॉलेज घुन्ना व न्यू कैम्ब्रिज स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से लेकर सामाजिक सरोकारों तक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इसके अलावा दिल्वी सैनी, आशीष सिंह, आरिफ मिर्जा, इकबाल मंसूरी द्वारा भी एकल प्रस्तुति दी गयी।

जिसके लिए एमएफ इण्टर कॉलेज घुन्ना व एलबीडी डांस एकेडमी को संयुक्त रुप से प्रथम, ज्ञान कलश इण्टरनेशनल स्कूल व सेंट मेरी गर्ल्स स्कूल शारदा नगर को संयुक्त रुप से द्वितीय, तथा एमजीएम हाई स्कूल, न्यू कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल, बजाज इण्टर नेशनल स्कूल व जे वी जैन इण्टर कॉलेज को संयुक्त रुप से तृतीय घोषित किया गया। एमआरएस पब्लिक स्कूल व एमआरएस एकेडमी तथा आर्य कन्या इण्टर कॉलेज को सांत्वना स्थान के लिए चुना गया। इस अवसर पर महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा कि देश की आजादी और आजादी के बाद देश की सुरक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों को नगर निगम द्वारा आयोजित 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम भावांजलि है। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी युवा पीढ़ी में देश भक्ति का जज्बा पैदा करते हैं। कार्यक्रम के सहसंयोजक व चीफ वार्डन राजेश जैन ने कहा कि लोगों में देश भक्ति व समाज सेवा की भावना जागृत रखने के लिए काफी मददगार होते हैं।

इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. संजीव मिगलानी, डॉ. नैना मिगलानी, सुषमा बजाज व अनिल भारद्वाज तथा हिन्दुस्तान स्काउड गाइड मनोज सिंधी को उक्त अतिथियों द्वारा सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपनियंत्रक सिविल डिफेंस कश्मीर सिंह, अकमल खां बिट्टू, एमपी सिंह चावला, अर्चना रानी, सहित बड़ी संख्या में पार्षद व समाज के गणमान्य लोग शामिल रहे। संचालन नरेश सैनी ने किया।

# सेवादारों को दी गई जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** संत निरंकारी भवन के दो सेवादारों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए संचालक व शिक्षक बनाया गया।

रविवार को संत निरंकारी भवन शाखा दतौली रांघड में संचालक तथा शिक्षक बने दो सेवादारों को बैज प्रदान किए गए। ब्रांच के मुखी महेंद्र सिंह ने गांव मनोहरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह को संचालक तथा गांव दास्सा माजरा निवासी अतर सिंह को शिक्षक का बैज प्रदान किया। मुखी महेंद्र सिंह ने कहा कि सभी सेवादारों को माता सुदीक्षा के आशीर्वाद से हमेशा सेवा में लगे रहना चाहिए। सेवा का कार्य सबसे बड़ा कार्य है।

उन्होंने कहा कि हमें प्राणी मात्र में परमात्मा को देखना चाहिए। सेवा कार्य से ही व्यक्ति की पहचान बनती है। हमें किसी भी तरह की सेवा करने में पीछे नहीं हटना चाहिए। इस दौरान कंवरपाल सिंह, रामपाल सिंह, राजकुमार, ओमपाल, समुद्र सिंह, धूम सिंह आदि रहे।

CMYK


# सम्पादकीय

सोमवार, 22 सितम्बर 2025

## ट्रम्प का दोहरा चरित्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक एग्जक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए, जिससे एच-1बी वीजा व्यवस्था में बड़ा बदलाव हो गया है। अब से कोई भी शख्स अमेरिका जाने की खातिर इस वीजा के लिए आवेदन करेगा तो उसके नियोक्ता को प्रोसेसिंग के लिए 1 लाख डॉलर यानी करीब रुपये 83 लाख शुल्क देना होगा। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के लिए है और केवल सबसे कुशल विदेशी कामगार ही अमेरिका आएंगे। ट्रंप के जिस फैसले को अमेरिकियों के हित में बताया जा रहा है उसका सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर पड़ेगा, क्योंकि यह वीजा धारकों में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से ज्यादा है। हाल के वर्षों में 71.73 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारतीयों को मिले हैं, जबकि चीन का हिस्सा लगभग 11.12 प्रतिशत है। 2024 में ही भारत को 2 लाख से ज्यादा एच-1बी मिले। अनुमान है कि अगर सिर्फ 60,000 भारतीयों पर तुरंत असर पड़ता है तो सालाना भार 6 बिलियन डॉलर रुपये 53,000 करोड़ तक होगा। मध्यम स्तर के इंजीनियर, जो अमेरिका में सालाना 1.2 लाख डॉलर कमाते हैं, उनके लिए यह शुल्क उनकी आय का लगभग 80 प्रतिशत निगल जाएगा। छात्रों और रिसर्चरों के लिए भी यह रास्ता लगभग बंद हो जाएगा। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल जैसी भारतीय आईटी कंपनियां लंबे समय से एच-1बी वीजा पर अमेरिकी प्रोजेक्ट चलाती रही हैं, लेकिन नया शुल्क मॉडल अब उन्हें ऐसा करना बेहद महंगा बना देगा। कई कंपनियां काम को वापस भारत या कनाडा-मेक्सिको जैसे नजदीकी केंद्रों में शिफ्ट करने पर मजबूर होंगी। इस पर खासतौर से सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार को केवल आवेदन की लागत वसूलने की अनुमति दी है न कि इतनी बड़ी रकम थोपने की। ऐसे में यह आदेश अदालत में चुनौती का सामना कर सकता है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान उनके सलाहकार रहे और आव्रजन नीति पर एशियाई-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय भुटोरिया ने एच1-बी शुल्क बढ़ाने संबंधी ट्रंप की नई योजना से अमेरिकी प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त पर संकट मंडराने की चेतावनी दी। टैरिफ को लेकर पहले से ही जारी टेंशन के बीच भारत-अमेरिका के राजनीतिक रिश्तों पर भी इसका असर पड़ सकता है। भारत सरकार इस मुद्दे को कूटनीतिक स्तर पर जरूर उठाएगी क्योंकि लाखों भारतीय प्रभावित होंगे। ट्रंप अपने मतदाताओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि वह अमेरिकी नौकरियों की रक्षा कर रहे हैं, लेकिन भारत के साथ साझेदारी और टेक्नोलॉजी सहयोग पर इसका निगेटिव असर हो सकता है। अब 85,000 वार्षिक एच-1बी कोटा (65,000 सामान्य, 20,000 उच्च डिग्री धारकों के लिए) पर यह शुल्क लागू होगा। छोटी कंपनियां और नए स्नातक पीछे हट सकते हैं। नियोक्ता केवल उच्च वेतन वाले विशेषज्ञों को स्पॉन्सर करेंगे, जिससे अवसर और भी सीमित हो जाएंगे। विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम अमेरिका की इनोवेशन क्षमता पर टैक्स लगाने जैसा है और इससे ग्लोबल टैलेंट अमेरिका आने से कतराएगा।

### अब स्वदेशी-स्वदेशी चिल्ला रहे हैं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रहन-सहन, कपड़ा, पेन, मोबाइल उनका तौर तरीका, उनका जीवन सारा, तो विदेशी सामानों पर निर्भर है, आप अमेरिका के ऊपर निर्भर हैं, आप चीन के ऊपर निर्भर हैं, आप जापान के ऊपर निर्भर हैं, चूंकि आपको रोज ट्रम्प से जूते पड़ रहे हैं, तो अब स्वदेशी- स्वदेशी चिल्ला रहे हैं, हम लोगों को बेवकूफ समझते हो आप, क्या है स्वदेशी, स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए आपने क्या किया है, गलवान घाटी की घटना के बाद जब चीन ने हमारे बीस जवानों को चीन ने शहीद किया, तब उसके बाद भारत का चीन से व्यापार 39 लाख करोड़ का है, तो इनके मुंह से स्वदेशी शब्द ही नहीं निकलना चाहिए, अगर कोई भाजपाई स्वदेशी शब्द बोले, तो उसके मुंह में, तो छाला पड़ जाना चाहिए।

**-संजय सिंह, सांसद, आम आदमी पार्टी**

## क्या अभी भी सच नहीं दिखाई दे रहा!






**पवन सिंह**


क्या अभी भी आप सच नहीं देख पा रहे हैं? धर्म और जाति के पागलपन का एनेस्थीसिया क्या अभी भी खत्म नहीं हुआ है? क्या आपको अभी भी नहीं लगता है कि समूचे देश को एक भयावह भंवर जाल में फंसा दिया गया है? क्या अभी भी आप ईमानदारी से एक सवाल तक नहीं कर सकते हैं? किसी सत्ता की स्वामिभक्ति ने क्या आपको इतना नीचे गिरा दिया है कि अब जब देश का सम्मान और उसकी सुरक्षा तक प्रभावित होने लगी है, तब भी आप कीर्तन-भजन गा रहे हैं? कितने बहाने और स्पष्टीकरण देंगे? तय आपको करना है कि आप बतौर एक हिन्दुस्तानी देश के साथ हैं या किसी सत्ता के साथ? मौजूदा समय में यह देश एक गंभीर खतरे में है लेकिन आप देखना व समझना नहीं चाहते हैं।

H-1B वीजा का अमेरिकी खेल, पाक और सऊदी अरब के साथ समझौता और बांग्लादेश में अमेरिकी फौज की इंट्री। जो औसत दर्जे का भी समझदार नागरिक होगा और जिसे थोड़ी सी भी अपने देश को लेकर किसी कोने में मोहब्बत होगी, वह कम से कम अब तो समझ ही चुका होगा कि हमारी क्या हालत हो चुकी है। H-1B वीजा के लिए जो फीस डेढ़ हजार डॉलर थी वह अब सीधे 1 लाख डालर कर दी गई है। भारतीय रुपया जो अब लगभग मरणासन्न स्थिति में और 87-88 के आसपास टहल रहा है उसके हिसाब से इस वीजा के लिए अब लगभग 88 लाख रुपये देने होंगे। ट्रंप सरकार के इस फरमान से अमेजन, एप्पल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट, गुगल के बाद भारतीय कंपनियों जैसे-इनफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और टेक महेंद्रा जैसी कंपनियों में अफरातफरी मच चुकी है। अचानक लागू हुए इस नियम ने भारतीय एयरपोर्टों पर त्योहार के लिए आए लाखों प्रोफेशनल युवाओं को लौटती फ्लाइट से वापस अमेरिका भागने पर मजबूर कर दिया है। अब अमेरिकी और भारतीय कंपनियां अपने किसी कर्मचारी के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए शायद तैयार नहीं हैं, चूंकि ट्रंप का यह फैसला 21 सितंबर, 2025 से लागू हो रहा है ऐसे में जो जैसे आया था वह वैसे ही वापस लौट रहा है। हालात तो यह है कि लोग एयरपोर्ट पर उतरे और एयरपोर्ट के बाहर खड़े अपने मां-बाप-भाई-बहन तक से न मिल पाए। वापस जाती फ्लाइट के लिए टिकट बुक करा लिया। हालात दुखद हैं लेकिन बतौर एक देश हम सब फंस चुके हैं। आपको बता दें कि हमारे आप जैसे भारत के करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे जो देश के तमाम इंस्टीट्यूट में एक सपना लेकर पढ़ रहे हैं, उनके सामने एक गहरी निराशा है। वर्ष, 2015 से हर साल अमेरिका द्वारा जितने भी H-1B आवेदन मंजूर किए जाते रहे हैं उसमें से करीब 70 प्रतिशत से अधिक आवेदन भारतीयों के होते हैं। ऐसी स्थिति में आगे क्या होगा, यह सोचना ही भयावह है। ट्रंप ने जिस आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, वह अमेरिकी मीडिया ने प्रकाशित किया है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष, 2000 से वर्ष, 2019 के मध्य अमेरिका में विदेशी STEM यानी साइंस, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व मैथ प्रोफेशनल्स की संख्या जो कि 12 लाख हुआ करती थी वह 25 लाख हो गई। बकौल ट्रंप, IT कंपनियों ने H-1B वीजा सिस्टम में हेर-फेर किया है। H-1B वीजा प्रोग्राम के तहत IT प्रोफेशनल्स का पिछले पांच सालों में बढ़कर 65 प्रतिशत से ज्यादा हो गया हो। आंकड़ों को देखें तो वर्ष, 2022, अक्टूबर से वर्ष, 2023, सितम्बर के बीच, H-1B के तहत जारी, करीब 4 लाख वीजा में से 72 प्रतिशत वीजा केवल भारतीयों को मिले। यहां यह भी बता दूं कि अमेरिका में भारत की चार बड़ी IT कंपनियों ने जबरदस्त पैर जमा रखें हैं इनमें इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल व विप्रो में ही कार्यरत 20 हजार लोगों को नौकरी मिली, मतलब H-1B वीजा की मंजूरी मिली। इसके दो बड़े नुकसान होंगे, पहला-यह कि अमेरिका में भारतीय प्रोफेशनल्स कम हो जाएंगे और परिणामस्वरूप भारतीय आईटी कंपनियों को अमेरिकी कॉन्ट्रेक्ट भी कम मिलेंगे। फिलहाल ताजा-ताजा यह हुआ है कि दीपावली की लंबी छुट्टी में तमाम भारतीय शादियों के लिए भी आते थे, वह सब कैंसिल हो चुकी हैं। बंगलौर, हैदराबाद, चेन्नई और अहमदाबाद आदि शहरों के वेडिंग प्लेसेज के कैंसिलेशन कि खबर मीडिया पर आएगी, ऐसी उम्मीद करता हूं। हालांकि, यह उम्मीद करना बेकार है। हां! H-1B में जो बदलाव हुए हैं, उसके लाभ जरूर मीडिया गिनवाएगा। इसी बीच एक और बड़ी घटना हुई है और वह है पाक-सऊदी रक्षा समझौता। विगत 11 सालों में हम कूटनीतिक मोर्चे पर ऐसा पिटे हैं कि पड़ोस का नेपाल भी साथ नहीं है। सऊदी अरब अब खुलकर भारत के खिलाफ पाकिस्तान को आर्थिक और सैन्य मदद कर सकता है। पाकिस्तान व सऊदी अरब के साझा रक्षा समझौते के अनुसार अब यदि कोई देश पाक या सऊदी पर हमला करता है तो उसे साझा हमला यानी दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। गले मिलने और गले पड़ने व फोटो सेशन व शूटिंग-शर्टिंग में कब हम सब कुछ अंतराष्ट्रीय स्तर पर खोते चले गए, पता ही नहीं चला। बिकाऊ पत्रकारों की भांडगिरी ने कहीं का नहीं छोड़ा है। पाकिस्तान कूटनीतिक मोर्चे पर देखते ही देखते फर्राटा भर रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपनी रियाद यात्रा के दौरान सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात के बाद ऐसा कोई स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट करने वाले हैं, इसकी कानों-कान भारत को खबर तक न लगी। लगती भी कैसे। निर्वाचन आयोग से लेकर सभी संवैधानिक संस्थाओं को रौंदने के अभियान पर जो ध्यान है। पाकिस्तान ने एक झटके में मुस्लिम देशों के बीच अपनी छवि को पुख्ता कर डाला। उसने साऊदी अरब के साथ अपने परमाणु हथियारों को ठेके पर देने की डील कर डाली और इशारा कर दिया कि मुस्लिम ब्रदरहुड की छतरी के नीचे उसके परमाणु हथियार उन्हें सुरक्षा देंगे। इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की एक बेहद सधी हुई प्रतिक्रिया आई हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए वचनबद्ध हैं और इस पर अध्ययन कर रहे हैं।ष एक सवाल जेहन में आता है कि यदि अब भारत पाकिस्तान के खिलाफ अगर कोई सैन्य आपरेशन करता है तो साऊदी अरब की प्रतिक्रिया क्या होगी? यहां यह बता दूं कि पहलगाम की घटना के बाद भारत ने जब पाकिस्तान पर हमला किया तो चीन व तुर्की ने पाकिस्तान की खुलकर मदद की। वह अलग बात है कि हम उसी चीन के पाले में खड़े होकर दांत चियार रहे हैं। पाकिस्तान के पीछे चीन खुलकर खड़ा है और सऊदी अरब के पीछे अमेरिका खड़ा है। अमेरिकी-भारत रिश्ते कहां खड़े हैं, यह सामने है। रक्षा विशेषज्ञ मेजर जनरल अशोक कुमार (रिटा) ने तमाम भारतीय मीडियाकर्मियों से कहा कि साऊदी-पाक का यह रिश्ता एक दिन में नहीं बना है, यह सालों से चली आ रही बातचीत का नतीजा है और यह समझौता ऐसे वक्त पर हुआ है जब गाजा संकट के बीच इजरायल ने कतर पर हमला किया है। इस समझौते में चीनी, रूसी खेल भी हो सकता है। उधर रूस का भी पाकिस्तान के प्रति झुकाव, भारतीय संदर्भों में हमारी कूटनीति की शवयात्रा निकाली चुका है। उधर, बांग्लादेश में भी तख्तापलट हुआ और इधर खबर तक न लगी उस पर ताजा खबर यह है कि बांग्लादेश में अमेरिकी फौज उतर चुकी है। हमारी हालत यह है कि हम पर अब न अमेरिका को भरोसा रहा न रूस को और चीन तो शातिर है ही। पड़ोसी नेपाल, लंका, बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव। कोई भी साथ नहीं। सब के सब चीन की ओर मुखातिब हो चुके हैं। फोटोग्राफी सेशन, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, लाइट, कैमरा, एक्शन, बाबाओं के आश्रमों की भीड़ और मीडिया का कीर्तन-भजन। एन-केन सत्ता पर पकड़। बस इससे ज्यादा फाग हमारे यहां नहीं चल रहा है। हालत निबरे की जोइया सबकी सरहज वाली है। यानी गरीब की पत्नी से हर आदमी मजाक कर लेता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## गुलाब दिवसः कैंसर योद्धाओं का संघर्ष

**कैंसर के संबंध में यह जानना जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है लेकिन यदि इसका सही समय पर पता लगा लिया जाए तो उपचार संभव है। इसी कारण लोगों को कैंसर तथा इसके कारणों के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जाती रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर के कुछ प्रमुख कारणों में वजन बढ़ना या मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, धूम्रपान, अल्कोहल तथा नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार न लेना, नियमित व्यायाम न करना इत्यादि शामिल हैं। यह एक ऐसी खामोश बीमारी है, जिसके कभी-कभार कोई लक्षण सामने नहीं आते किन्तु कैंसर के अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं।**



**योगेश कुमार गोयल**

22 सितम्बर को दुनियाभर में विश्व गुलाब दिवस मनाया जाता है। हालांकि इस दिवस के नामकरण से प्रतीत होता है, मानो यह दिवस गुलाब रोज की विभिन्न किस्मों के बारे में जानने के लिए ही मनाया जाता हो लेकिन वास्तव में यह दिन कैंसर से लड़ रहे लोगों में आशा और उत्साह का संचार करने के लिए समर्पित है। गुलाब का फूल चूंकि खुशी का प्रतीक होता है, इसीलिए इस दिन कैंसर मरीजों और उनकी देखरेख करने वालों को गुलाब का फूल देकर संदेश दिया जाता है कि कैंसर जिंदगी का अंत नहीं है बल्कि कैंसर से न केवल लड़ा जा सकता है बल्कि लड़कर जीत भी हासिल की जा सकती है। गुलाब का फूल देकर उन्हें अहसास कराया जाता है कि उनकी जिंदगी भी फिर से गुलाब जैसी ही महक और खिल सकती है, बस जरूरत है कैंसर से दृढ़तापूर्वक लड़ने के जज्बे की। वास्तव में इस दिवस के माध्यम से लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया जाता है कि प्राणघातक बीमारी कैंसर से जूझ रहे मरीजों का दुख बांटने का छोटा सा प्रयास करके भी हम उन्हें बड़ा संबल प्रदान कर सकते हैं। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य कैंसर रोगियों को कैंसर से लड़ने की प्रेरणा शक्ति और उन्हें खुशियां देना ही है। दरअसल कैंसर एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जो व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और आर्थिक रूप से भी तोड़ देती है।

हालांकि दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो स्वयं इस बीमारी से जूझते हुए भी अपनी बहादुरी और सकारात्मक के चलते दूसरे कैंसर मरीजों के लिए मिसाल बन जाते हैं। ऐसी ही एक बहादुर बच्ची थी कनाडा की 12 वर्षीया मेलिन्डा रोज, जिसे 1994 में मात्र 12 साल की आयु में ही घातक रक्त कैंसर (अस्किन्स ट्यूमर) हो गया था। मेलिन्डा कैंसर से आखिरी जंग लड़ रही थी और डॉक्टरों ने कह दिया था कि वह दो सप्ताह से ज्यादा जीवित नहीं रह पाएगी लेकिन उस छोटी बच्ची ने हार नहीं मानी तथा न केवल करीब 6 महीने तक जीवित रही बल्कि अन्य कैंसर पीड़ितों के लिए भी अद्भुत मिसाल बन गई। मेलिन्डा ने यह 6 महीने कैंसर से जूझ रहे मरीजों के साथ ही बिताए और नोट्स, कविताओं तथा ई-मेल के जरिए उन लोगों को खुश रखने के प्रयास किए तथा अपने इस जज्बे से बहुत सारे लोगों को प्रभावित भी किया। सितम्बर 1994 में इस बच्ची ने सबका साथ छोड़कर दुनिया को अलविदा कह दिया लेकिन कैंसर पीड़ितों को जिंदगी से लड़ने की हिम्मत रखने का हौंसला दे गई। 22 सितम्बर को कैंसर रोगियों के कल्याण के प्रति समर्पण के रूप में मेलिन्डा रोज की ही स्मृति में विश्व गुलाब दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को कैंसर की शुरुआती पहचान तथा रोकथाम के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक दिन के रूप में भी मनाया जाता है, जो न केवल इलाज कर सकता है बल्कि कई विकृतियों से भी बचा सकता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना तथा कैंसर रोगियों को यह संदेश देना है कि भले ही इस बीमारी से वह अकेले लड़ रहे हैं लेकिन मानसिक तौर पर हम भी उनके साथ खड़े हैं। हमारे बीच ऐसे बहुत से लोग मिल जाएंगे, जो कैंसर के दर्दनाक इलाज को झेलने के बाद भी हंसते-खिलखिलाते नजर आते हैं। ऐसे लोग कैंसर से जूझ रहे अन्य मरीजों के मनोबल को बढ़ाते हुए उनके अंदर भी फिर से जीने की उम्मीद जगाने का प्रयास करते हैं। वास्तव में किसी को जीने की आशा देना जीवन का सबसे बड़ा हिस्सा हो सकता है और इसीलिए ऐसे लोग सम्मान के बड़े हकदार हैं। कैंसर से लड़ने और इस पर विजय पाने के दुनिया भर में अनेक चिकित्सीय उपाय हो रहे हैं और शोधकर्ताओं के प्रयासों के चलते कैंसर का शुरूआती चरण में इलाज अब संभव भी है। कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को एक असाध्य अर्थात् लाइलाज रोग के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब यदि समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो इसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व



**विनीत नारायण**



आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजोंकृजैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमेरिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है।

अमेरिका, जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।

जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमेरिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।

यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिणकृजो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता है अब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।

जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, ह्चीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलू सरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं। यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।

चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांट यह निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनीतिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है। पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशिया अब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में है। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? ये देश चीन की ओर झुक रहे हैं। भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी मेक इन इंडिया और प्लेड्ज फॉर क्लाइमेट पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिए जैसे लिथियम खनन और बैटरी रिसाइक्लिंग में निवेश। अमेरिका की यह भूल नई नहीं है। 20वीं सदी में जापान ने इलेक्ट्रॉनिक्स में अमेरिका को पीछे छोड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता दी। आज चीन स्वच्छ ऊर्जा में वही कर रहा है।

जेन्सेन की वीडियो एक चेतावनी हैरू जो देश बिजली उत्पादन में आगे होगा, वही एआई और अगली औद्योगिक क्रांति जीतेगा। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगीकृईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी है जीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए, ताकि हम न केवल पर्यावरण बचाएं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता भी हासिल करें। समय आ गया है कि दुनिया एकजुट होकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए अन्यथा, इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ऐतिहासिक मोड़: तीन और देशों की फलस्तीन को मिली मान्यता

## कहा: फैसले से इजरायल के गाजा में अवैध कब्जे खत्म करने और शांति लाने में मदद मिलेगी

**भारत-चीन समेत अब तक दुनिया के 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को दे चुके हैं देश की मान्यता**



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार को ऐलान किया कि ब्रिटेन ने फलस्तीन को एक आजाद देश के तौर पर औपचारिक मान्यता दे दी है। इसके साथ ही कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने भी फलस्तीन को स्वतंत्र देश की मान्यता देने की घोषणा की।

ब्रिटेन का कहना है कि यह कदम इजरायल के अवैध कब्जे को खत्म करने और शांति लाने में मदद करेगा। इसके तहत एक नई फलस्तीनी सरकार इजरायल के साथ मिलकर काम करेगी। इसमें हमास का कोई प्रभाव नहीं होगा। भारत-चीन अब तक दुनिया के 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को देश की मान्यता दे चुके हैं। ब्रिटेन ने कहा कि यह फैसला इजरायल को सजा देने के लिए नहीं लिया गया है, लेकिन अगर इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा में सैन्य कार्रवाई को कम हिंसक तरीके से और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हुए किया होता, तो शायद यह कदम न उठाया जाता। इससे पहले ब्रिटिश डिप्टी पीएम डेविड लैमी ने कहा था कि अगर ब्रिटेन फलस्तीन को मान्यता देता है, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि कोई नया देश तुरंत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मान्यता सिर्फ एक शांति प्रक्रिया का हिस्सा है। लैमी ने बताया कि ऐसा कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि 'टू स्टेट सॉल्यूशन' की उम्मीद बनी रहे। टू स्टेट सॉल्यूशन इजरायल और फलस्तीन के बीच लंबे समय से चल रहे संघर्ष को सुलझाने का एक प्रस्तावित तरीका है। इस के तहत, इजरायल और फलस्तीन दोनों को अलग-अलग, स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दी जाएगी। स्टार्मर ने पहले कहा था कहा है कि फलस्तीन को मान्यता देना किसी भी तरह से हमास की जीत नहीं है। उनका कहना है कि भविष्य में फलस्तीन के शासन में हमास की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। स्टार्मर ने जुलाई में कहा था कि ब्रिटेन फलस्तीन को मान्यता तभी देगा, जब इजरायल और हमास के बीच सीजफायर हो, गाजा में मानवीय मदद पहुंचाई जाए, इजरायल पश्चिमी तट पर कब्जे से पीछे हटे और शांति प्रक्रिया के लिए तैयार हो। यानी ऐसा समाधान हो जिसमें इजरायल और फलस्तीन दोनों अलग-अलग देशों के रूप में साथ रह सकें। लेकिन जुलाई के बाद हालात और बिगड़े हैं, खासकर कतर पर हमले के बाद। ऐसे में अब सीजफायर की संभावना और कम हो गई है। ब्रिटिश पीएम यह फैसला ऐसे समय में ले रहे हैं, जब अमेरिका के कई राजनेता ब्रिटेन पर ऐसा न करने का दबाव डाल रहे हैं। उनका कहना है कि इससे न सिर्फ इजरायल की सुरक्षा पर असर पड़ेगा, बल्कि गाजा में हमास के कब्जे में बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों की स्थिति भी और कठिन हो जाएगी।

## अमेरिका अंतरिक्ष दौड़ में पिछड़ रहा: रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की चंद्र परियोजना में देरी के कारण अमेरिका अंतरिक्ष की दौड़ में पीछे हो रहा है। स्पेसएक्स का चंद्र मिशन के लिए नासा के साथ करार है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से यह जानकारी दी है। समाचार पत्र ने कहा कि स्पेसएक्स की चंद्र लैंडर परियोजना अपने तय समय इतनी पीछे है कि इस बात पर शक बढ़ रहा कि अमेरिका चीन को मात दे पाएगा। चीन की अपनी योजना और लैंडिंग की तारीख 2030 तय है। समाचार पत्र से बात करने वाले नासा के पूर्व अधिकारियों के मुताबिक स्पेसएक्स का रॉकेट स्टारशिप इस मिशन के लिए कई सालों में तैयार हो पाएगा। स्टारशिप द्वारा अब तक अंतरिक्ष यात्रियों या वाणिज्यिक माल ढोना बाकी है और हाल ही में हुए तीन से चार परीक्षणों के दौरान इसमें विस्फोट हो चुका है।



प्रयागराज। नवरात्रि उत्सव से पहले एक कुम्हार मिट्टी के बर्तन तैयार करता हुआ।

## इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह कार्यकर्ता ढेर

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक नागरिक कार पर इज़रायली हवाई हमले में शनिवार को एक हिजबुल्लाह कार्यकर्ता मारा गया। लेबनानी अधिकारियों और सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक लेबनानी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि एक इज़रायली ड्रोन ने लेबनान के दक्षिणी सीमा क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र में खरदाली-मरजायून सड़क पर एक कार को निशाना बनाया, जिसमें काफ़र किला गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। लेबनान सेना की खुफिया एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि पीड़ित हसन शाहरूर नाम का एक हिजबुल्लाह कार्यकर्ता था।

# H-1B वीजा: डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले पर यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स ने जताई चिंता

## व्यापार संगठन ने कहा: कर्मचारियों, उनके परिवारों व कंपनियों पर इस कदम का पड़ेगा असर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी चैंबर ऑफ कामर्स ने एच-1बी वीजा को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के नए नियमों पर चिंता जताई है। व्यापार संगठन ने कहा कि कर्मचारियों, उनके परिवारों और कंपनियों पर इस कदम का असर पड़ेगा।

कृउसने बताया कि वह ट्रम्प प्रशासन और अपने सदस्यों के साथ मिलकर इस फैसले के सभी पहलुओं को समझने की को. शिश कर रहा है और आगे का रास्ता तय करने पर विचार कर रहा है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एच-1बी वीजा आवेदन करने के लिए कंपनियों को एक लाख अमेरिकी डालर का शुल्क (फीस) देना होगा। यह नियम एच-1बी के लिए नए आवेदन पर लागू होगा। यानी पहले से दायर आवेदन नहीं लागू होगा। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने स्पष्ट किया कि यह नया शुल्क केवल उन आवेदनों पर लागू होगा, जो 21 सितम्बर के बाद किए जाएंगे। जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा। यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ बी. एडलो ने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने इसकी पुष्टि की और बताया कि यह शुल्क एक बार के लिए है, कोई वार्षिक शुल्क नहीं है। उन्होंने कहा कि यह नियम केवल नए वीजा आवेदनों पर लागू होगा, न की नवीकरण या पहले से जारी वीजा पर। उन्होंने यह भी बताया कि जो एच-1बी वीजा धारक अभी अमेरिका से बाहर हैं, उनसे यह शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसे लोग पहले की तरह अमेरिका में आ-जा सकते हैं, उनके आने-जाने पर कोई नई रोक नहीं लगाई गई है। यह नियम अगले वीजा लाटरी चक्र से लागू किया जाएगा।




**जिन लोगों के आवेदन पहले ही आ चुके हैं या जिनके वीजा पहले से मंजूर हैं, उन पर कोई असर नहीं होगा**

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब में छत गिरने से सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को एक निजी अकादमी की छत गिरने से पांच बच्चों समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांत के हाफिजाबाद जिले में हुई, जिले के पुलिस प्रमुख आतिफ़ नज़ीर कादर ने मीडिया को बताया। उन्होंने बताया कि मृतकों में अकादमी चलाने वाली महिला और उसका बेटा भी शामिल हैं। रिपोर्टों के अनुसार, बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। मलबे से सात शव बरामद किए गए, जबकि कई घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### फिलीपींस में सैनिकों के हाथों दो विद्रोही मारे गए

**मनीला।** फिलीपींस के मध्यवर्ती भाग में शनिवार को सैनिकों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध विद्रोही मारे गए। सेना ने बताया कि कैपिज प्रांत के टापाज शहर में एक सैन्य अभियान के दौरान सुबह 7:45 बजे न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के सात कथित सदस्यों के साथ सैनिकों की मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो विद्रो. ही मारे गए। इस मुठभेड़ में हालांकि सेना का कोई भी सदस्य जख्मी नहीं हुआ। सेना ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से तीन राइफल और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद हुए हैं। उल्लेखनीय है कि एनपीए 1969 से ही सरकार के खिलाफ लगातार विद्रोह कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हालांकि एनपीए के सदस्यों की संख्या लगातार घट रही है।

### हेग में दंगों में 30 लोग गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मी घायल

**द हेग।** नीदरलैंड के शहर द हेग में दंगे के दौरान घायल हुए दो पुलिसकर्मियों के मामले में कम से कम 30 लोग हिरासत में लिए गए हैं। शहर के मेयर, पुलिस प्रमुख और अभियोजक ने इसकी जानकारी दी है। हेग के मेयर जान वैन जेनन ने अलगेमीन डागब्लाड अखबार के हवाले से कहा कि हमें एक अभूतपूर्व हिंसा का सामना करना पड़ा। इसके कारण शांतिपूर्ण प्रदर्शन को तितर-बितर करना पड़ा क्योंकि वहां मौजूद लोगों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। मेयर के मुताबिक नीदरलैंड के सभी असामाजिक तत्व प्रदर्शन में शामिल हो गए।

## गाजा में इजरायली हमले जारी, मारे गए 60 फलस्तीनी

**■ इजरायल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया**


**येरुशलम।** गाजा सिटी और पूरे गाजा पट्टी में इजरायल का सैन्य अभियान जारी है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ताजा हमलों में कम से कम 60 फलस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना जमीन के नीचे बने सुरंगों और बम से जाल बिछाए गए ढांचों को नष्ट कर रही है।

इसी बीच, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन और कनाडा समेत 10 देश सोमवार को औपचारिक रूप से फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने वाले हैं। यह घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले होगी। इजरायल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया है। सेना का दावा है कि सितम्बर की शुरुआत से अब तक 20 ऊंची इमारतें ध्वस्त की गई और 5 लाख से ज्यादा लोग गाजा सिटी छोड़ चुके हैं। वहीं, हमास का कहना है कि करीब 3 लाख लोग ही शहर से गए हैं और 9 लाख लोग अब भी मौजूद हैं, जिनमें इजरायली बंधक भी शामिल हैं। हमास का आरोप है कि 11 अगस्त से अब तक 1,800 से ज्यादा आवासीय इमारतें और 13,000 से अधिक शरणार्थी टेंट नष्ट किए गए हैं।

## ट्रम्प ने बगराम एयरबेस पर नियंत्रण को लेकर अफगान को धमकाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अफगानिस्तान को धमकी देते हुए चेताया है कि अगर उसने बगराम एयरबेस तुरंत वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस को संयुक्त राज्य अमे. रिका को वापस नहीं किया तो उसे बुरे नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बगराम एयरबेस काबुल से लगभग 50 किलोमीटर उत्तर में स्थित है और यह दो दशकों तक अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो के अभियानों का केंद्र था।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने की खुद के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग



**■ फिर भारत-पाक संघर्ष रुकवाने की बात दोहराई**

**वाशिंगटन/न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार के जरिए रोक दिया। ट्रम्प ने यहां तक कहा कि उन्होंने सात बड़े युद्धों को समाप्त कराया है और इसके लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।

ट्रम्प ने शनिवार को अमेरि. कन कार्नरस्टोन इंस्टीटयूट फाउंडर डिनर में कहा कि दुनिया में अमेरिका को अब पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिल रहा है। हम शांति समझौते कर रहे हैं और युद्ध रोक रहे हैं। हमने भारत और पाकिस्तान, थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध रोके हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार के जरिए रुकवाया। सोचिए भारत और पाकिस्तान के बारे में। मैंने उनसे कहा कि अगर वे लड़ाई करेंगे तो हम उनके साथ कोई व्यापार नहीं करेंगे। उनके पास परमाणु हथियार हैं और अगर वे व्यापार चाहते हैं, तो उन्हें शांति बनाए रखनी होगी। ट्रम्प ने दावा किया कि इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव कम हो गया। बता दें कि ट्रम्प लगभग 20 से ज्यादा मौकों पर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने का दावा कर चुके हैं। जबकि भारत ने शुरुआत से स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच आपसी बातचीत के बाद संघर्ष रोका गया है और इसमें किसी तीसरे देश ने मध्यस्थता नहीं की है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इस दौरान उन देशों की सूची भी गिनाई, जहां उन्होंने युद्ध रोकने का दावा किया। इसमें भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, कोसा. वो-सर्बिया, इजरायल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया और रवांडा-कांगो हमने ये सभी युद्ध रोके। इनमें से 60 प्रतिशत युद्ध हमने केवल व्यापार के जरिये रोके।

## चीन में कोरोना की खबर दिखाने वाली पत्रकार को फिर चार साल की जेल

**बीजिंग।** चीनी पत्रकार झांग झान को वुहान में कोविड-19 की शुरुआती हालात की खबरें दिखाने के लिए फिर से 4 साल की जेल की सजा दी गई है। यह जानकारी प्रेस की आजादी के लिए काम करने वाले संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बार्डर्स (आरएसएफ) ने दी। 42 साल की झांग झान को 'लड़ाई-झगड़ा करने और परेशानी पैदा करने' के आरोप में सजा मिली। 2020 में इसी आरोप में उनकी गिरफ्तारी हुई थी, तब उन्होंने वुहान में कोरोना वायरस के फैलने की खबरें और वीडियो सोशल मीडिया पर डाले थे। आरएसएफ की अधिकारी अलेक्सांद्रा बिएलाकोव्स्का ने कहा-झांग झान को दुनिया भर में सम्मान मिलना चाहिए, न कि जेल में कठिन हालात झेलने चाहिए। उनकी मुश्किलें खत्म होनी चाहिए। दुनिया के देशों को चीन पर दबाव डालकर उन्हें तुरंत रिहा करवाना चाहिए। झांग को मई 2020 में गिरफ्तार किया गया था, तब उन्होंने वुहान के भरे हुए अस्पतालों और खाली सड़कों की तस्वीरें और वीडियो दिखाए थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ॐ शक्ति स्वरुपा मां दुर्गा जी की स्तुति। ॐ
या देवी सर्वभुतेषु शक्तिरुपेण संस्थिता॥
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।
शारदीय नवरात्र महोत्सव
श्री माँ दुर्गा महोत्सव-2025
शुभारम्भ- दिनांक 22 सितम्बर 2025, समापन- 30 सितम्बर 2025
स्थान : श्री वासुदेव तीर्थस्थल, अमरोहा (उ.प्र.)

शैलपुत्री
दिनांक 22 सितम्बर 2025 सोमवार प्रथम नवरात्र
प्रातः काल 9 बजे कलश स्थापना व ज्योति प्रज्जवलन
प्रातः काल 10:06 बजे मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा अभिषेक,
हवन रात्रि 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि भजन आगन्तुक
श्री मेघराज जागरण पार्टी के कलाकार माँ का गुणगान करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

ब्रह्मचारिणी
दिनांक 23 सितम्बर 2025 मंगलवार द्वितीय नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री राहुल कुमार जागण पार्टी, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियां
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

चन्द्रघंटा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 बुधवार तृतीय नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री जय दक्ष प्रजापति एण्ड पार्टी, अमरोहा
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे
एवं झाँकियों का प्रस्तुतिकरण भी करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

कुष्मांडका
दिनांक 25 सितम्बर 2025 गुरूवार चतुर्थ नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री मधुर श्याम संकीर्तन मण्डल पार्टी
द्वारा रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे व झांकियां,
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

स्कन्दमाता
दिनांक 26 सितम्बर 2025 शुक्रवार पंचम नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री लवीन गुप्ता एण्ड पार्टी, बुलन्दशहर
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे
एवं झाँकियों का प्रस्तुतिकरण भी करेंगे।
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

दुर्गाषष्ठी पूजन
दिनांक 27 सितम्बर 2025 शनिवार षष्ठी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री अग्रवाल जागरण पार्टी, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

महासप्तमी पूजन प्राण प्रतिष्ठा/सरस्वति आह्वान
दिनांक 28 सितम्बर 2025 रविवार अष्टमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
श्री सुमित शर्मा जागरण पार्टी, गजरौला
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

महा अष्टमी पूजन
दिनांक 29 सितम्बर 2025 सोमवार अष्टमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, बलिदान पूजन 7:06 से 7:30 बजे रात्रि,
श्री रोहित महाकाल झांकी आर्ट ग्रुप, मुरादाबाद
रात्रि 8:15 से झांकियाँ, जलरास, फूलों की होली
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण

नवमी पूजन
दिनांक 30 सितम्बर 2025 मंगलवार नवमी नवरात्र
हवन सायंकाल 7:30 बजे, आरती 8:00 बजे रात्रि,
दूरदर्शन व Zee TV कलाकार, झांकी सम्राट
श्री सांवरिया एण्ड पार्टी, बदायूं
रात्रि 8:15 से माँ का गुणगान करेंगे एवं झांकियाँ
रात्रि 11:00 बजे आरती व प्रसाद वितरण
दिनांक 01 अक्टूबर 2025 बुधवार, विजयदशमी पूजन
प्रातः 8:00 बजे से 9:00 बजे तक कलश/मूर्ति विसर्जन
वासुदेव तीर्थ स्थित सरोवर में किया जायेगा।

सिन्दूर उत्सव
समन्वयक : विद्यानन्द झा पुजारी जी
पूजा प्रभारी- पं0 गौरी शंकर शर्मा, पं0 सार्थक शास्त्री (पौड़ी वाले), पं0 कुनाल शास्त्री (हरियाणा वाले)
संयोजक -अनिल जग्गा, प्रदीप रस्तौगी, सचिन शर्मा, राकेश कपूर, स्टेज प्रभारी- अनिल जग्गा, राहुल लड्डा
संचालक - दक्ष प्रजापति
प्रभारी प्रसाद वितरण- पं0 अजेन्द्र शुक्ला, रवि शारदा, नवनीत माहेश्वरी, रजत माहेश्वरी, अर्चित लाठे, संकेत टन्डन, मनीष टन्डन, इं0 शुभम वर्मा
आयोजक : श्री वासुदेव तीर्थ प्रबंध समिति, अमरोहा